राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-113
लखनऊ, रविवार 10 दिसम्बर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य-₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एमपी और छत्तीसगढ़ के आदिवासी मंत्र के सहारे झारखंड को जीतने का प्रयास 12
भ्रष्टाचार की काली कमाई से अपनी जेब भर रहे कांग्रेस नेता : भूपेन्द्र 03

# चिंताएं अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई : मोदी

**सम्बोधन**

- देश, देशवासियों के हित पर आधारित सरकार की नीतियों का फल है ऊंची वृद्धि : प्रधानमंत्री

एजेंसी।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत की जोरदार आर्थिक वृद्धि दर का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि देश की यह तेज वृद्धि उनकी सरकार की देश और देशवासियों के हित पर आधारित आर्थिक नीतियों का नतीजा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड19 महामारी के दौरान भारत के सूझबूझ भरे राजकोषीय और मौद्रिक कदमों तथा विकासमूलक बुनियादी सुधारों का फायदा देश की अर्थव्यवस्था को आज मिल रहा है।

श्री मोदी फिनटेक पर एक वैश्विक विचार नेतृत्व मंच, इन्फिनिटी फोरम के दूसरे संस्करण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 7.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि आज भारत की आर्थिक वृद्धि की गाथा ने दुनिया को दिखाया है कि जब नीति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जब सुशासन के लिए पूरी ताकत लगायी जाएग, जब देश और देशवासियों का हित ही आर्थिक नीतियों का आधार हो , तो क्या नतीजे मिलते हैं।

सरकार के तत्वावधान में इन्फिनिटी फोरम का यह कार्यक्रम आगामी वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के पहले के कार्यक्रम के रूप में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) और गिफ्ट सिटी, अहमदाबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। 'गिफ्ट-आईएफएससी : नर्व सेंटर फॉर न्यू एज ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन को आडियो विजुअल माध्यम से संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि दिसंबर 2021 में इन्फिनिटी फोरम के पहले संस्करण के आयोजन के दौरान वैश्विक आर्थिक स्थिति कोविड19 महामारी और अनिश्चितता से प्रभावित थी। उन्होंने कहा कि वे चिंताएं अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है। श्री मोदी ने भू-राजनीतिक तनाव, उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ते ऋण स्तर की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,÷ गत सितंबर में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने कहा था कि वर्ष 2023 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि में अकेले 16 प्रतिशत का योगदान भारत का होगा। विश्वबैंक का भी कहना है कि ÷वैश्विक चुनौतियों के बीच, भारत से काफी उम्मीदें हैं। श्री मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के इस बयान को भी स्वीकार किया कि भारत वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।



**देश के हर कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर उत्साह**

पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। देश के हर कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर उत्साह है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि इतने कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 40 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची है। देशभर में करोड़ों परिवारों को हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है।

**भारत दुनिया के लिए आशा की किरण, यह इसकी मजबूत अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों के परिवर्तनकारी सुधारों का परिणाम**

पीएम मोदी देश में लालफीताशाही कम होने से निवेश के बेहतर अवसर पैदा होने के बारे में विश्व आर्थिक मंच की टिप्पणी पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भारत दुनिया के लिए आशा की किरण है, यह इसकी मजबूत अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों के परिवर्तनकारी सुधारों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दुनिया जब (महामारी के दौर में) राजकोषीय और मौद्रिक राहत में लगी थी , भारत के दीर्घकालिक विकास और आर्थिक क्षमता विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया। देश को आज उसका फायदा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण बढ़ाने के महत्व को जानता है, देश में कई क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की नीति में ढील दी गयी है, नियम प्रकियाओं के अनुपालन के बोझ में कमी लायी गयी है और भारत ने 3 नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी और आईएफएससीए भारतीय और वैश्विक वित्तीय बाजारों को एकीकृत करने के लिए एक बड़े सुधार का हिस्सा है। श्री मोदी ने कहा कि गिफ्ट सिटी नवाचार, दक्षता और वैश्विक सहयोग के नए मानक स्थापित करेगा।

## आईएसआईएस के 15 आतंकवादी गिरफ्तार

**सफलता**

- आईएसआईएस एजेंटों पर एनआईए की बड़ी कार्रवाई

एजेंसी।

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के खिलाफ जारी मुहिम में शनिवार को बड़ी सफलता प्राप्त की और महाराष्ट्र तथा कर्नाटक में बड़े स्तर पर व्यापक छापे मारकर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के 15 गुर्गों को गिरफ्तार किया।

एजेंसी ने यहां एक बयान में कहा कि उसकी टीमों ने आज सुबह महाराष्ट्र के पडघा-बोरीवली, ठाणे, मीरा रोड और पुणे और कर्नाटक के बेंगलुरु में 44 स्थानों पर छापे मारे और आतंक और आतंक से संबंधित कृत्यों और प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एजेंसी ने इस दौरान भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी, आग्नेयास्त्र, तेज धार वाले हथियार, आपत्तिजनक दस्तावेज, स्मार्ट फोन और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किए गए।

बयान में कहा गया कि आईएसआईएस के आतंक के हिंसक




कृत्यों को अंजाम देना और निर्दोष लोगों की जान लेने के प्रयासों को बाधित करने तथा ध्वस्त करने के एनआईए के चल रहे प्रयासों के तहत की गई छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी, आग्नेयास्त्र, तेज धार वाले हथियार, आपत्तिजनक दस्तावेज, स्मार्ट फोन और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। एनआईए की जांच के अनुसार आरोपी अपने विदेशी आकाओं के निर्देश पर आईएसआईएस के हिंसक और विनाशकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आईईडी के निर्माण सहित विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मऊ दीवार हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई सात

**समृद्धि न्यूज, मऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जनपद के घोसी कोतवाली क्षेत्र में दीवार गिरने के कारण हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवार को 2 लाख व घायलों को 50 हज़ार रूपये की सहायता राशि जारी किये जाने की घोषणा की।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 3.59 करोड़ लाभार्थी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत 3.59 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का नामांकन किया गया है।
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की संसद में रखी एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में इस योजना के प्रारंभ होने से लेकर दो दिसंबर 2023 तक 3.21 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 14,428.35 करोड़ रुपये से अधिक के मातृत्व लाभ वितरित किए गए हैं। इसमें केंद्र और राज्य दोनों के हिस्से शामिल हैं।

### फिरोजपुर सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन बरामद

**एजेंसी, जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब में फिरोजपुर जिले के रोहिल्ला हाजी गांव से एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को देर रात बीएसएफ के जवानों ने मबोक के पास एक संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि को देख तुरंत प्रतिक्रिया दी और ड्रोन को रोकने के लिए उस पर गोलीबारी की। प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार सुबह इलाके की तलाशी के दौरान, सुबह लगभग 07:25 बजे, बीएसएफ के जवानों ने गांव रोहिल्ला हाजी के खेत से एक होल्ड और रिलीज मैकेनिज्म के साथ एक छोटा ड्रोन बरामद किया। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर (मॉडल – डीजेआई माविक 3 क्लासिक, चीन में निर्मित) है।

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि दोनों की पहचान हरियाणा के मूल निवासी अनीश (23) और 15 वर्षीय किशोर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनों जबरन वसूली के लिए दक्षिण दिल्ली इलाके में एक प्रसिद्ध पांच सितारा होटल के पास गोलीबारी करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने पुलिस टीम पर कथित तौर पर कुल पांच राउंड गोलियां चलाईं, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो राउंड गोलियां चलाईं और उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## युवा शक्ति राष्ट्र की रीढ़ : अमित शाह


**सम्मेलन**

- भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया

एजेंसी।

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है, जो देश और समाज को शिखर पर पहुंचाने काम करती है।

श्री शाह ने नई दिल्ली में आयोजित 69वें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि आपको मार्ग ढूढ़ने की भी आवश्यकता नहीं है, आपको ज्ञान, विनम्रता और एकता के उस मार्ग पर चलना है जो विद्यार्थी परिषद की पीढ़ियों ने पिछले 75 वर्षों में बनाया है। सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विकास पर बात करते हुए, गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 10



वर्षों में साबित हुआ है कि सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और आधुनिक विकास करना विरोधाभासी नहीं है, बल्कि एक-दूसरे की सहायता करता है। श्री शाह ने कहा कि भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया है और ऐसे विकास को बढ़ावा दिया है जिसने दुनिया को चकित कर दिया है। उन्होंने एबीवीपी की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इस संगठन ने बहुत धैर्यता के साथ छात्रों के सामने आने वाली अनेक समस्याओं का समाधान किया है।

## पीएम के नेतृत्व में हो रहा नए भारत का दर्शन : योगी

**कार्यक्रम**

- नया भारत वैश्विक स्तर पर भारतवासियों के गौरव को बढ़ाता है
- बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों के अंदर भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है।

नया भारत वैश्विक स्तर पर 142 करोड़ भारतवासियों के गौरव को बढ़ाता है। इस भारत में बड़ी-बड़ी परियोजनाएं तो आगे बढ़ ही रही हैं, सबका साथ सबका विकास के ध्येय के अनुरूप योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर के झारखंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनने से पूर्व उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले 1100 आवासों के प्रतीकात्मक भूमि पूजन में भी सम्मिलित हुए और जनहित की योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की चर्चा की और कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों के अंदर देश में 10 करोड़ से अधिक गरीबों के शौचालय बनाए गए हैं। इनमें से 4 करोड़ शौचालय उत्तर प्रदेश के लोगों के बने हैं। देश मे 4 करोड़ गरीबों के आवास बनवाए गए हैं। जिनमें से 55 लाख यूपी में बने हैं। देश में 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना से पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ मिल रहा है। यूपी में इस योजना से 10 करोड़ लोग सुविधा प्राप्त कर रहे हैं।




**शासन की योजनाओं के लाभ से कोई भी वंचित नहीं रहेगा**

प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर कोरोना काल से देश में 80 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की सुविधा मिल रही है। शासन की ये योजनाएं सबको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 15 नवंबर को पीएम मोदी ने झारखंड के एक सुदूर गांव से किया है। 26 जनवरी तक यह यात्रा देश के हर गांव तक पहुंचेगी। इस यात्रा के दौरान शासन की योजना से लाभान्वित लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी से अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। यात्रा के दौरान ही पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है। उन्होंने सबको विश्वास दिलाया कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

## सांसद दानिश अली बसपा से निलंबित



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अमरोहा लोकसभा के सांसद दानिश अली को अनुशासनहीनता के आरोप में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निलंबित कर दिया गया है। पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने शनिवार को कहा कि श्री अली पार्टी की नीतियों, विचारधारा और अनुशासन के विपरीत जाकर बयानबाजी कर रहे थे और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त थे। इसलिये उन्हे पार्टी से निलंबित किया गया है।

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर चौथे दिन भी आईटी की छापेमारी

एजेंसी।

**रांची (झारखंड)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी चौथे दिन शनिवार को भी जारी रही। आईटी की टीम के साथ सीआईएसएफ के जवान भी मौजूद हैं। धीरज साहू के रांची स्थित आवास से तीन बैग भी बरामद हुए हैं। हालांकि, उसमें क्या है इसकी जानकारी अभी तक नहीं दी गई है।

धीरज साहू के रांची स्थित आवास पर इनकम टैक्स की टीम ने कुछ प्रिंटर और जेरॉक्स पेपर मंगवाया है। साथ ही तुरंत इनोवा गाड़ी वहां घुसी है, जिसका नंबर (ओआर 14एक्स 6030) है। पहले गाड़ी से दो बैग



उतारे गये, फिर उसे अंदर से भरकर लाया गया। इससे पहले धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास पर आईटी की छापेमारी हुई थी, जो खत्म हो गयी है। आईटी की टीम छापेमारी पूरी करने बाद लौट गई है। इस दौरान आईटी की टीम धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास से कई बैग लेकर अपने साथ निकली। बताया जा रहा है कि उस बैग में नकदी और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज थे।

## साल 2030 तक विकसित देशों को पीछे छोड़ देगा भारत : धनखड़

**प्रशंसा**

- मौजूदा केंद्र सरकार ने विश्व पटल पर देश का मान बढ़ाया

एजेंसी।

**बांसवाड़ा।** कुछ देश विरोधी लोग विदेशों में जाकर भारत की छवि बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं जबकि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। भारत 2030 तक विकसित देशों को पीछे छोड़ देगा। मौजूदा केंद्र सरकार ने विश्व पटल पर देश का मान बढ़ाया है। यह बात उप



राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को बांसवाड़ा जिले के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित छात्र शिक्षक संवाद के दौरान कही।

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने सरकार की उपलब्धियों की तारीफ करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने जनजाति वर्ग की महिला को देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर आसीन कराया है। धनखड़ ने परोक्ष रूप से पिछली सरकार के कार्यकाल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले दस सालों में भारत ने तेजी से हर क्षेत्र में विकास किया है जबकि इससे पूर्व की सरकार के कार्यकाल में भारत की गिनती कमजोर देश में होती थी। मौजूदा सरकार ने विश्व के पटल पर देश का मान बढ़ाया है और आज पूरे विश्व में भारत के बारे में लोग चर्चा करते हैं और भारत से दोस्ती करना चाहते हैं।

## गोगामेड़ी हत्याकांड की साजिश में शामिल एक आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी।

**जयपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि गोगामेड़ी हत्याकांड के साजिशकर्ताओं में शामिल एक आरोपी रामवीर को अरेस्ट किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी रामवीर ने ही नितिन फौजी के लिए जयपुर में सारे इंतजाम किए थे।

5 दिसंबर को सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की 2 शूटर्स नितिन फौजी और रोहित राठौड़ ने श्याम नगर स्थित



उनके निवास स्थान पर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या की थी। नितिन फौजी के लिए आरोपी रामवीर ने ही जयपुर में पूरे इंतजाम किए थे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने बताया कि आरोपी रामवीर शूटर नितिन फौजी का घनिष्ठ दोस्त है।

**समस्या** | वर्ष 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई

## पॉक्सो के दो लाख 43 हजार मामले अदालतों में लंबित

एजेंसी।

**नई दिल्ली।** तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में दो लाख 43 हजार 237 मामले लंबित थे।

एक शोधपत्र जस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज के अनुसार अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में औसतन नौ साल का समय लगेगा।



फास्ट ट्रैक - स्पेशल अदालतों जैसी विशेष अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। केंद्रीय योजना के रूप में इसे वर्ष 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपए की बजटीय राशि के आबंटन को मंजूरी दी है। स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लिया जायेगा लेकिन इन अदालतों में आए कुल 2,68,038 मुकदमों में से महज 8,909 मुकदमों में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया।

**2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे**

शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। वर्ष 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। यह शोध-पत्र इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) ने जारी किया है। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक- स्पेशल अदालतों के गठन किया था। हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि जारी की जाती है।

### हिमालय पर सक्रिय हो रहा पश्चिमी विक्षोभ उप्र में बढ़ाएगा सर्दी

**समृद्धि न्यूज। कानपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के साथ उत्तर पश्चिम हवाएं उत्तर प्रदेश में बराबर आ रही हैं। इन सर्द हवाओं से गंगा के मैदानी इलाके सहित उत्तर प्रदेश में तापमान गिर रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि हिमालय में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है जिससे उत्तर प्रदेश में सर्दी तेजी से बढ़ेगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बताया कि उत्तर पश्चिमी हवाओं से सर्दी उत्तर प्रदेश के इलाकों में पहुंचेगी इस प्रकार तापमान में भी रोजाना गिरावट होगी और आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।



# आग से पांच घर जलकर हुए राख

## तहसीलदार, नायब तहसीलदार निघासन ने पीड़ितों को दिलासा देते हुए किए कंबल वितरित

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणों से लगी आग से दो गांवों के पांच घर जलकर राख हो गए। घर में लेंटर डालने के लिए रखे डेढ़ लाख नकदी समेत लगभग साढ़े तीन लाख का नुकसान हो गया।

मझगईं थाना क्षेत्र के दो गांवों के पांच घर जलकर राख हो गए। पिरथीपुरवा गांव में दोपहर करीब ढाई बजे रंजीत के घर से अचानक आग लग गई। आग लगने के समय घर में कोई मौजूद नही था। घर में लगी आग की लौ देखकर गांव वालों ने आग बुझाने दौड़ पड़े। गांव वाले जब तक आग पर काबू पाते तब तक रंजीत के अलावा पड़ोसी राम विलास,



सुखरानी तथा बालकराम का घर जलकर राख हो गया। इस आगजनी में राम विलास का इंजन, बालकराम ने लेंटर डालने के लिए घर में रखे डेढ़ लाख रुपए, दो एंड्रॉयड मोबाइल, बक्से में रखे सारे जेवरात जलकर खाक हो गए। टटिया काटते समय बालक राम के लड़के मंजीत का अंगुली कट गई।

घटना की जानकारी मिलते ही भीमचंद तहसीलदार, दिवांशु शाही नायब तहसीलदार निघासन ने पीड़ितों को दिलासा देते हुए पीड़ितों को कंबल वितरित किए। तहसीलदार ने वहां मौजूद शंकरलाल राना राजस्व निरीक्षक तथा अभिषेक राठौर लेखपाल से पीड़ितों के लिए भोजन और तिरपाल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

उधर छेदुईपतिया के शिवपूजन का घर जलकर राख हो गया। शिवपूजन बाहर काम करने गया हुआ है जबकि उसकी पत्नी चारा लेने गई थी। इस अग्निकांड में लगभग साढ़े तीन लाख राजस्व क्षति का अनुमान है। इस मौके पर रोशन लाल प्रधानपति, शारदा प्रसाद मौर्य बीडीसी, सुबोध निषाद तथा गुड्डू मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एचडब्ल्यूसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अम्बूपुर का औचन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां रखें सभी दस्तावेजों की जांच की। दावाओं की उपलब्धता दैखी और सीएचओ विकास शर्मा से दी जा रही सेवाओं की जानकारी की।

निरीक्षण के क्रम में सीएचसी फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि शनिवार को सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने अम्बूपुर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस एचडब्ल्यूसी को कायाकल्प अवार्ड से नवाजा गया है। जिसमें तैनात सीएचओ विकास शर्मा की भी प्रशंसा की गई है। निरीक्षण के दौरान सभी दस्तावेजों का रखरखाव सही तरीके से मिला और दावों की उपलब्धता भी थी।

# बस ने साइकिल सवार वृद्ध को कुचला, बस पुलिस के कब्जे में

**मसौली, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

> पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पारिजात युवक समिति के निकट बाराबंकी से अयोध्या की ओर तेज रफ्तार मे जा रही प्राइवेट बस ने साईकिल सवार एक वृद्ध को बुरी तरह कुचल दिया जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बस को कब्जे मे लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी 58 वर्षीय रामसरन रावत पुत्र बुधराम शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे साईकिल से सफदरगंज चौराहे पर स्थित ग्रामीण बैंक को जा रहा था पारिजात शिक्षण संस्थान के निकट हाइवे पर बने कट को जैसे ही पार कर वृद्ध सफदरगंज की ओर मुड़ा था कि बाराबंकी की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही प्राइवेट बस नंबर यूपी 78 एच टी ने साईकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी और साइकिल सवार बस के नीचे आ गया बस युवक को कुचलता हुआ भाग निकला जिसका पीछा कर एक कार चालक ने सफदरगंज जैदपुर मार्ग से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## केंद्रीय मंत्री ने बड़खेरवा में रखी पीएम आवास की आधारशिला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** गरीबों और वंचितों को अपना घर मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार 08 से 10 दिसम्बर के बीच खीरी के तीन हजार पांच सौ पीएम आवासों का भूमि पूजन करने जा रही है। यह भूमि पूजन अभियान 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत चलाया गया। इस कड़ी में शनिवार को नगरीय क्षेत्र लखीमपुर में 1251 परिवारों के चेहरे पर उस समय चमक आ गई। जब उन्हें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी और विधायक सदर योगेश वर्मा के हाथो से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला। शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम आवास योजना (शहरी) के लिए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, एडीएम संजय सिंह के साथ लाभार्थी आलोक कुमार के प्लाट पर पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर भूमि पूजन किया।

# कारखाने की चिमनी से निकलने वाली राख पर तत्काल लगाई जाए रोक



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> किसानों व आम जनमानस की समस्यायों को लेकर सौंपा ज्ञापन

भाजपा कार्यकर्ता व विधायक के चाचा धर्मेंद्र गिरी(मोंटी) के नेतृत्व में बजाज चीनी मिल गोला के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पुराने एवं नए सत्र का सम्पूर्ण गन्ना भुगतान हो, कारखाने में कार्य करने वाले कामगार क्षेत्रीय हों, कारखाने की चिमनी से निकलने वाली राखी पर तत्काल रोक लगाई जाए व मृतक आश्रितों को वरीयता के आधार पर योग्यतानुसार नियुक्ति प्रदान की जाए। इस मौके पर गोला विधायक के चाचा धर्मेंद्र गिरि (मोंटी भैया) बजाज शुगर मिल श्रमिक कल्याण संघ के विश्वनाथ सिंह, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, प्रधान आशीष मिश्रा, प्रधान आलोक जायसवाल, गन्ना समिति के संचालक रामप्रकाश अवस्थी, सुधीर गौतम (पप्पू), सर्वेश कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीओ सदर ने छात्र-छात्राओं को मानवाधिकार के प्रति किया जागरुक

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

> छात्रा प्रतिभा वर्मा ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की

हमें अपने व्यवसाय में मानवता के नैतिक मूल्यों को बढ़ाना होगा जिससे हम लोगों के साथ उचित न्याय तथा उनके अधिकारों को दिला सके। साथ साथ लोगों को मानवाधिकार तथा मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरुक भी होना पड़ेगा। उक्त बातें विश्व मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को सतरिख स्थित टी.आर.सी. लॉ कॉलेज में आयोजित एक कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सीओ सदर सुमित त्रिपाठी ने कहीं। कार्यशाला का शुभारम्भ सीओ सदर सुमित त्रिपाठी, विधि महाविद्यालय के प्रबन्धक डा. सुजीत चतुर्वेदी तथा प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात् छात्रा प्रतिभा वर्मा ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। विश्व मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर विधि महाविद्यालय में खेलकूद सप्ताह का शुभारम्भ भी किया गया जिसमें सप्ताह के प्रथम दिन वॉलीबॉल एवं रस्साकशी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में विधि महाविद्यालय के प्रवक्ता, धर्मेन्द्र कुमार, अवनीश शर्मा, नेहा अवस्थी, छात्रा जाह्नवी यादव, निरंजन यादव, आदित्य नारायण जायसवाल आदि ने संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों तथा कर्तव्यों की विस्तृत रूप पर चर्चा की।

# संकल्प भारत यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

## 40 लाख से ज्यादा देश के जनधन खातों में केंद्र सरकार भेज रही है 2000 रुपये

**मसौली, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्योरी, मेढिया अमदहा एव नैनामऊ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम वासियों ने स्वागत किया।

कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेताओ ने कहा कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं का जनता को लाभ देने के लिए यात्रा निकाली जा रही हैं। ग्राम पंचायत मेढिया मे ग्राम प्रधान श्रीकांत की अगुवाई मे सैकड़ो ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन का स्वागत किया गया।

जैदपुर विधानसभा के रनर उम्मीदवार अंबरीश रावत ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने साल 2014 में जब केंद्र में सत्ता संभाली थी तो उनका लक्ष्य था कि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार हटाना है। इसलिए उन्होंने जीरो बैलेंस पर बैंकों में खाते खुलवाए थे। पहले अमीरों के तो बैंक में खाते थे लेकिन गरीबों का बैंक में खाता नहीं था।

ग्राम पंचायत ज्योरी मे जिला पंचायत सदस्य रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने कहा कि मोदी जी ने जन धन योजना चलाकर सभी बैंकों से कहा कि गरीबों की गारंटी मोदी लेते हैं और उसी का कमाल है कि आज करीब 40 लाख से ज्यादा देश में जनधन खाता है और केंद्र की सरकार उसमें 2000 रुपये भेज रही है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना और प्रत्येक लाभार्थी तक उन्हें पहुंचाना है। इसके आलावा ग्राम पंचायत नैनामऊ, अमदहा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों के लगाएं स्टालो का जहा जायजा लिया गया वही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। वही परिषदीय विद्यालय के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

इस मौके पर भाजपा नेता गुरुशरण लोधी , देवीशंकर सोनी, आशीष वर्मा, केवल प्रसाद, ग्राम प्रधान नीरज कुमार, शीलरत्न, पंकज कुमार रावत सहित एम आई अरुण कुमार व्यास, एडिओ कृषि देवेंद्र कुमार सचिव प्रताप नारायण आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### हार-जीत खेल का अहम हिस्सा, बनाये खेल भावना

**बाराबंकी।** हार जीत खेल का अहम हिस्सा है इसलिए हर से विचलित न होकर बल्कि उसे हाथ से सीख लेते हुए हर हाल में खेल खेलते रहना जरूरी है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन द्वारा बाबू केडी सिंह स्टेडियम में द्वितीय अजीज अहमद खान मेमोरियल स्टेट महिला हॉकी टूर्नामेंट के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। राष्ट्रीय सचिव ने आगे कहा कि किसी भी खेल में दो टीमों के खिलाड़ी आपस में स्पर्धा करते करते हुए पूरी ताकत से एक दूसरे को पराजित करने का प्रयास करते है परंतु खेल भावना के साथ इसीलिए खेल मैत्री भावना का जीता जागता उदाहरण हैं। उद्बोधन के उपरांत राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने टूर्नामेंट में विजय एवं रनर टीमों को संवर्धन करते हुए विजेता और उपविजेता टीमों को चेक और ट्रॉफी देते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की, पुरस्कार वितरण में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र वर्मा, युवा सपा नेता अविरल सिंह, मजहर अजीज खान मज्जू, मोहम्मद तारिक खान, चंद्रा रानी, सपा प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान हसमत अली गुड्डू आदि प्रमुख लोगों के साथ टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ी मौजूद रहे।

### कोटेदार की घटतौली की ग्रामीणों ने की शिकायत

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** विकास चंद्रवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय पांडे के कोटेदार द्वारा घटतौली किए जाने का मामला सामने आया है ग्रामीणों ने घटतौली का आरोप लगाते हुए कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। भवानियापुर गांव निवासी महिला कोटेदार मुन्नी देवी पर लगातार घटतौली किए जाने का आरोप लगा हैं। भवनियापुर गांव निवासी राशन कार्ड धारक ग्रामीण अविनाश चंद्र ने आरोप लगाया कि पात्र गृहस्थी का चार यूनिट का कार्ड होने पर कोटेदार द्वारा 20 किलो राशन दिया जाता है परंतु अन्य स्थानों पर कॉल करने पर यह राशन डेढ़ से 2 किलो तक कम निकलता है इसी गांव की महिला कार्ड धारकों तारावती कलावती ने भी घटतौली की पुष्टि करते हुए कहां कोटेदार ने उन्हें 5 यूनिट के कार्ड पर 25 किलो राशन दिया परंतु जब अलग तौल हुई तो 1 किलो चावल एवं 1 किलो गेहू कम मिला। ग्रामीणों के आरोपों पर जब महिला कोटेदार के पति से बात की गई तो उन्होंने घटतौली के आरोपो को नकारते हुए कार्ड धारको को पूरा राशन तौलकर देने की बात कही।

### मनोनयन पर जताया हर्ष

**बिसवां, सीतापुर।** सपा नेता कय्यूम कुरैशी को समाजवादी पार्टी का सीतापुर जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी नेत्तृत्व ने उन्हे जो जिम्मेदारी दी है वह ईमानदारी पूर्वक उसका निर्वहन करेंगे और पार्टी को मजबूत करने का भरसक प्रयास करेंगे। उनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव, एमएलसी जासमीर अंसारी, लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, सपा नेता मास्टर प्रमोद वर्मा, दिग्विजय सिंह देव, सपा नेत्री कैसर जहाँ, पूर्व प्रत्याशी अफजाल कौसर, पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी, पूर्व विधायक नरेंद्र वर्मा, शब्बीर नेता, नैयर शकेब, बिलाल कुरैशी आदि ने हर्ष जताया है।

# घर में खड़ी बाइक, पुलिस ने किया छह हजार का चालान

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

> पीड़ित को आनलाइन शिकायत करने की भी सलाह दी

बाइक घर में खड़ी होने के बावजूद गैर जनपद गोरखपुर में चालान हो जाने का दिलचस्प प्रकरण सामने आया है। मोबाइल पर छह हजार रुपए का चालान का मैसेज मिलने से हलकान मोटरसाइकिल के स्वामी ने शनिवार को थाने में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। मामला कोतवाली हैदरगढ़ के शिवराजपुर गांव का है। ग्राम निवासी आशीष सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके नाम एक अपाचे बाइक यूपी 32 के डब्ल्यू 7904 है। यह बाइक शुक्रवार की रात घर पर ही खड़ी थी। देर रात उसके मोबाइल फोन पर गोरखपुर से मैसेज आया। दर्शाया गया कि उसकी बाइक का 6 हजार रुपए का चालान किया गया है। मैसेज देखकर वह परेशान हो गया। पीड़ित ने और आशंका जताई कि उसकी बाइक का नंबर कोई जालसाज गोरखपुर में उपयोग कर रहा है जिससे कोई अप्रिय घटना हो सकती है। गुहार लगायी कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए। कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने पीड़ित को बताया कि मामला गोरखपुर जिले का है। इसलिए वहां जाकर शिकायत करें। उन्होंने पीड़ित को आनलाइन शिकायत करने की भी सलाह दी है।

## ब्लॉक में बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता हुई आयोजित

**बिसवां, सीतापुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्लॉक बिसवां में बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के सभी संकुल के प्रतिभागी छात्र छात्राएं एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित हुये। ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में संकुल जहांगीराबाद से प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग कबड्डी में संकुल जहांगीराबाद की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा 50 मीटर और 100 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में संकुल जहांगीराबाद के पुनीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर में 50 मीटर में संकुल जहांगीराबाद की मीरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। और 400 मीटर जूनियर स्तर की दौड़ में आदर्श कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हर बार कड़ी मेहनत के बावजूद खाली हाथ लौटने वाली जहांगीराबाद संकुल की प्राथमिक स्तर की बालक बालिकाओं की टीम ने इस बार ब्लाक में स्थान प्राप्त करके जहांगीराबाद संकुल का नाम रोशन किया है।

# वाल्मीकि मंदिर के घाट की सफाई का चला अभियान

> अभियान के तहत नदी के अंदर तैरती प्लास्टिक सामग्री जलकुंभी और कचरे को निकाला गया




**सीतापुर। समृद्धि न्यूज**

एनसीसी महानिदेशालय के आदेशानुसार पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल गौरव सिंघल के निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के एनसीसी कैडेटों ने सरायन नदी के तट पर स्थित वाल्मीकि मंदिर के घाट की सफाई का अभियान चलाया अभियान के तहत नदी के अंदर तैरती प्लास्टिक सामग्री जलकुंभी और कचरे को निकाला गया। इस अवसर पर पहल संस्था के प्रदेश कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती, सदस्य रोशन कश्यप उपस्थित रहे। पहल संस्था ने एनसीसी कैडेट्स द्वारा चलाए जा रहे भविष्य के आयोजनों में भी सहयोग का आश्वासन दिया।

राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कर सिंह ,उपप्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह ,उपप्रधानाचार्य फूल चंद्र जी ने कैडेटों को हरी झंडी दिखाकर अभियान के लिये रवाना किया। कालेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट खान शादाब जमीर ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि ऐसे अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे और आसपास की नदियों की सफाई करें। कार्यक्रम में समाज सेवी आशीष कश्यप भैया, एलुमिनी कैडेट अँकुर श्रीवास्तव ,अंडर ऑफिसर शीतेंद्र राजवंशी,अभिषेक मिश्रा, आसिफ,सौरभ मोर्य,अतुल, , इमरान गाजी, दीपांशु चौधरी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज**

गौ रक्षक सेवा जिला अध्यक्ष चिंटू पुरी ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी पलिया को सौपा है, ज्ञापन में बताया गया है कि भारतीय संस्कृत में गाय को श्रद्धा आस्था और धर्म की मूल स्तंभ के तौर पर देखा गया है।

सनातन धर्म में गाय को माता कहा गया है लेकिन वर्तमान कानून में गाय को पशु की श्रेणी में रखा गया है। भारत के बहुसंख्यक लोग चाहते हैं कि गौ माता को पशु की श्रेणी से हटाकर राष्ट्र माता का सम्मान दिया जाए क्योंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे देश की संस्कृत भी कृषि पर ही आधारित है हमारी संस्कृति गांव और गोवंश के बिना अधूरी है।

गाय के बिना शायद भारत की कल्पना भी संभव नहीं है वर्तमान में हमारे देश में गाय की स्थिति बहुत ही दयनीय है जिसकी सबसे अधिक तस्करी भी की जाती है गाय और गोवंश किसानों हेतु अत्यंत अनिवार्य है और सनातन धर्म की संस्कृति के लिए ही पूजनीय है।

# चौकी बंद होने से फरियादियों को हो रही परेशानी

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> चौकी प्रतिदिन खुलती हैं और प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया जाता है।
> गौरव कुमार, मढियाघाट चौकी प्रभारी निरीक्षक

लखीमपुर खीरी की कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र की चौकी मढियाघाट क्षेत्र अंतर्गत आए दिन अपराध का ग्राफ बढ़ता देखकर मढियाघाट चौकी की स्थापना की गई थी। इस चौकी मे लखीमपुर खीरी व पड़ोसी जनपद सीतापुर की सीमा सें जुड़े क्षेत्र भी आते है।

लेकिन पिछले तमाम दिनों से चौकी बंद रहने पर क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियां पुनः शुरू हो गई हैं। क्षेत्र वासियों का कहना है कि चौकी पुलिस चौकी के आस पास कई घटनाएं घट चुकी है व दुर्घटना भी हो चुकी हैं। बता दे मढियाघाट सें बरगवां रोड स्थित बॉर्डर पर बनाई गई मढियाघाट चौकी पूर्व में खुलती थी




और पुलिस कर्मी तैनात रहते थे, फरियादी फरियाद लेकर आते थे लेकिन कुछ माह सें चौकी में ताला पड़ा नजर आ रहा है। मढियाघाट पुलिस चौकी न खुलने सें पूर्व की भांति बॉर्डर इलाके में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

## डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्र से आने वाले फरियादियों की जन समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा करीब एक दर्जन शिकायतों की जनसुनवाई करते हुए पुलिस की टीम गठित करके समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त प्रभारी वीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र से दर्जनों शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें करीब आधा दर्जन शिकायतों को तत्काल निस्तारण कर दिया गया है तथा अन्य शिकायतों के संबंध में टीम गठित का निर्धारण करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस मौके पर उप निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी गढ़ मौजूद रहे।

**आयोजन** | जनपद न्यायाधीश ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर किया शुभारम्भ

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2,19,714 मामलों का हुआ निस्तारण

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर रवीन्द्र नाथ दूबे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दिनांक-09.12.2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद बाराबंकी में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश रवीन्द्र नाथ दूबे के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार शुक्ल एडीजे द्वितीय/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नाजनीन बानो, समेत सभी न्यायिक अधिकारीगण, कणेदीन शर्मा उपजिलाधिकारी नवाबगंज, अपर पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र, बैंकों के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त अन्य तमाम लोग मौजूद रहे। नोडल अधिकारी अनिल कुमार शुक्ल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बताया कि राजस्व, बैंकों, विभिन्न विभागों एवं सिविल कोर्ट बाराबंकी के समस्त न्यायालयों द्वारा समग्र रूप से कुल-2,19,714 मामलों का निस्तारण कर कुल रू-22,37,23,706/-अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप में जमा कराया गया। उक्त निस्तारित मामलों में सिविल कोर्ट बाराबंकी के विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल-12014 वादों का निस्तारण करते हुए कुल-57053023/- धनराशि अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप वसूल किया गया। प्री-लेटिगेशन स्तर पर राजस्व विभाग, बैंकों, विभिन्न विभागों के कुल-207700 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल-166670683/- धनराशि वसूल किया गया। जनपद न्यायाधीश रवीन्द्र नाथ दूबे द्वारा कुल 02 वाद का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय दुर्ग नरायन सिंह द्वारा 33 मामलों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना प्रतिकर के कुल 37 वादों का निस्तारण करते हुए धनराशि रू-27560803.00 प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम द्वारा 01 वाद, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वारा 03 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-02 के द्वारा 05 वाद, विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट द्वारा 100 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-09 के द्वारा 01 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-08 के द्वारा 01 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-10 के द्वारा 02 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-04 के द्वारा 01 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-46 के द्वारा 01 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-45 के द्वारा 14 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-36 के द्वारा 04 वाद एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-37 के द्वारा 01 वाद का निस्तारण किया गया।

# विकसित भारत यात्रा में बताई गई जनकल्याण की योजनाएं

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत स्थानीय विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अहिरगांव में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने सरकार द्वारा चलाई गई जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उनके विचार भी साझा किए गए। गरीबों के उत्थान एवं विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत अहिरगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग ने स्टॉल लगाकर लाभार्थियों व ग्रामीणों को संचालित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्री सिंह ने विकसित भारत यात्रा के रथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उद्बोधन को एवं भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई तमाम तरह की योजनाओं के बारे में रथ की स्क्रीन पर लोगों को दिखाया गया।

**Notice**

I Amita Maurya w/o Mohammad Imran r/o 433/99, Ram Nagar, Balaganj, Lucknow, 226003, hereby declare that name of my daughter in her school record has been wrongly mentioned as Afifah Fatima instead of her correct name Areeba Fatima.Therefore, correct name Areeba Fatima shall be incorporated in the school record accordingly.

# संवेदनशील सरकार में होती है गरीब-कमजोर की सुनवाई : योगी

**कार्यक्रम**

- सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो गरीब-कमजोर लोगों की सुनवाई होती है। उन्हें बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ऐसी ही संवेदनशील सरकार है। यह सरकार बिना भेदभाव शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो पहुंचा ही रही है, जन सहयोग से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का भी प्रयास कर रही है।

सीएम योगी शनिवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 1500 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। बाल विवाह से पूरी तरह छुटकारा पाने के साथ दहेज के अत्याचार को समाप्त करने की दिशा में यह आयोजन अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमें समाज में किसी भी ऐसी कुरीति को पनपने नहीं देना है जो समाज के विकास में बाधक हो।

सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। कहा कि किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है जहां मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने, नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं।

### अब तक हो चुके हैं तीन लाख बेटियों के हाथ पीले

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक करीब तीन लाख शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपये खर्च किए जाते थे बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है।

### 25 हजार रुपये होगी कन्या सुमंगला योजना की राशि

सीएम योगी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को और मजबूती देने के लिए उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई तक 15000 रुपये का पैकेज उपलब्ध कराया जाता है। नए वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 25000 रुपये कर दिया जाएगा। बेटी की पढ़ाई तो मुक्त होगी ही, उसके अन्य खर्चो के लिए भी इस योजना से राशि मिल जाएगी।

### दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र व उपहार किया भेंट

समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1500 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए सीएम ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान सीएम ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया।

# सपा और गठबंधन के दलों के साथ रालोद लोकसभा चुनाव लड़ेगी : जयंत चौधरी



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी में राष्ट्रीय लोक दल जुट गयी है। पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई लोकसभा सीटों पर उनकी नजर है। जिसे समाजवादी पार्टी और गठबंधन के अन्य दलों के साथ रालोद लड़ेगी।

जयंत चौधरी ने लखनऊ स्थित रालोद कार्यालय पर शनिवार अपनी बातों को मीडिया के सामने रखा। रालोद अध्यक्ष ने अखिलेश यादव की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष को उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा सीटें मिलनी चाहिए। जो पार्टी जहां मजबूत स्थिति में है, उसे वहां चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन के दलों को समर्थन करना चाहिए। जिसमें कांग्रेस की मुख्य भूमिका है, जिसे अपना बड़ा दिल करके अखिलेश यादव को अधिक सीटों को देना चाहिए।

चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गन्ने का मूल्य घोषित नहीं कर रही है। जो 26 दिसम्बर तक गन्ना का मूल्य घोषित नहीं हुआ तो राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता लखनऊ में किसान प्रदर्शन करेगी। उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य में देरी हो रही है। हरियाणा में भी भाजपा की सरकार है लेकिन वहां पर वर्तमान वर्ष के साथ ही अग्रिम वर्ष का भी गन्ना मूल्य घोषित हो चुका है।

रालोद कार्यालय के बाद जयंत चौधरी अपने काफिले के साथ इको गार्डन पहुंचे। वहां 6800 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों से मिलकर उन्हें समर्थन दिया। मौके पर जयंत ने कहा कि वह शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के साथ है और वह उनके मुद्दे को राज्यसभा में लेकर जायेंगे और शून्य काल में उठायेंगे।

**घोषणा**

- जयंत चौधरी ईको गार्डन पहुंचकर शिक्षक अभ्यर्थी से मिले, प्रदेश कार्यालय पर की बैठक
- शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों से मिलकर दिया समर्थन

## खबरें एक नजर में

### जंतर-मंतर पर पेंशनरों का अनशन जारी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पेंशनरों का जंतर-मंतर पर क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। दक्षिण भारत के कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल से आये पेंशनर न्यूनतम पेंशन 7500 महीना, डी ए, मुफ्त चिकित्सा सुविधा और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार सभी को समान रूप से हायर पेंशन का लाभ की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर क्रमिक अनशन पर बैठे। वहीं समिति पिछले 7 वर्षो से न्यूनतम पेंशन बढ़ाये जाने के लिए देशभर में आन्दोलन कर रही है। अगर सरकार 2 से 3 दिन में कोई निर्णय नहीं लेती है। तो समिति के राष्ट्रीय नेता आमरण अनशन पर बैठेंगे और मांगे पूरी होने तक नही उठेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने समिति के राष्ट्रीय नेताओ को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव से बात करने का आश्वासन दिया। अनशन स्थल पर सभा को राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत, महामंत्री वीरेंद्र सिंह राजावत पी एन पाटिल, आंबेकर ,राष्ट्रीय सचिव रमेश बहुगुणा ,राजीव भटनागर, तपन दत्ता, उमा कांत सिंह, रघुनन्दन सिंह, बाल मुकुंद मिश्रा ,महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शोभा आरस, महामंत्री सरिता नारखेडे,राजनी जाधव मौजूद रहे।

### बसपा प्रमुख आज पार्टी कार्यालय में करेंगी बैठक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायवती रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक करेंगी। पार्टी की ओर से शनिवार को इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि बसपा लखनऊ के माल एवेन्यू बसपा यूपी स्टेट कार्यालय में बैठक होगी। इसमें बसपा ऑल इंडिया के सभी वरिष्ठ एवं विभिन्न राज्यों प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक 11 बजे शुरू होगी, जिसमें स्वयं मायावती पदाधिकारियों को सम्बोधित करेंगी। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर अहम चर्चा की जाएगी। साथ ही 15 जनवरी को बसपा प्रमुख मायावती के जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस को पूरी मिशनरी भावना के साथ संबंध में नए एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

### अज्ञात युवक का तालाब में उतराता मिला शव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के दखिना टोल प्लाजा के पास एक तालाब में शनिवार की सुबह 30 वर्षीय अज्ञात युवक का कई दिन पुराना शव मिला। ग्रामीणो ने तालाब के पानी मे शव उतराता देखा तो पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने पुलिस फ़ोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाकर कर शिनाख्त कराने के प्रयास किये लेकिन नाकाम रहे। जिसके बाद पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।ग्रामीणो ने युवक की हत्या कर शव को तालाब में फेके जाने की आंशका जताई है। थाना प्रभारी ने बताया मृतक ने ऊनी मटमैला रंग का स्वेटर,अंदर काली सफेद धारीदार टी शर्ट व स्लेटी रंग की लोवर,पैरों में नीले रंग के जूते पहन रखे थे। सोशल मीडिया समेत आस-पास के थानो में सम्पर्क कर मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किये जा रहे है ।पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# रैट होल माइनिंग टीम के सदस्यों को अखिलेश ने किया सम्मानित

**अभिनंदन**

- अखिलेश यादव ने अंगवस्त्र पहनाकर तथा 1-1 लाख रुपये का चेक देकर की हौसला अफ़ज़ाई

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय, लखनऊ में आज उत्तराखण्ड की सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने में जिन रैट होल माइनिंग टीम के सदस्यों ने अपनी हिम्मत और हौसले का प्रदर्शन किया था, उनका अभिनंदन किया गया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने उनको अंगवस्त्र पहनाकर तथा 1-1 लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। श्री अखिलेश यादव ने सर्वश्री अंकुर कुमार, मोनू कुमार, नसीम, मो0 इरशाद, वकील हसन, जहूर हसन, फिरोज कुरैशी, मो0 रसीद, नसरूद्दीन, इरशाद, जतिन कश्यप, सौरभ कश्यप, मुन्ना और देवेन्द्र को बधाई देते हुए कहा कि जान बचाने की कोई कीमत नहीं होती है। जान बचाने वाले अनमोल होते हैं। इन साथियों ने अपनी जान की परवाह न कर दूसरों की जान बचाई। सरकार को जहां सुरंग में फंसे श्रमिकों की मदद की वहीं इन बचाने वालों की भी मदद करनी चाहिए। श्री यादव ने कहा कि रैट होल माइनिंग टीम के साथियों ने कहा है कि वे अकेले दम यह बड़ा काम नहीं कर सकते थे। सबने मिलकर काम किया है। पूरा देश इसे समझे कि मिलकर काम करने से ही कामयाबी मिलती है। उन्होंने सुरंग में फंसे श्रमिकों के धैर्य के साथ बचाव दल के सदस्यों की मेहनत का अभिनंदन किया। इससे पूर्व प्रसिद्ध कवि एवं पूर्व सांसद श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि असली भारत जनता है। भारत माता के लिए जान देने को तत्पर साथी वंदनीय है। इस अवसर पर बचाव दल के लीडर श्री वकील हसन ने कहा कि हमें जहां सुरंग में फंसे साथियों को बचाने पर खुशी हुई थी उससे ज्यादा खुशी आज अखिलेश जी से मिलकर हुई है। हमने जो काम किया सबने मिलकर किया। हमारी टीम में हिन्दू मुसलमान दोनों थे। श्री मुन्ना ने कहा कि आज जो मुलाकात अखिलेश जी से हुई वही हमारी दौलत है।



**लखनऊ।** चारबाग उत्तर रेलवे स्टेडियम में नवयुग रेडियंस सीनियर सकेंडरी विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने एथलेटिक्स मीत मार्च पास्ट कर सत्य प्रेम और शांति सदन का झंडा फहराया। *फोटो, समृद्धि न्यूज।*

# भ्रष्टाचार की काली कमाई से अपनी जेब भर रहे कांग्रेस नेता : भूपेन्द्र

समृद्धि न्यूज

**प्रेसवार्ता**

- सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करेगी भाजपा



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस व भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करायेगी। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए दी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार की काली कमाई से अपनी जेब भर रहे हैं। कांग्रेस और उसके गठबंधन के साथियों का केवल एक ही उद्देश्य है कि अनैतिक रूप से धन अर्जित करना और भ्रष्टाचार करना।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि एक तरफ घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट घसोट और दलाली की गारंटी है दूसरी तरफ हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार का समूल नष्ट करने के लिए कृत संकल्पित हैं। जनता से जो लूटा है उसकी पाई-पाई जनता को लौटाना होगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अगर कांग्रेस के सांसद के पास 200 करोड़ की नगदी पकड़ी गयी है तो बाकी कांग्रेस के सांसदों के पास कितनी धनराशि होगी। गांधी परिवार जिसका सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी परिवार है। जनता से लूटे हुए पैसों का हिसाब किया जायेगा। कांग्रेस ने अपने नेताओं को करप्शन का एटीएम बना दिया है।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि गांधी परिवार का नाम करप्शन सेंटर रख दिया जाय तो गलत नहीं होगा। कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला वोटों का पहाड़ जिसकी गिनती आज भी जारी है।

# यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल, 42 एडिशनल एसपी स्थानान्तरित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार 42 एडिशनल एसपी के ट्रांसफर कर दिए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक ने तबादलों की सूची जारी दी है। लखनऊ पश्चिमी में एडिशनल एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा का बाराबंकी उत्तरी के पद पर ट्रांसफर हुआ।

लखनऊ पुलिस कमिश्नर के स्टाफ अफसर अखिलेश सिंह का उन्नाव भेजा गया। अखंड प्रताप सिंह का तबादला उन्नाव से लखनऊ किया गया है वो यहां अपर पुलिस अधीक्षक चुनाव प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी संभालेंगे।

उन्नाव के एएसपी का तबादला संतकबीरनगर हुआ है तो प्रतापगढ़ के एएसपी रोहित मिश्रा को बुलंदशहर भेजा गया है। तबादला सूची के अनुसार क्रमशः मार्तण्ड प्रकाश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक मथुरा से अपर पुलिस अधीक्षक हरदोई,प्रवीण रंजन सिंह अपर पुलिस अधीक्षक बिजनौर से अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सीतापुर राम मोहन सिंह अपर पुलिस अधीक्षक यातयात बरेली से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बदायूँ रंजीव कुमार बाजपेयी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से शाहजहांपुर अपर पुलिस अधीक्षक नगर बिजनौर आनन्द कुमारअपर पुलिस अधीक्षक सुरक्षा मथुरा से अपर पुलिस उपायुक्त गाजियाबाद संसार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर से अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज योगेंद्र नाथ चौधरी अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती से अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया, संतोष कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर से अपर पुलिस अधीक्षक शामली शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा से अपर पुलिस अधीक्षक यातायात बरेलीराजेश कुमार सोनकर अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया से उपसेना नायक 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली मनोज कुमार अवस्थी अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी गोरखपुर से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहांपुर डॉ. अरविंद कुमार अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज से अपर पुलिस अधीक्षक नगर मथुरा संजय राय अपर पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर से अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी प्रतापगढ़ नरेंद्र प्रताप सिंह अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सीतापुर से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर,शशि शेखर सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव से अपर पुलिस अधीक्षक संत कबीर नगर,मनोज कुमार मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक बागपत से अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर ओम प्रकाश अपर पुलिस अधीक्षक शामली से अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती अतुल कुमार श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर से अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर रोहित मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम प्रतापगढ़ से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बुलंदशहर शिव राम यादव-अपर पुलिस उपायुक्त आगरा से अपर पुलिस उपयुक्त प्रयागराज विशाल पांडे अपर पुलिस उपायुक्त गौतम बुद्ध नगर से अपर पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर चिरंजीवी नाथ सिन्हा अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी बाराबंकी अखिलेश सिंह अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव अशोक कुमार वर्मा पुलिस उपायुक्त प्रयागराज से अपर पुलिस अधीक्षक कौशांबी संजय कुमार चतुर्थ उपसेना नायक तीसवी वाहिनी पीएसी गोंडा से अपर पुलिस अधीक्षक बागपत राघवेंद्र कुमार मिश्र अपर पुलिस अधीक्षक यूपीपीसीएल वाराणसी से अपर पुलिस अधीक्षक यातायात मेरठ राधेश्याम राय अपर पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा बजरंग बली अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बुलंदशहर से अपर पुलिस अधीक्षक सुरक्षा मथुरा राहुल मिठास अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर से अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी रामानंद प्रसाद कुशवाहा अपर पुलिस उपायुक्त गाजियाबाद से अपर पुलिस अधीक्षक नगर बुलंदशहरजितेंद्र कुमार अपर पुलिस अधीक्षक स्टाफऑफिसर एडीजी बरेली जॉन बरेली से अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी गोरखपुर अरुण चंद्र अपर पुलिस उपायुक्त आगरा से अपर पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर योगेंद्र सिंह पुलिस उपाधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक एओओ के पद से से अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा, अनुराग सिंह उपसेनानायक 28वी वाहिनी पीएसी ईटावा से अपर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर दुर्गेश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरदोई से अपर पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ अखंड प्रताप सिंह अपर पुलिस अधीक्षक पीटीएस उन्नाव से अपर पुलिस अधीक्षक चुनाव प्रकोष्ट मुख्यालय पुलिस महानिदेशक भीम कुमार गौतम अपर पुलिस अधीक्षक पीएसी मुख्यायल लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक यूपी-112 लखनऊ समर बहादुर अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी से अपर पुलिस अधीक्षक यूपीपीसीएल वाराणसी अजय प्रताप अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बदायूं से उपसेना नायक 25वी वाहिनी पीएसी रायबरेली अजय कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक पीटीएस सुल्तानपुर से अपर पुलिस अधीक्षक सीबीसीआईडी मुख्यालय भेजे गए हैं।

**तबादला**

- चिरंजीवी नाथ सिन्हा एडीसीपी लखनऊ बनाये गये एएसपी बाराबंकी




# अमीनाबाद में खिलौने की दुकान में लगी भीषण आग, हड़कंप



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी के व्यस्ततम बाजार अमीनाबाद में थाने के सामने खिलौने की दुकान में शनिवार दोपहर बाद भीषण आग लग गई। आग लगने से वहां अफरातफरी मच गई। इसकी तत्काल सूचना पुलिस और फायरबिग्रेड को दी गई। सूचना पाकर पुलिस और दमकल की कई गाड़ियाँ मौके पर मौजूद पहुंची और आग बुझाने के लिए जुट गई। वहीं आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

बता दें कि शनिवार को आज छुट्टी का दिन होने के चलते बाजार में काफी भीड़ थी। दोपहर बाद यहां पर काफी भीड़ रहती है।

# एमजी मोटर इंडिया ने की दिसंबर फेस्ट घोषणा की

समृद्धि न्यूज

- ग्राहकों के लिए आकर्षक बेनिफिट्स की पेशकश

**लखनऊ।** 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने अपने दिसंबर फेस्ट इन इंडिया के हिस्से के रूप में अपने संपूर्ण उत्पाद लाइनअप पर विशेष ऑफ़र और बेनिफिट्स की घोषणा की है।

एमजी का दिसंबर फेस्ट ब्रांड की समृद्ध ऑटोमोटिव विरासत का जश्न मनाता है और साथ ही कार उत्साही लोगों के लिए कंपनी की विविध उत्पाद श्रृंखला में क्वॉलिटी, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के प्रति एमजी की प्रतिबद्धता का अनुभव करने का एक रोमांचक अवसर है।

संभावित ग्राहक निम्नलिखित ऑफ़र का लाभ उठाने के लिए अपने निकटतम डीलरशिप पर जा सकते हैं : स्टाइलिश एमजी एस्टोर पर 1,00,000 रुपये तक के लाभ और 50,000 रुपये का एक्सचेंज लाभ। एक ऐसा वाहन, जो अभिनव एआई सुविधाओं का एक बुके प्रदान करता है। एमजी की प्रीमियम एसयूवी, एडवांस्ड ग्लोस्टर पर 1,00,000 रुपये तक का लाभ और 50,000 रुपये का एक्सचेंज लाभ उपलब्ध है। एमजी ज़ेडएस पर 1,00,000 रुपये तक का लाभ और 50,000 रुपये का एक्सचेंज लाभ। कंपनी का प्रमुख ईवी ईको फ्रेंडली मोबिलिटी को और अधिक सुलभ बनाता है। नेक्स्ट-जेन हेक्टर 50,000 रुपये तक के लाभ और अतिरिक्त 50,000 रुपये के एक्सचेंज लाभ के साथ उपलब्ध है। एमजी कॉमेट - स्मार्ट ईवी अब 65,000 रुपये तक के लाभ के साथ उपलब्ध होगी। ग्राहकों को जनवरी 2024 से शुरू होने वाली मूल्य वृद्धि से पहले इन ऑफ़र्स का लाभ उठाने और एमजी के साथ गतिशीलता/मोबिलिटी के भविष्य का अनुभव करने के लिए अपने निकटतम एमजी मोटर इंडिया डीलरशिप या https://www .mgmotor .co.in/ पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव : कलाकारों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** कानपुर रोड एलडीए कालोनी के स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की दसवीं सांस्कृतिक संध्या पर शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में आनंद द्विवेदी नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लखनऊ एवम विशिष्ट अतिथि डॉ. विवेक सिंह तोमर नगर उपाध्यक्ष भाजपा, घनश्याम अग्रवाल गुड्डु उपाध्यक्ष भाजपा,मानवेन्द्र सिंह नगर अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा लखनऊ,यशवेन्द्र सिंह, पंकज सक्सेना,सुमित खन्ना, मनोज सिंह चौहान एवं भाजपा लखनऊ संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दसवीं सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि आनंद द्विवेदी नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर महोत्सव के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और गुंजन वर्मा, विनय तिवारी, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया,सचिन गुप्ता, नीरज यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर वेदांती ने वो कृष्णा है... वो कृष्णा है... नृत्य प्रस्तुत किया तो सांस्कृतिक पंडाल से दर्शको का भाव कृष्णमय भक्ति भाव से विभोर कर दिया। मौका था मां गायत्री जन सेवा संस्थान व निशू वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की आज की संध्या का। तत्पश्चात हनु श्री ट्रस्ट से शांभवी ने माई भवानी ....नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता। मनमोहक प्रस्तुति के उपरांत बी आर टी डांस अकेडमी से आध्या ,तूहीना, ईरा भारती ने फोक डांस (कजरी) पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बने झूले

झूलों से सजा हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का आयोजन स्थल जनता के आकर्षण का केंद्र बन गया है। स्मृति उपवन में चल रहे महोत्सव में फन जोन और फूड जोन अपनी पूरी रौनक में आ गए है। फन जोन में झूलों की आकर्षक रेंज में नाव झूला, ज्वाइंट व्हील, ब्रेक डांस, भूत गुफा, टोरा- टोरा, ट्वाय ट्रेन, रेंजर, ट्वाय कार, ट्वाय जीप, ट्वाय हेलीकॉप्टर, ग्राइंड बेल व कोस्टर झूला शामिल है। फूड जोन में पास्ता, पिज्जा, चाउमीन, मंचूरियन सहित लगभग एक दर्जन चटपटे आइटम मौजूद हैं। इसके अलावा फास्टफूड चिली पनीर, नूडल्स, मक्के दी रोटी सरसों के साग के साथ चाय व मोमोज उपलब्ध हैं। राजस्थानी फूड स्टाल पर आलू प्याज कचोरी, मूंगदाल कचोरी, मावा कचोरी, दही बड़ा के स्वाद का लुत्फ लोग ले रहे है।

# भाजपाइयों ने निकाला विरोध मार्च, फूंका कांग्रेस का पुतला

**एक सिक्के के दो पहलू है कांग्रेस और भ्रष्टाचार: बृजेश पांडे**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी की तरफ से कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से भ्रष्टाचार का माल पर नारेबाजी करते हुए जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे के नेतृत्व मे शनिवार को विरोध मार्च निकाला गया। सभी ने कांग्रेस का पुतला जलाते हुए भ्रष्टाचार पर सवाल किए।कांग्रेस के झारखंड से राज्यसभा सांसद धीरज साहू के प्रतिष्ठान एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानो पर आयकर द्वारा छापेमारी मे 220 करोड़ रुपए की नगदी बरामद होने पर नगर पालिका परिषद से एक विरोध प्रदर्शन मार्च कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल तक निकाला गया। मार्च मे भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा कांग्रेस के मोहब्बत की दुकान मे भ्रष्टाचार का पकवान नही चलेगा नही चलेगा के नारे लगाए। कांग्रेस का पुतला लेकर मुख्य मार्गो से होते हुये धरना स्थल पर पहुंचकर सभा के रूप मे परिवर्तित हो गई। यहां पर पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, सदस्य विधान परिषद पदमसेन चौधरी, बलहा विधायक सरोज सोनकर, जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडे, श्रीनाथ शुक्ला, पूर्व जिलाअध्यक्ष गुलाब चन्द्र शुक्ल, निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्याम करन टेकड़ीवाल सहित भाजपा के जिला पदाधिकारियो ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे ने कहा




कि यह भारत देश अब मोदी की गारंटी वाला देश है। जनता से जो लूटा है उसकी पाई-पाई लौटनी पड़ेगी। बड़ा ही हास्यापद लगता है जब कांग्रेस के नेता ईमानदारी वाले भाषण देते है। पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि देश की जनता इसे समझे देखे और गुने इस भ्रष्टाचार पर कारारी चोट करते हुए 2024 मे फिर मोदी को ही चुने। सभा के बाद कांग्रेस के भ्रष्टाचारी रूपी पुतले का दहन भारी संख्या मे कार्यकर्ताओ की उपस्थिति मे किया गया। इस दौरान निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल महामंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, नन्हेलाल लोधी,डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी धीरेंद्र मोहन आर्य, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह,दीपक सत्या,सुवेद वर्मा,उमाशंकर तिवारी,सुषमा चौधरी जिला मंत्री हेमा निगम,हरेंद्र विक्रम सिंह,मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा,पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह संचित, गौरव वर्मा, सौरभ मिश्र, एकता जायसवाल, उर्मिला शुक्ला, संतोष पांडे, विपिन यज्ञ सैनी, अजय प्रताप सिंह, अखिलेश यादव, अलेक्षेन्द्र सिंह, अमित शर्मा, प्रदीप पांडे, सतीश सिंह, नितिन रुपाणी, पुष्पनाथ तिवारी, प्रियंका रावत, आकर्ष जायसवाल, अर्पित श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, आशीष सिंह, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, सिद्धार्थ सिंह,मुरारी श्रीवास्तव सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाइक की डिग्गी से 37 ग्राम स्मैक बरामद

**एसएसबी ने जांच के दौरान पकड़ा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भारत नेपाल सीमा पर शनिवार को एसएसबी और पुलिस टीम ने जांच के दौरान एक बाइक सवार को 37 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। बरामद स्मैक को पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। रूपईडीहा में एसएसबी 42वीं वाहिनी के उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव के निर्देशन में सीमा चौकी के जवान और पुलिस टीम शनिवार को आने जाने वाले लोगों की जांच कर रहे थे। शनिवार सुबह 11.30 बजे एसएसबी और पुलिस की टीम ने संयुक्त गश्त के दौरान बॉर्डर पिलर संख्या 651/3 के पास एक बाइक सवार को रोका। शक के आधार पर युवक के बाइक की डिक्की की तलाशी ली गई तो डिक्की से 37 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। इस पर टीम बाइक सवार को हिरासत में लेकर पहुंची।

पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम- इकलाख अहमद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी-, ब्लॉक नंबर 14 मकान नंबर 161 गौल्लाबीर कॉलोनी थाना दरगाह शरीफ बताया। गश्ती दल के द्वारा गहन पूछताछ उप कमांडेंट ने बताया कि बाइक नंबर यूपी 40 एयू 7121 और बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीसी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उप कमांडेंट ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए की है।

# मुर्गी फार्म में फंदे से लटकता मिला छात्र, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के ऐनी हतिंसी गांव निवासी छात्र शुक्रवार शाम को रहस्यमय हालत में लापता हो गया। शनिवार सुबह उसका शव मुर्गी फार्म में फंदे से लटकता मिला। पिता ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सीओ समेत अन्य ने मौके की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐनी हतिन्सी में नहर के किनारे बने एक मुर्गी फार्म मे 14 वर्षीय शहजादे पुत्र जुबेर उर्फ सुंदर की लाश रस्सी के फंदे में लटकते पाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहजादे उम्र लगभग 14 वर्ष निवासी ऐनी इंटर कॉलेज में छात्र था। वह शुक्रवार की शाम से घर से लापता था काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह उसका शव नहर के किनारे बने मुर्गी फार्म के अंदर बडेर मे रस्सी से लटकता मिला। इस घटना की जब जानकारी ग्रामीणों को हुई तो मुर्गी फार्म पर सैकड़ो की भीड़ जमा हो गई। परिजनों को घटना के बारे में जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। परिजन जब मुर्गी फार्म में पहुंचे तो अपने बेटे का शव देखकर बदहवास हो गए। पिता जुबेर ने पुत्र की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। थाना प्रभारी हरीश सिंह ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की गहनता से जांच की जा रही है।जहां फांसी पर किशोर लटका मिला है वही एक सीढी भी खडी मिली है।उन्होने बताया कि शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा। घटना स्थल का सीओ कमलेश कुमार सिंह ने भी निरीक्षण किया।

# सीएचओ ने स्वास्थ्य मेला में 52 मरीजों का किया इलाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को विकास खंड तेजवापुर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खैराबाजार में आयुष्मान भव- अभियान के तहत आरोग्य मेला आयोजित हुआ।

स्वास्थ्य आरोग्य मेला में सीएचओ सपना मिश्रा ने गर्भवती महिलाओं की शुगर, बीपी, दर्द, बुखार जांच कर उचित परामर्श दिया और दवा वितरित किया।

और टीबी लक्षण दिखने वाले एक लोग का सैंपल भी लिया गया है। सीएचओ सपना मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में सात लोगों का आयुष्मान गोल्डेन कार्ड एंव 13 लोगों की आभा आइडी भी बनाई गई है। उन्होनें बताया कि स्वास्थ्य मेला का




प्रचार प्रसार आशा कार्यकर्ता एंव आगनबाडी कार्यकर्ता के माध्यम से किया जा रहा हैं। जिससे लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायी जा सके। इसके लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रहीं हैं। स्वास्थ्य मेला में 52 मरीजों का इलाज हुआ हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से नदारद रहे नोडल अधिकारी

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़**

ब्लाक संसाधन केंद्र विशेश्वरगंज के परिसर में शनिवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पाण्डेय द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किए कार्यक्रम के लिए नामित नोडल अधिकारी उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र बहराइच अनुपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है।

भाजपा सरकार के द्वारा कोई भी योजना जाति धर्म के हिसाब से लागू नहीं की गई। हर पात्र व्यक्ति को उसका हक मिले इस संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ के द्वारा काम किया जा रहा है। संबोधन के बाद प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा लाभार्थियों को आयुष्मानकार्ड, व प्रधानमंत्री आवास के प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष भाजपा राज कुमार शुक्ल,पूर्व ब्लाक प्रमुख सच्चिदानंद पाठक, सीडीपीओ दीपा गुप्ता,खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी,खंड शिक्षा अधिकारी मनमोहन सिंह,सीएचसी अधीक्षक धीरेंद्र तिवारी,ग्राम सचिव अरुण कुमार पांडेय, धनलाल पांडेय,ग्राम पंचायत प्रधान सुल्ताना,नेथिया, कंछर सहित अधिकाधिक संख्या में लाभार्थी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,37,804 वादों का हुआ निस्तारण

**सेटेलमेन्ट की धनराशि 06 करोड़ 30 लाख 69 हज़ार 478 रूपए**




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय बहराइच में आयोजित आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय इलाहाबाद/ प्रशासनिक न्यायमूर्ति बहराइच राजीव सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय शेष मणि, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, बहराइच नरेन्द्र बहादुर यादव, प्रथम अपर जिला जज इन्द्र प्रकाश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि एवं जजशिप के समस्त न्यायिक अधिकारी जनपद न्यायालय बहराइच में मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,37,804 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 7081 वादों, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय शेष मणि में पारिवारिक मामलों के 25 वादों, अध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर यादव, स्थायी लोक अदालत द्वारा 02 मुकदमें, बैंक रिकवरी के मामले 512 तथा राजस्व के 1,30,184 वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि रूपये 06 करोड़ 30 लाख 69 हज़ार 478 रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विराट शिरोमणि द्वारा अवगत कराया गया कि न्यायालय परिसर में जगह-जगह पर हेल्पडेस्क बनाये गये हेल्पडेस्क पर पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा न्यायालय में उपस्थित वादकारियों को आवश्यक सहायता प्रदान की। सचिव शिरोमणि ने राष्ट्रीय लोक अदालत को अत्यधिक सफल बनाने हेतु समस्त पीठासीन अधिकारियों, विद्वान अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, वादकारियों एवं पुलिस फोर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया।


# विदेशी पर्यटकों को लुभा रहा कर्तनियाघाट

**अमेरिका, लंदन और आयरलैंड के पहुंच रहे हैं सैलानी**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कर्तनियाघाट वन्य जीव विहार विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर रहा है। यहां पर अमेरिका, लंदन, कोस्टारिका और आयरलैंड देश के करीब दो दर्जन से अधिक पर्यटक पहुंचे हैं।

प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर कर्तनियाघाट वन्य जीव विहार में पर्यटकों का आगमन तेज हो गया है। देश के साथ विदेशी पर्यटक भी काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। बीते तीन दिनों में यहां पर अमेरिका, लंदन, कोस्टा रिका, आयरलैंड देश के करीब दो दर्जन से अधिक पर्यटक



पहुंचे हैं।पर्यटकों ने जंगल का भ्रमण कर वन्य जीव के बारे में जानकारी ली। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य देखकर सभी ने इसको सराहा।

वनकर्मियों ने भी विदेशी पर्यटकों का स्वागत कर उन्हें जंगल से जुड़ी प्रत्येक जानकारी उपलब्ध कराई।कर्तनियाघाट के आउटरीच प्रोग्राम मैनेजर शाश्वत राज ने बताया कि आयरलैंड देश से आये हुए विदेशी प्रतिनिधिमंडल का कर्तनिघाट मे स्वागत किया गया और उन्हें वन्य जीव अभ्यारण के बारे मे जानकारी से अवगत कराया गया। वन विभाग के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।प्रोग्राम इंचार्ज शाश्वत राज ने बताया की इस बार विदेशी पर्यटकों की संख्या मे बढ़ोतरी हुई है। अभी तक यहां अमेरिका, कॉस्टरिका और लंदन से पर्यटक आये हैं। पर्यटकों को वन नियम के बारे मे भी जागरूक भी किया जा रहा है। इसके साथ सूर्यास्त के समय समस्त बैरियर पर चेकिंग और जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है और वाहनों को रात मे ना निकलने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली अंतर्गत हरदोई रोड पर किशोरीखेड़ा स्थित कृषि फार्म के पास डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथ रहे दो अन्य घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां मृतक के शव को मोर्चरी भेज दिया गया है। एक घायल की गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल से कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया।

सदर कोतवाली के मोहल्ला बुधवारी निवासी विमल (20) पुत्र राजन प्रजापति अपनी बुआ ममता के बेटे आलोक फायर ट्रेनिंग सेंटर के पास भतावां रोड स्थित चंद्रशेखर आजाद डिग्री कालेज छोड़ने गया था। आलोक बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है और उसकी परीक्षा चल रही है। उसे छोड़कर लौटते समय शहर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी छात्रों ईशु (19) पुत्र बिंदु शुक्ला व आयुष (25) पुत्र संजीव राठौर आदर्श नगर ने लिफ्ट मांगी। उन दोनों को बैठाकर विमल शहर की ओर आ रहा था तभी हरदोई रोड पर कृषि फार्म के पास डीसीएम ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विमल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथ रहे ईशु और आयुष घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे सदर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने तीनों को आनन-फानन जिला अस्पताल भिजवाया।

# आमीन पठान ने सोनिया गांधी के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

शनिवार को युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष आमीन पठान ने रायबरेली की जनप्रिय सांसद सोनिया गांधी के जन्मदिन पर प्रियदर्शिनी पब्लिक स्कूल सुलखियापुर मुंशीगंज में वृक्षारोपण किया जिसमे स्कूल के बच्चो ने भी सोनिया जी को शुभकामनाएं व प्यार दिया , वही पठान ने कहा कि सोनिया गांधी रायबरेली की परिवार रूपी जनता के दिलो में बस्ती है, आज छोटे बच्चो का सोनिया के प्रति प्रेम देखकर मन मनमोहित हो गया कहा जाता है न की बच्चे भगवान का रूप होते है आज बच्चो ने जन्मदिन पर सोनिया



गांधी जी की लंबी आयु की कामना की , कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक आशीष कुमार यादव वा सभासद अतुल शर्मा, शिक्षक आदित्य , महेश आदि ने भी सोनिया जी को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाए वा प्यार दिया ।

# स्वास्थ्य शिविर में 1448 बंदियों की होगी स्क्रीनिंग

**शिविर का उद्घाटन हाईकोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजीव सिंह ने किया**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिला कारागार में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 200 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई । शिविर का उद्घाटन हाईकोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजीव सिंह ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय इस शिविर में प्रतिदिन 200 बंदियों की स्क्रीनिंग कर गंभीर बीमारियों जैसे सेक्सुअली ट्रांसमिटेड डिजीज (एसटीडी), ह्युमन इम्यूनो डिफिशिएंसी वायरस (एचआईवी), टीबी (क्षय रोग) व



हेपेटाइटिस के मरीजों को चिन्हित कर इलाज शुरू कराया जाएगा।शुक्रवार को शुरू हुए शिविर में मुख्य अतिथि हाईकोर्ट अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजीव सिंह व सीडीओ राम्या आर ने फीता काटकर जांच शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिन बंदियों की जांच में किसी संक्रमण की पुष्टि होती है, उनके पूरे इलाज की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी। कारागार से रिहा होने के बाद भी उपचार बीच में छूटने नहीं पाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि टीबी, एसटीडी, एचआईवी वी हेपेटाइटिस गंभीर संक्रामक रोग हैं। जेल में निरुद्ध बंदी एक साथ रहते हैं इस वजह से एक दूसरे में इन बीमारियों के फैलने की संभावना अधिक रहती है। इसके लिए कारागार में रह रहे सभी 1448 बंदियों की जांच कर उन्हें बीमारियों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। इसके लिए कारागार में 5 काउंटर बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिन बंदियों का उपचार शुरू होगा, उन्हें नियमित रूप से दवाओं के सेवन करने और जेल से रिहा होने के बाद सरकारी चिकित्सालय के माध्यम से उपचार जारी रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्टेट ऑब्जर्वर अमृता सोनी, जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी, सीजीएम, सिटी जज, पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक , जेल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधांसु पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जानी जाती है सोनिया: सुशील पासी



**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

स्थानीय सांसद सोनिया गांधी के जन्म दिवस को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बड़े धूमधाम के साथ मनाया इस अवसर पर ग्रामपंचायत खैहरना बघेल महराजगंज में पार्टी कार्यकर्ताओं ने विविध कार्यक्रम आयोजित किये और सोनिया गांधी की लंबी आयु के लिए ईश्वर से कामना की।इसी कड़ी में कांग्रेसियों की ओर से बघेल गांव में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील पासी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस ने प्रतिभाग किया।

**सम्मानित**

**ट्रस्ट के संस्थापक ने समस्त शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मान**

# श्रीराम जानकी ब्लाक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम जानकी ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीराम जानकी ब्लाक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पश्चात उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलखांवा में आयोजित सम्मान समारोह पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल एवं निशंक त्रिपाठी विधायक प्रतिनिधि तथा विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी खण्ड शिक्षा अधिकारी पयागपुर, धर्मेन्द्र पाल खंड शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थ नगर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करने के पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती बंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।सम्मान समारोह के तहत मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि एवं रमेश चंद्र त्रिपाठी एडवोकेट ट्रस्ट संस्थापक प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष माता प्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष राधेश्याम मिश्र,संरक्षक इन्द्र प्रसाद द्विवेदी,एआरपी राजेश कुमार मिश्र,बृजेश तिवारी, महेन्द्र प्रताप सिंह एआरपी राजेश कुमार मिश्र ,पवन कुमार मिश्र शिक्षक संकुल गोपालजी शुक्ल अभिकेष त्रिपाठी बभनियावां



न्याय पंचायत के वरिष्ठ शिक्षक बृजभूषण त्रिपाठी, रोहित शुक्ल एडवोकेट शिवप्रसाद त्रिपाठी प्रधान पचदेवरा गुरजीत कुमार प्रधान बभनियावां सहित कई शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक की उपस्थिति में प्राथमिक स्तर के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को क्रमशः सीलिंग फैन मेडल, दीवार घड़ी, डायरी पेन और मेडल तथा बैग और मेडल इसी तरह जूनियर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तीन बच्चों को साईकिल तथा मेंडल द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दो बच्चों को कुर्सी मेज मेडल तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दो बच्चों को क्रिकेट बल्ला, तथा प्राथमिक स्तर के 10 और उच्च प्राथमिक स्तर के 10 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात ट्रस्ट के संस्थापक रमेश चंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष , श्रीनिवास शुक्ल एवं विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाध्यापक,केन्द्राध्यक्ष मार्तंड त्रिपाठी द्वारा सभी मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संरक्षक, संगठन के अध्यक्ष व अन्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका शिक्षक समरपाल सिंह, सतीश पांडेय बृजेश शुक्ल उमेश मिश्रा, श्रवण कुमार सरोज, दुर्गेश द्विवेदी, बेचू दयाल तिवारी, दीपेन्द्र मिश्र अजय विश्वकर्मा ने निभाई। कार्यक्रम समापन के अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक रमेश चंद्र त्रिपाठी द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा समस्त रसोइया को कंबल तथा नगद धनराशि देकर सम्मानित किया।

# किशोरी पर गिरा बिजली का खम्भा

**गंभीर रूप से घायल हुई किशोरी ट्रामा सेंटर रेफर, हालत नाज़ुक**



**गदागंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

बिना परमीशन व वन विभाग की मिलीभगत से नीम का पेड़ काटा जा रहा और पेड़ की चपेट में आकर 12 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल किशोरी को आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने किशोरी की हालत को गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि ठेकेदार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराये जाने का आदेश दिया गया है। एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है कि पेड़ काटते समय पेड़ बिजली के पोल पर गिरने से बिजली का पोल टूट कर मासूम बच्ची पर गिर पड़ा। बिजली के पोल और पेड़ के नीचे दबने से मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो हुई। ये हादसा रायबरेली जनपद के गदागंज थाना क्षेत्र के जलालपुर धई गांव में हुआ है।

उन्होने बताया कि राबिया पुत्री सब्बन उम्र 12 वर्ष घर के बाहर खेल रही थी, वहीं पर नीम का पेड़ काटा जा रहा था, जहां अचानक नीम के पेड़ की डाल बिजली सहित मासूम बच्ची के ऊपर गिर पड़ा जिसके नीचे दबकर मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से पेड़ के नीचे दबी बच्ची को बाहर निकाल कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने बच्ची की हालत नाजुक देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया है।

## प्रथम रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता हुई आयोजित

**रायबरेली।** जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में रियान इंटरनेशनल स्कूल परिसर में प्रथम जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन लाल सोनकर ने उद्घाटन किया इस अवसर पर रियान इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या सदक खान जिला ओलंपिक संघ के सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ल रोलर स्केटिंग एसोसिएशन प्रदेश के पदाधिकारी जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के सचिव अभिषेक द्विवेदी कराटे एसोसिएशन रायबरेली के अध्यक्ष मास्टर राकेश कुमार गुप्ता ,मनजीत सिंह महेंद्र त्रिवेदी, विनोद ,समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे इस प्रतियोगिता में 12 विद्यालयों से लगभग 200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

# कार की टक्कर से मासूम की इलाज़ के दौरान मौत

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली की तरफ से आ रही तेज़ रफ़्तार कार ने 8 वर्षीय मासूम को जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते मासूम बुरी तरह से घायल हो गया , बछरावां सीएचसी ले जाने पर डाक्टरो ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहाँ इलाज़ के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना शनिवार की सुबह 10 बजे के आसपास की है कस्बे के पटेल नगर निवासी दीपचंद्र गुप्ता का पुत्र आयुष उम्र 8 वर्ष पटेल नगर कॉलोनी के अंदर गया था , वहाँ से वापस घर आते समय वह रोड पार कर रहा था , तभी रायबरेली की तरफ से आ रही तेज़ रफ़्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया , घर पास में होने की वजह से परिजनों को इसकी सूचना तुरंत मिल गयी , घायल आयुष को उपचार के लिए बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया जहाँ डाक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया , जहाँ इलाज़ के दौरान मासूम की मौत हो गयी। मृतक के पिता दीपचंद्र कस्बे में लईया , पट्टी वा मोमफली का ठेला लगाते है उनके दो लड़कियां और एक लड़का था , घटना के बाद से पारिवारिक जनों का रोरोकर बुरा हाल है , सूचना मिलने तक मृतक का पोस्टमार्टम लखनऊ में हो चुका था , कोतवाल बृजेश कुमार राय ने बताया कि घटना की अभी तहरीर प्राप्त नही हुई है तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज़ कर लिया जाएगा।

## मार्ग दुर्घटनाओ में मासूम समेत चार घायल

**उन्नाव।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में मासूम व महिला समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेज रेफर कर दिया। पहली घटना थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के नगर पंचायत ऊगू के माझखोर निवासी संदीप 35 पुत्र मूलचंद्र अपनी बाइक मे पेट्रोल डलाने जा रहा था अभी वह हरदोई उन्नाव मार्ग के हुलासी कुंआ के समीप पहुंचा ही था कि तभी विपरीत दिशा से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया गया। जहां पर मौजूद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

डीएम हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के साथ कोतवाली जगतपुर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने पुलिस टीम को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलो में शीघ्र कार्यवाही की जाए। जिससे लोगों को समय पर न्याय मिल सके। राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद से संबंधित मामलों में दोनों पक्षों की बातें सुनने के उपरांत ही समस्या का निपटारा किया जाए। इसके लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मिलकर समस्याओं को देखे और उसका निपटारा कराएं।

# कांग्रेसियो ने मरीजों को भेंट की व्हीलर चेयर

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



शनिवार को रायबरेली की लोकप्रिय सांसद सोनिया गाँधी जी के जन्मदिन के अवसर पर जिला अस्पताल में कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने मरीजों के लिए 2 व्हील चेयर भेंट की एवं मिष्ठान वितरित किया गया एवं सांसद जी की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की।ज़िलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि हम सबका प्रयास रहता है,कि ज्यादा से ज्यादा गरीबों की सेवा की जाए,यह पुण्य का कार्य है।प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कहा कि सोनिया गाँधी जी ने रायबरेली का अभूतपूर्व विकास कराया है,आज रायबरेली में एम्स जैसा अस्पताल है,ये सोनिया जी की ही देन है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, अतुल मिश्रा सहित जिला अस्पताल के चिकित्सक एवं कर्मचारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेसियों ने किया हवन पूजन

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज** पूर्व कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद रायबरेली सोनिया गांधी का जन्म दिवस कांग्रेसियों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो ने हवन पूजन कर सोनिया गांधी की लंबी उम्र की कामना की। वही महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सांसद के जन्मदिवस के अवसर पर मरीजों को फल वितरण किया गया और सभी मौजूद कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी को उनके जन्म दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## पागल कुत्ते के हमले से छात्र घायल

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में विद्यालय से बाहर निकले छात्र पर पागल कुत्ते ने हमला कर दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। शिक्षकों ने इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आसीवन तरफ पश्चिम निवासी मोहम्मद जाबिर पुत्र मोहम्मद अयान जो की उच्च प्राथमिक विद्यालय आसीवन में कक्षा 6 का छात्र था। शनिवार को विद्यालय में छुट्टी होने पर वह बाहर घर जाने के लिए निकला तभी वहां बैठे पागल कुत्ते ने छात्र हमला कर दिया।


## बाराबंकी स्टेशन की रिमॉडलिंग व ट्रैक दोहरीकरण कार्य के लिए ‘ट्रेन हैंडलिंग प्लान’

**आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य सहित बाराबंकी रेलवे स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य हेतु प्री नॉन- इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 12.12.2023 से 15.01.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ निम्नानुसार निरस्त/आंशिक निरस्त/मार्ग परिवर्तित और विनियमित रहेंगी:-**

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 15203 बरौनी जं.–लखनऊ एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 15204 लखनऊ–बरौनी जं. एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 12531/12532 गोरखपुर जं.–लखनऊ जं.–गोरखपुर जं. इंटरसिटी एक्स. | 12.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 15113 गोमती नगर–छपरा कचहरी एक्सप्रेस | 05 से 15.01.2024 तक |
| 15114 छपरा कचहरी–गोमती नगर एक्सप्रेस | 04 से 14.01.2024 तक |
| 15069 गोरखपुर जं.–ऐशबाग इंटरसिटी एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 15070 ऐशबाग–गोरखपुर जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 22531/22532 छपरा–मथुरा जं.–छपरा जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 29.12.23 एवं 01, 03, 05, 08, 10, 12, 15.01.24 |
| 12597 गोरखपुर जं.–सीएसटी मुंबई अंत्योदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 12, 19, 26.12.23 एवं 02, 09.01.24 |
| 12598 सीएसटी मुंबई–गोरखपुर जं. अंत्योदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 13, 20, 27.12.23 एवं 03, 10.01.24 |
| 12529/12530 पाटलिपुत्र–लखनऊ जं.–पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्स. | 05, 06, 08, 09, 10, 12, 13 एवं 15.01.24 |
| 15269 मुजफ्फरपुर जं.–साबरमती बीजी जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 14, 21, 28.12.23 एवं 04, 11.01.24 |
| 15270 साबरमती बीजी जं.–मुजफ्फरपुर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 16, 23, 30.12.23 एवं 06, 13.01.24 |
| 15045 गोरखपुर जं.–ओखा एक्सप्रेस | 14, 21, 28.12.23 एवं 04, 11.01.24 |
| 15046 ओखा–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | 17, 24, 31.12.23 एवं 07, 14.01.24 |
| 11123 ग्वालियर–बरौनी जं. मेल | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 11124 बरौनी जं.–ग्वालियर मेल | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 15077 कामाख्या–गोमती नगर एक्सप्रेस | 19, 26.12.23 एवं 02, 09, 16.01.24 |
| 15078 गोमती नगर–कामाख्या एक्सप्रेस | 18, 25.12.23 एवं 01, 08, 15.01.24 |
| 19615 उदयपुर सिटी–कामाख्या कवि गुरु एक्सप्रेस | 11, 18, 25.12.23 एवं 01, 08.01.24 |
| 19616 कामाख्या–उदयपुर सिटी कवि गुरु एक्सप्रेस | 14, 21, 28.12.23 एवं 04, 11.01.24 |
| 22921 बांद्रा (ट)–गोरखपुर जं. अंत्योदय एक्सप्रेस | 10, 17, 24, 31.12.23 एवं 07, 14.01.24 |
| 22922 गोरखपुर जं.–बांद्रा (ट) अंत्योदय एक्सप्रेस | 12, 19, 26.12.23 एवं 02, 09, 16.01.24 |
| 11079 लोकमान्य तिलक (ट)–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | 14, 21, 28.12.23 एवं 04, 11.01.24 |
| 11080 गोरखपुर जं.–लोकमान्य तिलक (ट) एक्सप्रेस | 16, 23, 30.12.23 एवं 06, 13.01.24 |
| 15053 छपरा जं.–लखनऊ जं. एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 15054 लखनऊ जं.–छपरा जं. एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 15081 नकहा जंगल–गोमती नगर एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 15082 गोमती नगर–नकहा जंगल एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 15083 छपरा जं.–फर्रूखाबाद जं. एक्सप्रेस | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |
| 15084 फर्रूखाबाद जं.–छपरा जं. एक्सप्रेस | 12.12.2023 से 16.01.2024 तक |
| 14017 रक्सौल जं.–आनन्द विहार (ट) सद्भावना एक्सप्रेस | 04 एवं 11.01.2024 |
| 14018 आनन्द विहार (ट)–रक्सौल जं. सद्भावना एक्सप्रेस | 03 एवं 10.01.2024 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर जं. सरयू यमुना एक्सप्रेस | 17, 19, 22, 24, 26, 29, 31.12.23 एवं 02, 05, 07, 09, 12, 14.01.24 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | 16, 18, 20, 23, 25, 27, 30.12.23 एवं 01, 03, 06, 08, 10, 13.01.24 |
| 15715 किशनगंज–अजमेर जं. गरीब नवाज एक्सप्रेस | 02, 05, 07, 09, 12 एवं 14.01.24 |
| 15716 अजमेर जं.–किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस | 04, 08, 09, 11, 15 एवं 16.01.24 |
| 15115 छपरा जं.–दिल्ली जं. लोकनायक एक्सप्रेस | 16, 23, 30.12.23 एवं 06, 13.01.24 |
| 15116 दिल्ली जं.–छपरा जं. लोकनायक एक्सप्रेस | 17, 24, 31.12.23 एवं 07, 14.01.24 |
| 04203/04204 अयोध्या कैंट–लखनऊ–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस स्पेशल | 11.12.2023 से 15.01.2024 तक |

### रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशन जिनके बीच रद्द रहेंगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 02576 गोरखपुर जं.–हैदराबाद डेक्कन एक्सप्रेस | गोमती नगर से | गोरखपुर जं.–गोमती नगर | 17, 24, 31.12.2023 एवं 07, 14.01.2024 |
| 02575 हैदराबाद डेक्कन–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | गोमती नगर पर | गोमती नगर–गोरखपुर जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 05079 हावड़ा जं.–गोमती नगर पूजा स्पेशल एक्सप्रेस | गोंडा जं. पर | गोंडा जं.–गोमती नगर | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 05080 गोमती नगर–हावड़ा जं. पूजा स्पेशल एक्सप्रेस | गोंडा जं. से | गोमती नगर – गोंडा जं. | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि(यॉं) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 12511 गोरखपुर जं.–कोच्चुवेली राप्ती सागर एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 14, 15, 17, 21, 22, 24, 28, 29, 31.12.2023 एवं 04, 05, 07, 11, 12, 14.01.2024 |
| 12512 कोच्चुवेली–गोरखपुर जं. राप्ती सागर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 12, 13, 17, 19, 20, 24, 26, 27, 31.12.2023 एवं 02, 03, 07, 09, 10.01.2024 |
| 12521 बरौनी जं.–एर्नाकुल्लम राप्ती सागर एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08.01.2024 |
| 12522 एर्नाकुल्लम–बरौनी जं. राप्ती सागर एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 12589 गोरखपुर जं.–सिकन्दराबाद जं. एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 12590 सिकन्दराबाद जं.–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 12591 गोरखपुर जं.–यशवंतपुर एक्स. | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 12592 यशवंतपुर–गोरखपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 11, 18, 25.12.2023 एवं 01, 08.01.2024 |
| 15023 गोरखपुर जं.–यशवंतपुर एक्स. | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 19, 26.12.2023 एवं 02, 09.01.2024 |
| 15024 यशवंतपुर–गोरखपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 15029 गोरखपुर जं.–पुणे जं. एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 15030 पुणे जं.–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 15065 गोरखपुर जं.–पनवेल एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 12, 14, 15, 17, 18, 19, 21, 22, 24, 25, 26, 28, 29, 31.12.2023 एवं 01, 02, 04, 05, 07, 08, 09, 11, 12, 14, 15.01.2024 |
| 15066 पनवेल–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 11, 12, 13, 15, 16, 18, 19, 20, 22, 23, 25, 26, 27, 29 30.12.2023 एवं 01, 02, 03, 05, 06, 08, 09, 10, 12, 13.01.2024 |
| 15067 गोरखपुर जं.–बांद्रा (ट) एक्स. | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 15068 बांद्रा (ट)–गोरखपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 22533 गोरखपुर जं.–यशवंतपुर एक्स. | गोरखपुर जं.–अयोध्या–अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08, 15.01.2024 |
| 22534 यशवंतपुर–गोरखपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–अयोध्या कैंट–अयोध्या–गोरखपुर जं. | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 15635 ओखा–गुवाहाटी द्वारका एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्स. | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08.01.2024 |
| 15667 गांधीधाम बीजी–कामाख्या एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम बीजी एक्स. | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 13237 पटना जं.–कोटा जं. एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 16, 17, 19, 23, 24, 26, 30, 31.12.2023 एवं 02, 06, 07, 09, 13, 14.01.2024 |
| 13238 कोटा जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 17, 21, 22, 24, 28, 29, 31.12.2023 एवं 04, 05, 07, 11, 12, 14.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 17, 19, 20, 22, 24, 26, 27, 29, 31.12.2023 एवं 02, 03, 05, 07, 09, 10, 12, 14.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 17, 19, 21, 22, 24, 26, 28, 29, 31.12.2023 एवं 02, 04, 05, 07, 09, 11, 12, 14.01.2024 |
| 13009/13010 हावड़ा जं.–योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 16.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 13151/13152 कोलकाता–जम्मू तवी–कोलकाता एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 13307/13308 धनबाद–फिरोजपुर–धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्स. | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 12, 19, 26.12.2023 एवं 02, 09.01.2024 |
| 15624 कामाख्या–भगत की कोठी एक्स. | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 15933 न्यू तिनसुकिया जं.–अमृतसर जं. एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 12, 19, 26.12.2023 एवं 02, 09.01.2024 |
| 15934 अमृतसर जं.–न्यू तिनसुकिया जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 09189 मुंबई सेंट्रल–कटिहार स्पेशल | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी–छपरा | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 09190 कटिहार–मुंबई सेंट्रल स्पेशल | छपरा–वाराणसी सिटी–वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 19, 26.12.2023 एवं 02, 09, 16.01.2024 |
| 19321 इंदौर जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 19322 राजेन्द्र नगर (ट)–इंदौर जं. एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08, 15.01.2024 |
| 22549 गोरखपुर जं.–लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस | अयोध्या कैंट–सुलतानपुर–लखनऊ | 19, 21.12.2023 एवं 05, 06, 13, 14, 15.01.2024 |
| 13019/13020 हावड़ा जं.–काठगोदाम – हावड़ा जं. बाघ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 12587 गोरखपुर जं.–जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08, 15.01.2024 |
| 12588 जम्मू तवी–गोरखपुर जं. अमरनाथ एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 16, 23, 30.12.2023 एवं 06, 13.01.2024 |
| 15097 भागलपुर–जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 15098 जम्मू तवी–भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 12, 19, 26.12.2023 एवं 02, 09.01.2024 |
| 15651 गुवाहाटी–जम्मू तवी लोहित एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08.01.2024 |
| 15652 जम्मू तवी–गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 15653 गुवाहाटी–जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 15654 जम्मू तवी–गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 15909/15910 डिब्रूगढ़–लालगढ़–डिब्रूगढ अवध आसाम एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 19269 पोरबंदर–मुजफ्फरपुर जं. एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 14, 15, 21, 22, 28, 29.12.2023 एवं 04, 05, 11, 12.01.2024 |
| 19270 मुजफ्फरपुर जं.–पोरबंदर एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 17, 18, 24, 25, 31.12.2023 एवं 01, 07, 08, 14.01.2024 |
| 15903 डिब्रूगढ़–चंडीगढ़ एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 15, 18, 22, 25, 29.12.2023 एवं 01, 05, 08, 12.01.2024 |
| 15904 चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 13, 17, 20, 24, 27, 31.12.2023 एवं 03, 07, 10, 14.01.2024 |
| 22199 ग्वालियर–बलरामपुर सुपरफॉस्ट | शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं.–गोंडा जं. | 13, 20, 27.12.2023 एवं 03, 10.01.2024 |
| 22200 बलरामपुर–ग्वालियर सुपरफॉस्ट | गोंडा जं.–बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर | 14, 21, 28.12.2023 एवं 04, 11.01.2024 |
| 02563 बरौनी जं.–नई दिल्ली क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर–गाजियाबाद | 04.01.2024 से 15.01.2024 तक |
| 02564 नई दिल्ली–बरौनी जं. क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | गाजियाबाद–शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 05.01.2024 से 16.01.2024 तक |
| 02569 दरभंगा–नई दिल्ली क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | बुढवल जं.–सीतापुर सिटी–शाहजहाँपुर–गाजियाबाद | 04.01.2024 से 15.01.2024 तक |
| 02570 नई दिल्ली–दरभंगा क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | गाजियाबाद–शाहजहाँपुर–सीतापुर सिटी–बुढवल जं. | 05.01.2024 से 16.01.2024 तक |
| 19409 अहमदाबाद जं.–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–बनारस–वाराणसी सिटी–भटनी जं.–गोरखपुर जं. | 14, 16, 21, 23, 28, 30.12.2023 एवं 04, 06, 11, 13.01.2024 |
| 19410 गोरखपुर जं.–अहमदाबाद जं. एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–भटनी जं.–वाराणसी सिटी–बनारस–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 16, 18, 23, 25, 30.12.2023 एवं 01, 06, 08, 13, 15.01.2024 |
| 19053 सूरत जं.–मुजफ्फरपुर जं. एक्स. | कानपुर सेंट्रल–प्रयागराज जं.–बनारस–वाराणसी–वाराणसी सिटी–बलिया | 15, 22, 29.12.2023 एवं 05, 12.01.2024 |
| 19054 मुजफ्फरपुर जं.–सूरत जं. एक्स. | बलिया–वाराणसी सिटी–वाराणसी–बनारस–प्रयागराज जं.–कानपुर सेंट्रल | 17, 24, 31.12.2023 एवं 07, 14.01.2024 |

### रेलगाड़ियों का विनियमन

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | विनियमन अवधि | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 15046 ओखा–गोरखपुर जं. एक्सप्रेस | मार्ग में 90 मिनट | 10.12.2023 |
| 15707 कटिहार–अमृतसर जं. एक्सप्रेस | मार्ग में 90 मिनट | 11.12.2023 से 14.01.2024 तक |
| 14017 रक्सौल जं.–आनन्द विहार (ट) सद्भावना एक्स. | मार्ग में 30 मिनट | 14, 21 एवं 28.12.2023 |
| 09466 दरभंगा–अहमदाबाद जं. क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस | मार्ग में 30 मिनट | 18, 25.12.2023 एवं 01, 08, 15.01.2024 |

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## क्यों महंगी खाने की थाली

बेशक दूसरी तिमाही में हमारी अर्थव्यवस्था की विकास-दर 7.5 फीसदी से अधिक रही है। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंता नागेश्वरन का आकलन है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 ( 31 मार्च तक) के वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यदि चार साल की औसत विकास-दर को देखें, तो वह 4.5 फीसदी के करीब है। विकास-दर के अपने-अपने दावे किए जाते रहेंगे, लेकिन देश के आम आदमी के खाने की थाली अब भी महंगी है और यह महंगाई बढने के आसार हैं। आटा 16 फीसदी, चावल करीब 15 फीसदी, चीनी करीब 11 फीसदी और तुअर दाल 16 फीसदी से अधिक महंगी हुई है। इन वस्तुओं के थोक के दाम जो भी हैं, लेकिन खुदरा बाजार में मनमानी चल रही है। दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। यह देश की अर्थव्यवस्था पर निगाह रखने वाली एजेंसी 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' (सीएमआईई) एवं कुछ सरकारी एजेंसियों की ताजा रपट के निष्कर्ष हैं। आने वाले तीन माह के दौरान भी इन खाद्यान्नों के दाम 14.55 फीसदी बढ़ सकते हैं। बीते 6 महीने के दौरान आटा, दाल, चावल और चीनी के दाम औसतन 14 फीसदी बढ़े हैं। सत्ता के पैरोकारों की दलील रही है कि देश के 81 करोड़ से ज्यादा गरीबों को तो 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत मुफ्त 5 किलो माहवार अनाज मुहैया कराया जाता है, लिहाजा खाद्यान्न के प्रति आम आदमी निश्चिंत हो सकता है। ऐसे में आम आदमी अपनी आमदनी को किसी और वस्तु तथा सेवा में खर्च कर सकता है। सरकारी पैरोकारों ने ये दलीलें 13.5 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकालने के संदर्भ में दी हैं। गरीबी का मुद्दा तो आज भी विवादास्पद है, क्योंकि ऐसा आकलन करने वाले बौद्धिक, सामाजिक वर्ग के जिम्मेदार लोग हैं, जो आज भी 23.5 करोड़ भारतीयों को 'गरीबी-रेखा' के तले मानते हैं, क्योंकि वे गरीब 375 रुपए रोजाना कमाने में भी असमर्थ हैं। बहरहाल इस मुद्दे का विश्लेषण फिर कभी किया जा सकता है, लेकिन गरीबी और खाद्यान्न की लगातार महंगाई के आपसी गहरे संबंध हैं। यह सवाल बार-बार पूछा जाता रहा है कि अर्थव्यवस्था के विकास के बावजूद आम खाने की थाली महंगी क्यों होती रहती है? फिलहाल महंगे दामों के बुनियादी कारण कमजोर मानसून, किसानों का दूसरी फसलों की तरफ शिफ्ट होना और ज्यादा गर्मी से उत्पादन प्रभावित माने जा रहे हैं। क्या हम आज भी मौसम पर आधारित कृषि के भरोसे हैं? कृषि की विकास-दर घटकर 1 फीसदी से कुछ ज्यादा तक क्यों लुढ़क आई है? कोरोना-काल में भी कृषि की विकास-दर 3 फीसदी से अधिक रही थी। केंद्र सरकार ने दामों को नियंत्रित करने के मद्देनजर साल भर अपने भंडारों से गेहूं निकाल कर खुले बाजार में बेचा है।

# आसमान में सूराख कैसे करेगी कांग्रेस

**सर्वमित्रा सुरजन**



**कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है। राहुल गांधी जिस सामाजिक न्याय की बात करते रहे हैं, उसे कांग्रेस के सभी लोगों को एक साथ पूरे देश में प्रचारित-प्रसारित करने की जरूरत है। राहुल गांधी जिस अहंकार को छोड़ने की सलाह श्री मोदी को देते आए हैं, उस सलाह पर कांग्रेस के भी कई नेताओं को अमल करने की जरूरत है। भाजपा तीसरी बार भी सत्ता में आने का दावा करके मतदान से पहले ही जनता को संदेश दे रही है कि उसका वोट मिले न मिले, सरकार भाजपा की ही बनेगी। ये मामूली चुनौती नहीं है। कांग्रेस केवल शिकायतों के आधार पर इसका मुकाबला नहीं कर पाएगी। पिछले 10 सालों में कांग्रेस ने देख लिया है कि संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया और काफी हद तक न्यायतंत्र भी भाजपा के पक्ष में ही झुका हुआ है। तो इस बड़ी चुनौती के लिए जवाब भी बड़ा ही तैयार करना होगा।**

कांग्रेस को अगर वाकई देश के लोकतंत्र को बचाना है तो उसे जनता को यह समझाना होगा कि छह दिसंबर 1992 को देश ने क्या खोया है। और इसमें केवल भाजपा की बुराई या श्री मोदी का मखौल उड़ाने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है। छह दिसंबर 1992 का दिन था, जब ऐतिहासिक बाबरी मस्जिद को तोड़कर, भाजपा की सत्ता की नींव देश में मजबूती से रख दी गई थी। अब उस जगह पर भव्य राम मंदिर बन कर लगभग तैयार है, जिसका उद्घाटन कर अगले कई दशकों तक भाजपा अपनी सत्ता को पक्का बना लेना चाहती है। 1956 के बाद 1992 को बाबा अंबेडकर की दोबारा मौत हुई थी। एक बार स्वाभाविक मृत्यु आने के बाद, दूसरी बार बाबा साहब के सपनों को कुचलकर मौत देने से उन्हें कितनी तकलीफहुई होगी, यह बताने के लिए वे भौतिक तौर पर उपस्थित नहीं हैं। लेकिन आसपास नजर उठाकर देख लीजिए, गैरबराबरी के शिकार लोगों की तकलीफें उसी पीड़ा को अभिव्यक्त करेंगी, जो डॉ.अंबेडकर और पूरी संविधान सभा के लोगों को हुई होगी। छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद प्रत्यक्ष तौर पर तोड़ी गई थी, मगर उसके साथ-साथ संविधान को भी तहस-नहस किया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा और यहां तक कि कांग्रेस में भी बहुत से लोग होंगे, जो इस दिन को भारत के लिए गौरवशाली मानते होंगे, मगर आने वाली पीढ़ियां शायद इस बात को समझेंगी कि संवैधानिक मूल्यों को सहेज कर न रख पाने की कितनी बड़ी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है। अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म हुए हैं और इसके बाद आम चुनाव की चर्चा तेज हो गई है। पांच में से तीन राज्यों में जीत कर भाजपा अब हैट्रिक की बात करने लगी है। ये हैट्रिक तीन राज्यों की जीत की नहीं, बल्कि सत्ता में लगातार तीसरी बार आने के लिए कही जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने तो इस बार लालकिले से ही ऐलान कर दिया था कि मैं ही अगली बार भी झंडा फहराने आऊंगा। तब विधानसभा चुनाव होने वाले थे और उससे पहले कर्नाटक में भाजपा मात खा चुकी थी, फिर भी श्री मोदी इस तरह के दावे कर रहे थे और अब तो तीन जीतों के साथ यह दावा और पुख्ता हो गया है। हालांकि ये बात तब भी लोकतंत्र के खिलाफथी और अब भी है कि बिना चुनाव हुए ही, किसी की जीत या सत्ता वापसी की मुनादी कर दी जाए। दरअसल अब चुनाव में प्रचार और रणनीतियां जमीनी तौर पर कम और दिमागी तौर पर अधिक असर करने वाली बनाई जाने लगी हैं। यह हिटलर के सहयोगी गोएबल्स का तरीका है कि किसी झूठ को सौ बार दोहराओ तो वो सच लगने लगता है। इस समय देश में भी झूठ और सच सब आपस में गड्ड-मड्ड हो गए हैं। फिलहाल सच यही है कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस का शोर होने के बावजूद भाजपा जीत गई है। बताया जा रहा है कि इस जीत पर अंदरखाने भाजपा के लोगों को भी यकीन नहीं हो रहा है। मध्यप्रदेश में पिछली बार भी कांग्रेस की जीत हुई थी और उसके बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के कारण सत्ता हाथ से निकल गई थी। कांग्रेस को उम्मीद थी कि इस सत्ता चोरी का जवाब जनता उसके हक में देगी। खुद श्री सिंधिया के साथ गए कई पूर्व कांग्रेसियों ने घरवापसी कर ली थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेने से बचते रहे। जब उम्मीदवार खड़े करने की बारी आई तो भाजपा ने सात सांसदों को मैदान में उतारा। इस बीच आदिवासी पेशाब कांड, महाकाल में मूर्तियों का गिरना, तरह-तरह के घोटाले और धांधलियों के कारण भाजपा की छवि खराब हुई। इन सबसे यही समझ आ रहा था कि जीत कांग्रेस को ही मिलने वाली है। लेकिन कांग्रेस की यह उम्मीद झूठी साबित हुई। या तो कांग्रेस अतिआत्मविश्वास और कमलनाथ पर यकीन करने का शिकार हो गई, या फिर जैसा आरोप लगाया जा रहा है ईवीएम की गड़बड़ी के कारण उसे हार मिली। दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ईवीएम में धांधलियों की शिकायत कर रहे हैं। लेकिन एक सच ये भी है कि मध्यप्रदेश में नरोत्तम मिश्रा जैसे नेता भी हार गए हैं। तो क्या ईवीएम की गड़बड़ी भी सोच-समझकर की गई है। ईवीएम को लेकर शिकायतें एक साल की बात नहीं है, हर साल, हर चुनाव में ईवीएम पर कई सवाल उठते हैं। चुनाव आयोग इस पर अडिग है कि ईवीएम में छेड़छाड़ नहीं हो सकती। भाजपा भी ईवीएम को लेकर सकारात्मक है, लेकिन कांग्रेस को शिकायत है और उसे लोकतंत्र पर ईवीएम से खतरा दिखाई दे रहा है तो फिर इस पर केवल रोना रोने से बात नहीं बनेगी। कांग्रेस को जमीन पर उतरकर बड़ा आंदोलन करना चाहिए। और इसका भी जिम्मा राहुल गांधी पर न छोड़कर उन नेताओं को सामने आना चाहिए, जिन्होंने सालों-साल कांग्रेस की सत्ता का सुख भोगा है। अन्ना हजारे से और कोई सबक कांग्रेस ने भले न लिया हो, शहीद होने की मुनादी करते हुए आंदोलन खड़ा करने का सबक तो ले ही लेना चाहिए।

अन्ना तो गांधी के नाम को भाजपा के हक में इस्तेमाल कर गए और कांग्रेसी हाथ मलते रह गए। ईवीएम की जगह मतपत्रों से चुनाव करवाने की मुहिम छेड़ते हुए अगर अभी से आमरण अनशन पर बड़े कांग्रेस नेता बैठ जाएं, तो क्या इसका असर देश भर में नहीं जाएगा। राहुल गांधी ने तो 4 हजार किमी कदमों से नाप लिए, क्या दूसरे कांग्रेस नेता आमरण अनशन करने का कष्ट नहीं उठा सकते। अगर केवल समय बिताने के लिए शिकायतें करनी हैं, तब तो कोई बात नहीं। लेकिन अगर वाकई सूरत बदलनी है, आसमान में सूराख करना है तो पत्थर तबियत से उछालना ही होगा। मध्यप्रदेश में भाजपा अपनी सत्ता बरकरार रखने के साथ छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी सरकार बनाने में कामयाब हो गई। क्योंकि इन दोनों राज्यों में भी भाजपा को बहुत हल्के तरह से कांग्रेस लेती रही। दिल बहलाने को अब आंकड़े पेश किए जा रहे हैं कि कांग्रेस को मिजोरम छोड़ बाकी चारों राज्य मिलाकर 4,90,77,907 और भाजपा को 4,81,33,463 वोट मिले।लेकिन जब खेल सीटों की गिनती का है, तो वहां वोटों की गिनती करने से क्या फायदा। कई बार बुद्धिमान विद्यार्थी सब कुछ जानते हुए भी सही तरह से पांच सवाल हल नहीं करता है और वहीं सामान्य बुद्धि लगाकर कोई औसत छात्र उन्हीं पांच महत्वपूर्ण सवालों पर पूरा ध्यान देकर सही जवाब लिखता है और प्रथम आ जाता है।

## विचार

# इंडिया गठबंधन का भविष्य अधर में?

**इन्द्र दमन तिवारी**



हाल में घोषित हुए पाँच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी की परेशानियाँ बढ़ गई हैं, 2018 में जिन तीन हिंदी भाषी राज्यों में उसे जीत मिली थी, उनमें हार से उसके 2024 का गणित उलझ गया है। कम से कम एक राज्य में भी उसे जीत मिल जाती तो उसके पास कहने को कुछ था, पर मामूली नहीं मिली,अच्छी-खासी हार मिली है। कांग्रेस इससे बेहतर परिणाम की उम्मीद कर रही थी, इन चुनावों को 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनावों का सेमीफ़ाइनल माना जा रहा था, जहां जीत हासिल करने और बीजेपी को सत्ता से हटाने के इरादे से 28 विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवेलपमेंट इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम से गठबंधन बनाया है, विपक्ष का 'इंडिया' गठबंधन बनने के बाद यह पहला बड़ा चुनाव था, जिसमें एक साथ पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे थे, इसका असर इंडिया गठबंधन पर निश्चित तौर पर पड़ेगा, जिसके केंद्र में हिंदीभाषी राज्य ही हैं। बहरहाल अब गठबंधन की अगली बैठक का इंतज़ार है जिसमें सीटों के बँटवारे पर बात होगी। समाजवादी पार्टी ने तो फ़ैसला किया है कि घटक दलों के पास मजबूत प्रत्याशी होने पर ही वह कोई सीट छोड़ेगी। सीटों के बंटवारे के लिए तृणमूल कांग्रेस, सपा और डीएमके जैसी क्षेत्रीय दल समान फॉर्मूला अपनाने पर सहमत हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 6 दिसंबर को घटक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई थी, जिसे स्थगित कर दिया गया था पर संसद में विपक्ष के नेता दिल्ली में खरगे के आवास पर डिनर में शामिल हो रहे हैं, डिनर के माध्यम से खटास दूर करने की कोशिश होंगी और अगली बैठक के लिए संभावित तारीखों पर विचार भी किया जाएगा। पांच राज्यों के चुनाव के दौरान ही राजद और जदयू समेत इंडिया के कई घटक दल न सिर्फ एक बड़ी रैली का आयोजन करना चाहते थे, बल्कि सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले पर वार्ता करने की भी उनकी योजना थी लेकिन कांग्रेस ने पांच राज्यों के चुनाव के नतीजों के बाद इस पर विचार करने की बात कहते हुए मामले को टाल दिया था। अब क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस पर दबाव बढ़ जाएगा, सपा पहले ही कांग्रेस से कहती आई है कि कॉन्ग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में जो सीटें चाहती है, उन पर किस नेता को लड़ाएगी? पहले ये बताए। सपा के रणनीतिकारों के मन में है कि लोकसभा चुनाव में कोई भी प्रत्याशी तभी लड़ाई में आए जब उसके पास कम से कम डेढ़ से दो लाख बुनियादी वोटों का इंतज़ाम हो। तब गठबंधन के कारण जुड़ने वाला वोट उसे जीत की ओर ले जाता है इसलिए पहले कांग्रेस को बताना होगा कि डेढ़ से दो लाख बुनियादी वोट हासिल कर सकने वाले कौन से नेता उसके पास हैं। सीट बँटवारे की बात उसके बाद ही शुरू होगी, सपा नेताओं यह भी कहना है कि इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक में मांगे जाने के बावजूद कांग्रेस ने उन नेताओं की सूची नहीं दी है। इस उलझन की शुरुआत इस बार मध्य प्रदेश के चुनाव में हो गई थी, जहाँ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठजोड़ नहीं हो पाया था, माना जाता है कि यह गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए है पर उसके पहले हुए विधानसभा चुनावों में भी तो उसकी शुरुआत की जा सकती थी। बहरहाल अब चुनाव-परिणाम आने के बाद जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं उनसे गठबंधन को लेकर संदेह पैदा हो गए हैं। परिणाम आते ही उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता संजय राउत ने कहा कि मेरी स्पष्ट राय है कि मध्य प्रदेश का चुनाव 'इंडिया' गठबंधन द्वारा लड़ा जाना चाहिए था, अगर कुछ सीटें गठबंधन दलों के साथ साझा की जातीं तो कांग्रेस का प्रदर्शन कहीं बेहतर होता। पार्टी के मुखपत्र सामना के संपादकीय में शिवसेना ने कमलनाथ पर इंडिया के सिद्धांतों का पालन न करने का आरोप लगाया है, साथ ही कांग्रेस के क्षेत्रीय नेताओं पर राहुल और प्रियंका गांधी के प्रयासों को कमज़ोर करने का आरोप भी लगाया है। जेडीयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि चुनावों में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन गायब था, उसके बाद ममता बनर्जी का भी बयान आया कि यह कांग्रेस की हार है, गठबंधन की नहीं। उन्होंने विरोधी दलों के बीच उन पार्टियों पर भी निशाना साधा जिन्होंने इन चुनावों में एक-दूसरे के सामने खड़े होकर वोट काटने का काम किया, जिसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिला। उन्होंने कहा आँकड़े देखिए, बीजेपी बहुत कम अंतर से जीती है, ये विपक्षी दलों के वोट में बँटने की वजह से हुआ है, इसलिए सही तरीके से सीटों का बंटवारा होना चाहिए।÷ केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने भी कहा कि ÷कांग्रेस ने लालची रवैया दिखाया, उसने बीजेपी विरोधी ताकतों को एक साथ लाने के बजाय सब कुछ अपने हाथों में रखने और दबदबा बनाने को चुना, चुनावी नतीजे इसी रवैए का परिणाम है। अखिलेश यादव पहले ही अपनी नाराज़गी जताते हुए कह चुके हैं, हालांकि उन्होंने कांग्रेस का नाम नहीं लिया पर कहा कि नतीजे आ गए हैं और अहंकार खत्म हो गया। अब उनकी ही पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि ÷कांग्रेस को इस चुनावी नतीजे से सबक लेना चाहिए, हम सबको सबक लेना चाहिए, हम सब इसकी समीक्षा करेंगे, 2024 का लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन को मज़बूत करने के बाद लड़ना चाहिए। कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन के दल अलग-अलग राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक विचारधारा के दल हैं, ये केवल एक मक़सद से एक हुए हैं कि साल 2024 में बीजेपी और नरेंद्र मोदी का मिलकर विरोध करना है, लेकिन 3 दिसंबर के बाद उनका आत्मविश्वास डगमगाया है।

## छिलकों की छाबड़ी : ईमानदारी का नगाड़ा

नगाड़े की आवाज सुनते ही सब घरों से बाहर निकल आए। कुछ के चेहरों पर उत्सुकता थी तो कुछ के चेहरों पर आश्चर्य। बच्चों के चेहरों पर उत्साह महंगाई के सूचकांक की तरह लगातार ऊपर-नीचे हो रहा था। कुछ महिलाओं के चेहरे ढके हुए थे ताकि उनकी शर्मो हया पर प्रगतिशील मुल्क के तमाशबीनों की नजरों का साया न पड़ जाए। कुछ बुजुर्ग आंखों में उम्मीद की चमक लिए खिड़कियों से झांक रहे थे। नगाड़ा लगातार बज रहा था। आवाज सुनकर घरों से बाहर आ चुके लोगों में से एक ने दूसरे से कहा- लगता है यह मुल्क की खुशहाली का नगाड़ा है। इसकी आवाज सरहद लांघ कर जब पाकिस्तान जाएगी तो कईयों की कब्जी मरोड़ में बदल जाएगी। दूसरा आदमी थोड़ा क्रांतिकारी टाइप का था। वह बोला- यह नगाड़ा खुशहाली का नहीं लगता। गौर से सुनो, इसकी आवाज थोड़ी फटी-फटी सी है। जैसे नगाड़े पर पैबंद लगे हों। भ्रष्टाचार से त्रस्त लोगों की आवाज कहीं किसी क्रांति की ध्वजवाहक न बन जाए, इसलिए इस नगाड़े को बजा कर उस आवाज को दबाया जा रहा है। एक बार पहले भी कई साल पहले मैंने यह नगाड़ा इसी तरह बजते हुए सुना था। तब इमरजेंसी डिक्लेयर हो गई थी और मुझे बाजार में साइकिल से उतार सीधे अस्पताल ले जाकर मेरी नसबंदी कर दी गई थी। तब से मेरी कमर में दर्द रहता है और दिल में यह कसक भी कि मैं मुल्क की आबादी बढ़ाने में अपना बहुमूल्य योगदान नहीं दे पाया, जिस कारण देशभक्त आत्माओं की मुल्क में कमी हो गई है। वहीं पास में खड़ा तीसरा व्यक्ति काफी देर दोनों की बातें सुनकर अपना सिर हिलाता रहा।

जैसे उसके भीतर स्प्रिंग लगे हों। वह व्यक्ति मुझे किसी लीडर का खास पिछलग्गु लगा। उसने कोई टिप्पणी नहीं की। वह कोई अवांछित टिप्पणी करके नेताजी का वोट बैंक खराब नहीं करना चाहता था, ऐसा मुझे लगा। मैंने उसकी सदा सदाशयता को मन ही मन नमन किया और थोड़ा आगे खिसक लिया। भीड़ में एक नौजवान बोल रहा था- यह जो नगाड़ा बज रहा है न, भई कमाल का नगाड़ा है। इस नगाड़े में विकास की ध्वनियां आ रही हैं। यानी मुल्क तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास शिखर पर जा रहा है। दूसरा नौजवान बोला- यह विकास का नगाड़ा नहीं हो सकता क्योंकि हमारे मोहल्ले को अभी तक सीवरेज लाइन नहीं बिछी है। गलियों में भी कीचड़ जमा है। कई कई दिन तक नलों में पानी नहीं आता, लेकिन बिल आ जाता हैज। एक और नौजवान बोला- मुझे तो लगता है कोई निठल्ला बैठा बेरोजगार नगाड़ा बजाकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहा है या फिर देश के लिए अपना रचनात्मक योगदान दे रहा है। एक बाबू टाइप बंदा बोला- सरकार ने महंगाई भत्ते की किस्त जारी कर दी होगी, इसलिए कर्मचारी खुशी से नगाड़ा बजा रहे हैं। नगाड़े की आवाज लगातार तेज होती जा रही थी। लोगों में कयासबाजियों का दौर भी जारी था। एक समझदार टाइप का व्यक्ति पहले तो थोड़ी देर खांसता रहा, फिर उसने दार्शनिक अंदाज में कहा- वर्ल्ड कप में पाकिस्तान बुरी तरह हारा, इसलिए इधर खुशी में नगाड़ा बज रहा है। इन तमाम चर्चाओं के बीच एक सफेद कुर्ता पजामा पहने अधेड़ सा व्यक्ति वहां दौड़ता हुआ आया और हांफते हुए बोला- सबको बधाई हो। करोड़ों के जिस घोटाले में इलाके के लोकप्रिय नेता जी तिहाड़ जेल में बंद थे, उन्हें अदालती लड़ाई में बड़ी जीत मिली है। पुलिस उन पर आरोप साबित नहीं कर पाई और नेता जी ने यह साबित कर दिया कि उनके घर से जो करोड़ों रुपए मिले थे, वे गरीबों की मदद व जन कल्याण के लिए उन्होंने पाई-पाई जोड़ कर इकट्ठे किए थे। नेताजी की ईमानदारी साबित होने की खुशी में आज यह नगाड़ा बजाया जा रहा है। नगाड़ा लगातार बजे जा रहा था। लोग अब आश्वस्त थे कि यह ईमानदारी का नगाड़ा ही है और ऐसा नगाड़ा पूरी दुनिया में सिर्फ और सिर्फ भारत के पास ही है।



## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं।

**कर्कः** - भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन् करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# नेताओं पर भ्रष्टाचार में कार्रवाई की तलवार

**योगेंद्र योगी**




**अगले ढाई साल टीएस सिंहदेव मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। भूपेश बघेल तमाम गतिरोधों के बावजूद पूरे 5 साल मुख्यमंत्री बने रहे। टीएस सिंहदेव को आखिरी कुछ महीनों के लिए उपमुख्यमंत्री बनाकर चुप करा दिया गया। भारतीय जनता पार्टी आरोप लगाती है कि बघेल ने छत्तीसगढ़ को कॉन्ग्रेस पार्टी के लिए तिजोरी के तौर पर इस्तेमाल कराया। जिन चीजों का वादा करके वो सत्ता में आए थे, किया उसके ठीक विपरीत काम, और घोटालों पर घोटालों को अंजाम दिया। कॉन्ग्रेस पार्टी के लिए फंडिंग की और खुद को सत्ता में बनाए रखा। छत्तीसगढ़ में पीसीएस घोटाला चर्चित रहा। छत्तीसगढ़ पब्लिक सर्विस कमीशन में नेताओं और अधिकारियों के बच्चों को सीधे एंट्री मिली और उन्हें बड़े-बड़े पद भी दिए गए। प्रधानमंत्री ने भी इस घोटाले पर सवाल उठाए।**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम जारी रखेगी। राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा ने भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। ऐसे में अब इस बात की प्रबल संभावना है कि इन दोनों राज्यों की भ्रष्टाचार निरोधी एजेंसी और केंद्र की एजेंसियों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का बचना मुश्किल है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भूपेश बघेल सहित इनके मंत्रियों पर कानूनी शिकंजा कसने के आसार बढ़ गए हैं। दरअसल कांग्रेस ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इस बात के प्रयास ही नहीं किए कि भ्रष्टाचार के मामलों से सख्ती स निपटा जाए। कांग्रेस ने मतदाताओं में यह संदेश देने का प्रयास ही नहीं किया कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टोलरेंस की नीति है। इसके विपरीत भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा होने पर दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकारों ने दबाने-छिपाने का प्रयास किया। भाजपा ने इसे प्रमुख चुनावी मुद्दा बना लिया। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने चुनावी प्रचार के दौरान जम कर हमला बोला। बीकानेर में पीएम नरेंद्र मोदी ने जिन मुद्दों पर प्रदेश की गहलोत सरकार को घेरा था, उनमें भ्रष्टाचार भी प्रमुख था। पीएम मोदी ने गहलोत सरकार के करप्शन पर निशाना साधते हुए कहा था कि गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार में भी रिकॉर्ड बनाया है। वह चाहे 17 बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले हों या सरकार में भ्रष्टाचार हो, अगर भ्रष्टाचार की रैंकिंग होती तो राजस्थान उसमें भी नम्बर-1 आता। भाजपा के राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने राजस्थान में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर खदान घोटाले सहित हजारों करोड़ रुपये के घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया था। ईडी इन आरोपों की जांच कर रही है। अब इनमें कार्रवाई होने की प्रबल संभावना है। भाजपा सांसद का आरोप था कि अशोक गहलोत सरकार ने 66 हजार करोड़ से ज्यादा के घोटाले किए हैं। इनमें 27 हजार करोड़ रुपये का खदान घोटाला और 20 हजार करोड़ रुपये का बजरी घोटाला शामिल है। मीणा ने जल जीवन मिशन घोटाले सहित कई घोटालों में राज्य के मंत्रियों, नौकरशाहों और विधायकों की संलिप्तता का आरोप लगाया। मीणा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री गहलोत और उनके मंत्री और नौकरशाह शायद राजस्थान के इतिहास में सबसे भ्रष्ट हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में गहलोत सरकार अपनी ही पार्टी के लोगों का भी निशाना बनी। पार्टी से निकाले गए पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने आरोप लगाया था कि गहलोत सरकार भ्रष्टाचार के मामले में कर्नाटक की 40 प्रतिशत कमीशन वाली भाजपा सरकार से आगे निकल गई है। पूर्व सैनिक कल्याण मंत्री गुढ़ा ने अपने कैबिनेट सहयोगी शांति धारीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यालय से कोई भी फाइल बिना भ्रष्टाचार के मंजूर नहीं होती। गहलोत के मुखर विरोधी रहे पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी चुनाव से पहले भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया था। पायलट ने पेपर लीक और भ्रष्टाचार के मामलों में पदयात्रा तक की। राजस्थान की गहलोत सरकार की तरह छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दों पर घेरने में भाजपा पीछे नहीं रही। पिछले पांच वर्षो के शासन के दौरान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। बैटिंग ऐप प्रकरण में भाजपा ने भूपेश बघेल पर आरोपी से पांच सौ करोड़ रुपए लेने का आरोप लगाया। ईडी ने महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तक की ओर से पूर्व सीएम भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये के भुगतान का दावा किया था। पूर्व सीएम बघेल को लेकर किए गए ईडी के इस दावे के बाद प्रदेश के पूर्व सीएम रमन सिंह ने मुख्यमंत्री पर हमला बोला। पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा कि अब तो स्पष्ट हो गया है कि महादेव एप घोटाले के 508 करोड़ रुपये सीएम भूपेश बघेल के पास आए हैं। इस प्रकरण में असीम दास को गिरफ्तार किया गया और उसकी कार से 5.37 करोड़ रुपये जब्त हुए थे। असीम दास ने सीएम भूपेश बघेल के नाम से पैसे देने की बात कही थी। यही असीम दास महादेव ऐप का प्रमोटर भी है। कांग्रेस की गहलोत सरकार की तरह ही भूपेश बघेल सरकार पर लगे आरोपों में शराब घोटाला, ट्रांसफर घोटाला, गोबर घोटाला, ग्राम सभा सदस्य बनाने के नाम पर घोटाला, चावल घोटाला, खदान से जुड़े माल ढुलाई के काम में घोटाला के साथ ही महादेव बेटिंग ऐप जैसे घोटालों की लंबी फेहरिस्त है। कांग्रेस ने भूपेश बघेल को 2.5 साल के लिए मुख्यमंत्री बनाया था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# विकसित संकल्प यात्रा में योजनाओं की दी जानकारी

**जैतपुर,महोबा समृद्धि न्यूज।**




विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम मंगरौल कलाँ में विकसित संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से रूबरू कराया गया मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी व ब्लॉक प्रमुख सन्दीप राजपूत का ग्राम प्रधान अभिषेक रावत ने फूल मालाओ व अंग वस्त्र भेंट कर किया सम्मानित।

सरकार की विभिन्न योजनाओं को वंचित लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगरौल कलाँ गाँव मे पहुँची जहां पर प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष व ग्राम प्रधान अभिषेक रावत के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मंगरौल कला में किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों जिनमें तुलसी, भारत आदि व आवास योजना के लाभार्थी अखिलेश आदि को प्रमाण पत्र वितरित दिये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित है जिनका धरातल पर सही क्रियान्वन भी हो रहा है और जो वंचित लोग हैं उन्हें भी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके साथ ही साथ जो लाभार्थी है उन्हें सम्मान इसका लाभ प्राप्त हो सके यही सरकार की मंशा है इसी के तहत आज इस कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जा रहे हैं और यह कार्यक्रम ग्राम स्तर पर संचालित हो रहे हैं। इसी क्रम में ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत ने भी संबोधित करते हुए कहा की इन आयोजनों से जन-जन तक जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंचेंगी। मनरेगा उपयुक्त राघवेंद्र तिवारी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा सहित तमाम ऐसी योजनाएं हैं जिनमें गांव के अति वंचित समुदाय व अन्य ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं इन सभी योजनाओं की जानकारी आप सबको दी जा रही है कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान अभिषेक रावत के द्वारा सभी आगंतुकों का व ग्रामीणों का आभार प्रकट किया गया। इस आयोजन में सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों को सरकार की योजनाओं से रूबरू कराया गया एवं उन्हें इन योजनाओं के लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। गांव-गांव में घूम कर योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ दिलाने का कार्य इस यात्रा से किया जा रहा हैं। आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना , प्रधानमंत्री आवास योजना , मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना , उज्ज्वला योजना , शौचालय सहायता योजना, विश्वकर्मा योजना , मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना ,कन्या सुमंगला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना ,अटल आवासीय विद्यालय योजना ,कौशल विकास, तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन योजना सहित तमाम योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्गत कार्ड आज करोड़ों लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

## खाताधारकों के फर्जी हस्ताक्षर से लाखों डकारने के मामले में सफाई कर्मी गिरफ्तार

**सुमेरपुर।** इंडियन बैंक में फर्जी हस्ताक्षर बनाकर खाता धारकों के खाते से लाखों रुपये की नगदी उड़ाने वाले सफाई कर्मी को पुलिस ने चार माह बाद हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कस्बे के इंडियन बैंक शाखा में सफाई कर्मी पद पर तैनात शिवम सविता ने लिपिक नागेंद्र सिंह को झांसे में लेकर बैंक के खाता धारकों के खाते से करीब 27 लाख रुपये निकाल लिए थे। खुलासा होने के बाद जांच पड़ताल हुई। इसके बाद शाखा प्रबंधक संदीप सिंह परिहार ने पिचले अगस्त 2023 में लिपिक के साथ सफाई कर्मी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमा दर्ज होने के पूर्व से ही दोनों घरों से फरार थे। शनिवार को पुलिस ने सफाई कर्मी शिवम सविता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# भाजपाइयों ने आल्हा चौक पहुंच फूंका कांग्रेस का पुतला

> भाजपा जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे मौजूद

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

झारखंड में कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के घर से करोड़ों रुपये की नकदी मिलने से भाजपाइयों में आक्रोश है।

महोबा मुख्यालय के आल्हा चौक में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता के नेतृत्व में नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. संतोष चौरसिया, महिला मार्चा जिलाध्यक्ष डॉ. विभा पुरवार, आशीष शिवहरे, तेजा, दीपाली तिवारी, साधना तिवारी, नीतू श्रीवास्तव, पूर्व पालिकाध्यक्ष पुष्पा अनुरागी आदि शनिवार की दोपहर को आल्हा चौक पहुंचे और नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने सांसद द्वारा भ्रष्ट्राचार करके कमाए गए करोड़ों रुपये के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस नेता के यहां करोड़ों की नकदी मिली जिसे गिनते गिनते मशीनें भी खराब हो गई। ये रुपया गलत तरीके से कमाया गया है। सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर भाजपा जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हर गरीब व असहाय को मिलेगा प्रधानमंत्री आवासः जितेंद्र




**चरखारी, महोबा समृद्धि न्यूज।**

चरखारी नगर के वार्ड अमरगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना नगरीय के स्वीकृत आवासों के भूमि पूजन कार्यक्रम में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने सम्मिलित होकर हवन पूजन कर, फावड़ा चलाकर आवासों का भूमि पूजन किया एवं लाभान्वित लाभार्थियों के क्रम में लाभार्थी पाठक बबलू सहित अन्य लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य हेतु अपनी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, जिला मीडिया सह प्रभारी दीपक गुरुदेव, सभासद शशिकांत, पीयूष खरे एवं डूडा विभाग के एपीओ और समस्त कार्यकर्ता व बार्ड वासी मौजूद रहे।

## बगैर निरीक्षण के गुजर गए रेलवे के महाप्रबंधक

**सुमेरपुर।** शनिवार को भीमसेन खैरार जंक्शन के रेलवे स्टेशनों के निरीक्षण को आए उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के महाप्रबंधक ऐनवक्त पर कस्बे की स्टेशन का निरीक्षण किए बगैर आगे के लिए रवाना हो गए। जिससे सभी तैयारियां धरी की धरी रह गई। ज्ञापन देने आए नगर पंचायत अध्यक्ष ने समस्याओं का ज्ञापन स्टेशन प्रबंधक को सौंपा। शनिवार को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रयागराज सतीश कुमार को भीमसेन खैरार जंक्शन के मध्य रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण करना था। इसकी सभी तैयारियां कस्बे के रेलवे स्टेशन में की गई थी। लेकिन ऐनवक्त पर वह बगैर निरीक्षण किए ही आगे के लिए रवाना हो गए। इससे सभी तैयारियां धरी की धरी रह गई। जीएम के आने की सूचना पाकर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे समस्याओं का ज्ञापन लेकर स्टेशन पहुंचे थे।

# एसडीएम के आदेश पर हटी अवैध सब्जी मंडी पुनः हुई स्थापित

**राठ, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को उपजिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने उरई मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास स्थित अवैध सब्जी मंडी को पुलिस प्रशासन के साथ दुकान हटवाई थी। लेकिन शनिवार को व्यापारियों ने फिर से दुकानें लगा ली। जबकि एसडीएम ने नई सब्जी मंडी में दुकान लगवाने के आदेश दिए थे। नवीन सब्जी मंडी में दुकानें स्थापित न करने पर एसडीएम ने कड़ी कार्रवाई करने की व्यापारियों को चेतावनी दी थी।

बताते चलें कि कस्बे के कृषि उत्पादन गल्ला मंडी में करोड़ों की लागत से शासन द्वारा सब्जी व फल मंडी का निर्माण कराया था। लेकिन कुछ दुकानदार बीते छह वर्षों से उरई मार्ग पर अवैध दुकान लगाकर व्यापार कर रहे थे। जिसके लिए नवीन सब्जी मंडी संघर्ष मोर्चा ने ज्ञापन और धरना प्रदर्शन किया था। शुक्रवार को एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे ने पुलिस प्रशासन और नगर पालिका कर्मियों के साथ फल व सब्जी की अवैध दुकानों को हटाकर नई सब्जी मंडी में लगाने के आदेश दिए थे। शुक्रवार को सभी दुकान एसडीएम के आदेश पर हटाई गई। लेकिन शनिवार को दुकानदारों ने फिर से दुकान लगाकर एसडीएम के आदेश का पालन नहीं किया।

# जेवरात चोरी के आरोप में महिला ने लगायी फांसी

> घटना के बाद से गांव में तनाव तथा मृतका के परिजन सहित ग्रामीण सभी दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग पर अड़े

**राठ, समृद्धि न्यूज।**

जरिया थाना के इंदरपुरा गांव में बीते सप्ताह हुई तीन घरों में लाखों की चोरी के खुलासे में जुटी पुलिस ने गांव के कुछ लोगों को हिरासत में लिया था।

पुलिस ने दबिश देकर एक मकान से कुछ जेवरात बरामद किए। जिसके बाद हिरासत में लिए गए एक युवक की बहन ने पेड़ से लटककर फांसी लगा ली। इससे मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने दबिश में मृतका के भाई को हिरासत में लेने तथा उसके साथ मारपीट कर उसके निजी जेवरात ले जाने से आहत होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

आक्रोशित परिजनों के गंभीर आरोप लगा हंगामा करने पर पुलिस उन्हें 13 घंटे बाद समझा बुझा सकी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

जरिया थाना अंतर्गत इंदरपुरा गांव में स्टेट अपने मायके में रह रही नीरज नाम की महिला ने गांव के बाहर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका के परिजनों ने बताया कि चोरी की घटना के अनावरण के लिए पुलिस ने फंदे के आधार पर मृतका नीरज के भाई नरेश को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था तथा इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर मृतका नीरज के साथ मारपीट कर उसके निजी जेवरात भी छीन लिए थे। बताया कि इसी बात से क्षुब्ध होकर मृतका नीरज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है तथा मृतका के परिजन सहित ग्रामीण सभी दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। वही मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी सरीला का कहना है कि मृतका नीरज बीते नौ वर्ष से अपने पति से अलग अपने मायके ग्राम इंदरपुरा में रह रही थी। पति-पत्नी के बीच तलाक का मुकदमा भी न्यायालय में विचाराधीन है। मृतका का ग्वालियर में इलाज चल रहा था। बताया मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### ब्लाक क्षेत्र में पोलियो के लिए 37 टीमें लगाई गईं

**कुरारा।** कस्बे में प्राथमिक विद्यालय नवीन बस्ती के छात्र-छात्राओं ने पल्स पोलियो अभियान की जागरूकता रैली निकाली। विकासखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने 37 टीमें गठित की हैं। प्राथमिक विद्यालय नवीन बस्ती के छात्र छात्राएं रैली में तख्ती लेकर दो बूंद जिंदगी की पिलाकर पोलियो को जड़ से मिटाने जैसे नारे लगाए। सीएचसी अधीक्षक डा.सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि रविवार को बूथ डे के अवसर पर 72 बूथ बनाए जाएंगे। साथ ही 37 टीमें काम करेंगी। जो डोर टू डोर बच्चों को दवा पिलाएंगी। साथ ही एक बूथ मनकी स्टैंड व बस स्टैंड में व एक मोबाइल टीम लगाई जाएगी।

### धूमधाम से मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**मौदहा।** कांग्रेस पार्टी की संरक्षक वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर जीवन पर प्रकाश डाला। कस्बे में ब्लाक के निकट एक स्कूल में जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी की अगुवाई में नेताओं ने सोनिया गांधी का जन्म दिन मनाया। इस दौरान उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में सरकार बनाने को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान वरिष्ठ नेता डा.शाहिद अली, शफकत उल्लाह राजू, आशाराम अहिरवार, विवेक चंद, साबिर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कोतवाली सहित थाना क्षेत्रों में समाधान दिवस सम्पन्न

**मौदहा।** कोतवाली सहित सिसोलर एवं बिंवार थाना परिसर में समाधान दिवस हुआ। मौदहा कोतवाली आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार बलराम गुप्ता ने की। यहां पर दो मामले आए। जिसमें एक मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। सिसोलर थाने में नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में आधा दर्जन मामलों में दो का निस्तारण कर हुआ। जबकि बिंवार थाने में एसडीएम राजेश कुमार और क्षेत्राधिकारी विवेक यादव पहुंचे। समाधान दिवस में निस्तारण न होने वाले सभी मामले गुणवत्ता पूर्ण तरीक़े से निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजे गए हैं।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में बिंवार टीम ने सुमेरपुर को हराया

**हमीरपुर।** निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कुछेछा स्थित राजकीय डिग्री कालेज में किया गया। जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में हमीरपुर, मौदहा, बिवांर एवं सुमेरपुर संगतों से युवा आए। जिसमें चार टीमें प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं। टूर्नामेंट का पहला मैच बिंवार एवं मौदहा के बीच एवं दूसरा मैच हमीरपुर एवं सुमेरपुर की टीम से हुआ। जिसमें से पहले मैच में बिंवार टीम एवं द्वितीय मैच में सुमेरपुर की टीम विजयी रही। फाइनल मैच सुमेरपुर एवं बिंवार की टीम में हुआ। जिसमें से बिंवार टीम ने विजय प्राप्त कर ट्रॉफी प्राप्त की। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब बिंवार के रोहित को मिला। भ्रतभाव अथवा जीवन को श्रेष्ठ गुणों का आभास मैदान में देखा गया। समापन पर पुरस्कार वितरण नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद एवं संयोजक क्रांति कुमार निरंकारी ने किया। पुरस्कार वितरण में विजेता टीम को ट्राफी दी गई एवं अन्य खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। टूर्नामेंट का उद्देश्य विभिन्न स्थानों से आए प्रतिभागियों में प्रेम एकता एवं भाईचारा की भावना के साथ मानवीय एकता स्थापित करना है।

# बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को गिनाया

**इटावा। समृद्धि न्यूज**


पुतला फूंकते भाजपा नेता।

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी ने शनिवार को शहर के शास्त्री चौराहे पर कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी कर फूका पुतला और कांग्रेस के भ्रष्ट नेता और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपाइयों ने की जमकर नारेबाजी झारखंड के राज्यसभा सांसद शास्त्री चौराहे पर बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के कई घोटाले और भ्रष्टाचार को गिनाया। झारखंड में राज्यसभा के 10 ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान 200 करोड रुपए से ज्यादा आयकर विभाग ने जब्त किए गए है और अभी भी जारी है। पुतला फूंकने के दौरान जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, महामंत्री प्रशांत राव चौबे, शिवाकांत चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विकास भदौरिया, कृष्ण मुरारी गुप्ता, गगन चतुर्वेदी, मोनू चौहान, सजीव भदौरिया, विरला शाक्य, मनीषा शुक्ला, प्रमिला, सत्यम राजपूत समेत कई दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंत्री ने किया जेल का निरीक्षण, बंदियों से की बातचीत

## कर्म का फल अवश्य भोगना पड़ता है इससे कोई बच नहीं सकताः धर्मवीर प्रजापति

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति ने जिला कारागार का निरीक्षण किया।

मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जिला कारागार में कैदियों से संवाद किया। इस मौके पर मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने विभिन्न बैरिकों का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कैदियों से संवाद कार्यक्रम में मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने उन्हें दोबारा किसी भी प्रकार का अपराध न करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कर्म का फल अवश्य भोगना पड़ता है इससे कोई बच नहीं सकता। अतः हमें अच्छे कर्म करना चाहिए। उन्होंने कैदियों को पौराणिक कथाओं /कहानियों तथा अनेक उदाहरण के माध्यम से अपराध न करने हेतु प्रोत्साहित किया। कहा कि क्रोध में आकर कोई भी गलत कदम न उठाएं क्रोध में लिया गया कोई भी गलत निर्णय/ कदम आपके पूरे घर ,परिवार को तबाह कर देता है। उन्होंने कहा कि अपराध करने के पश्चात जेल जाने पर आपके मां-बाप ,बच्चों को कितनी मुसीबत का सामना करना पड़ता है इसका चिंतन अवश्य करें तथा जेल से छूटने के बाद यह अवश्य ध्यान रखें कि दोबारा ऐसा कोई कदम ना उठाएं जिससे दोबारा जेल जाना पड़े और आपके परिवार को परेशान होना पड़े। उन्होंने कैदियों को संकल्प दिलाया कि जब भी जेल से छूटेंगे दोबारा ऐसी कोई भी गलती नहीं करेंगे जिससे यहां दोबारा आना पड़े। कहा कि नवयुवक पेशेवर अपराधियों से दूर रहें यह गलत रास्ता बताते हैं।

मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सभी जिला कारागारों को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से जोड़ा गया है ताकि यहां आने वाले युवाओं / कैदियों का कौशल उन्नयन कर उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाया जा सके तथा जेल से छूटने पर आय अर्जित कर सके। उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश में कुल 121000 कैदी थे इनमे से जुर्माना वाले कैदियों को एनजीओ/सामाजिक संगठनों के माध्यम से पैसा जमा कराकर उन्हें छुड़ाया गया है जिससे अब कैदियों की संख्या कम होकर 102000 बची हैं। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने निर्देश दिए कि कैदियों का किसी भी दशा में उत्पीड़न नहीं होना चाहिए।

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या को लेकर जताया रोष

**इटावा।** सुखदेव सिंह गोगामेडी की निर्मम हत्या के विरोध में विश्व क्षत्रिय एवं राजपूत समाज ने निंदा की। गत 8 दिसंबर को राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सामाजिक नेता आदरणीय सुखदेव सिंह गोगामेडी जयपुर के घर में घुसकर की गई हत्या राजपूत समाज के संगठन एवं क्षत्रिय समाज घोर निंदा करता है। केपी सिंह चौहान ने कहा है की जब जेएनयू की दीवारों पर लिखा गया था कि ब्राह्मण बनिया भारत छोड़ो तब सुखदेव सिंह गोगामेडी ने दहाड़ते हुए कहा था कि ब्राह्मण बनिया को भारत छोड़ने वालों को पहले क्षत्रियों की तलवारों से गुजरना होगा कैसे भूल जाएं उसे वीर के इस वचन को और जब पाकिस्तान से भी धमकियां आ रही थी तब भी सुखदेव सिंह गोगामेडी जी सनातन को मजबूत कर रहे थे।

# एसएसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं



**इटावा। समृद्धि न्यूज**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सिविल लाइन पर पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराया गया। माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा थाना सिविल लाइन पर पहुंचकर थाना पर आये आम लोगों की समस्याओं को सुना गया जिसमें द्वारा लोगों से शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर एवं समस्या के बारे में जानकारी कर सम्बंधित को घटना स्थल पर जाकर समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधिकरी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बूथों पर आज पिलाई जाएगी बच्चों को पोलियो खुराक

**इटावा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत भरथना के 144 बूथों पर 0 से 5 साल तक के 44 हजार 328 बच्चो को दवा पिलाई जाएगी सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित दीक्षित ने बताया कि आगामी 10 दिसम्बर को पल्स पोलियो अभियान के तहत क्षेत्र में 144 पोलियो बूथों पर 0 से 5 वर्ष के 44 हजार 328 बच्चो को दवा पिलाई जाएगी। रेलवे स्टेशन,बस स्टॉप व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पोलियो बूथ बनाएं गए है। दिनांक 11 दिसम्बर से 15 दिसम्बर के मध्य स्वास्थ्यकर्मियों की टीम घर घर जाकर पोलियो वैक्सीन पिलाई जाएगी। अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चो को दिनांक 18 दिसम्बर को पोलियो वैक्सीन पिलाई जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित दीक्षित ने स्वयंसेवी संस्थाओं,संभ्रांत जनों समेत अभिभावकों को बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाने में सहयोग करने की अपील की।

# इटावा महोत्सव प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ आज

> उद्घाटन समारोह में मुंबई के मशहूर कोणकन्या बैंड की शानदार प्रस्तुति के साथ आतिशबाजी का कार्यक्रम भी होगा आयोजित

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ अवसर निकट है, ऐसे में प्रदर्शनी समिति आप सभी का 10 दिसंबर 2023, दिन रविवार को शाम 4 बजे से होने वाले उद्घाटन समारोह में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है। उद्घाटन समारोह में मुंबई के मशहूर कोणकन्या बैंड की शानदार प्रस्तुति के साथ भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा प्रदर्शनी गेट पर परंपरागत रूप से द्वार पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा।

# पुलिस ने फर्जी वकील सहित दो को किया गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन पुलिस ने कोर्ट में फर्जी रजिस्ट्रेशन से परिवाद वाद दायर करने वाले फर्जी वकील सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जनपद मथुरा निवासी वादी रुपचन्द्र पुत्र जगजीत सिंह द्वारा थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी गयी कि 13 अप्रैल 2023 को एडवोकेट दीपक यादव रजिस्ट्रेशन नं. 1781/2006 द्वारा न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट इटावा के यहां उसके विरुद्ध एक परिवाद दायर किया था। जब वादी द्वारा उक्त एडवोकेट के रजिस्ट्रेशन नं. का सत्यापन किया गया तो उक्त रजिस्ट्रेशन नं. किसी अन्य वकील के नाम पजींकृत था तथा वकालत नामा पर अंकित मो. नं. भी किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज था । बार काउन्सिल ऑफ उत्तरप्रदेश इलाहाबाद में भी उक्त रजिस्ट्रेशन नं. से कोई वकील दर्ज नही है, वादी की तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन पर धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि पंजीकृत किया गया। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा संबंधित वांछित आरोपियों सीताराम पुत्र दीवान सिंह निवासी सुखदेवबुर्ज थाना बलदेव मथुरा प्रतीक पुत्र सीताराम निवासी सुखदेवबुर्ज थाना बलदेव मथुरा को जनपद मथुरा में उनके घर से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में यशवन्त सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइन, उ.नि. ललित कुमार व मय टीम का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम

## मेला में पहलवानों ने दिखाया दमखम

# दो दिवसीय दंगल का पूर्व सांसद ने किया शुभारम्भ

**चरखारी, महोबा समृद्धि न्यूज।**



मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ जू के उपलक्ष्य में आयोजित अखिल भारतीय दंगल में देश के कौने कौने से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव पेंच दिखाते हुए रोमांच पैदा किया वहीं वृन्दावन से आयी महिला पहलवान गौरी पाण्डेय ने जिददी पहलवान एटा को चारो खाने चित्त करते हुए दंगल प्रेमियों में उत्साह पैदा किया साथ ही आए हुए अतिथियों ने महिला पहलवान पर जमकर रूपया लुटाया। मेला परिसर में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय दंगल का शुभारम्भ पूर्व सांसद तथा सपा के राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर प्रसाद ने किया तथा विधिवित शुभारम्भ के उपरान्त देश के कौने कौने से आए पहलवानों ने कुश्ती के दावं पेंच दिखाए, दंगल के पहले दिन पहली कुश्ती मुकेश पन्ना एवं महेन्द्र गुढ़ा के बीच हुई जिसमें स्थानीय पहलवान महेन्द्र ने मुकेश को हराया। लवकुश यादव उन्नाव एवं मोहित गुढ़ा के बीच कांटे की टक्कर रही तथा मुकाबला बेनतीजा रहा। बादल राजस्थान एवं लक्ष्मण हनुमान गढ़ी अयोध्या के बीच मुकाबाला को सर्वाधिक सराहा गया जिसमें कमजोर दिखने वाले लक्ष्मण पहलवान ने बादल पहलवान राजस्थान को चारों खाने चित्त कर दिया तथा जमकर इनाम पाया। राहुल हरिद्वारा एवं राजू राजस्थान के बीच भी मुकाबला बराबर पर छूटा' खालिक मुरादाबाद एवं अमित हरियाण का मुकाबाला भी रोमांच से भरा रहा तथा कुश्ती प्रेमियों ने इस मुकाबला में जमकर आनन्द उठाया जिसमें खालिक मुरादाबाद ने अमित को हराया। महिला पहलवान गौरी पाण्डेय वृन्दावन एवं जिददी पहलवान एटा का मुकाबला सनसनी फैलाने वाला रहा जिसमें महिला पहलवान ने जिददी की जिद को चकनाचूर करते हुए धूल चटा दी। इसके अलावा राकी दिल्ली ने रणवीर हरियाण को बाबा लक्ष्मणदास अयोध्या ने विवेक मथुरा को हराया जबकि भूपे।न्द्र उन्नाव व रितिक हरियाणा तथा लवकुश उन्नाव व खालिक के बीच मुकाबला बराबर पर छूटा। कुश्तियों के दौरान पूर्व मन्त्री कु0 बादशाह , विधायक बबेरू विशम्भर , कप्तान सिंह राजपूत पूर्व , गजेन्द्र कुशवाहा आनन्द यादव विनोद , दीपक कुशवाहा चैयरमैन प्रतिनिधि , अध्यक्ष मंजू , रामपाल , दादा कन्हैयालाल , सतीश , नाथूराम , रामराजा , पालिका वरिष्ठ लिपिक अययूब खां, संजीत कुमार सहित सभी सभासद मौजूद रहे।

# डीएम व विधाययक ने पल्स पोलियो रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

उरई(जालौन)। समृद्धि न्यूज




**राष्ट्रीय** पल्स पोलियो महा अभियान 10 दिसम्बर 2023 के सफल संचालन हेतु 09 दिसम्बर 2023 को प्रचार-प्रसार हेतु बैंड-बाजे के साथ जन जागरण रैली जिला चिकित्सालय उरई परिसर से विधायक सदर उरई गौरी शंकर वर्मा एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एनसीसी केडेटस, नगर क्षेत्र उरई की आंगनवाडी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, आशा कार्यकत्रियों, एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वास उपस्थित रहकर रैली में प्रतिभाग किया। रैली जिला चिकित्सालय प्रांगण से होकर शहीद भगत सिंह चौराहा (मच्छर चौराहा), माहिल तालाब से होकर बजरिया से होते हुये गणेश गंज होकर जिला चिकित्सालय परिसर में समाप्त हुई। विधायक सदर ने सभी को सम्बोधित कर अपील की कि अपने 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो दवा अवश्य पिलायें, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद वासियो से अपील की कि 10 दिसम्बर 2023 को बूथ दिवस पर अपने एवं अडोस-पड़ोस के 0-5 वर्ष के बच्चो को नजदीकी पोलियो बूथ पर स्वयं लाकर बच्चो को पोलियो दवा अवश्य पिलाये एवं अपने नोनिहालों को विकलांगता जैसे अभिश्राप से मुक्ति दिलायें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने अपने सम्बोधन में जनपद वासियो, समाज सेवियों, धर्मगुरूओ सें अनुरोध किया कि 10 दिसम्बर 2023 को यूथ दिवस पर शतप्रतिशत 0 से 5 वर्ष के बच्चो को दवा पिलाने हेतु मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा चर्च आदि से बच्चो को दवा पिलाने हेतु समाज को जागरूक एवं प्रेरित करें। अन्त मे जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र भिटौरिया ने उपस्थिति सभी अधिकारियोध्कर्मचारियो, रैली में प्रतिभाग करने वाले आगनवाडियो, स्कूली बच्चो एनसीसीसी केडिट आदि अभार प्रकट करते हुये धन्यवाद दिया। बच्चो को पोलियो से वचाना है, दो बूंद जिन्दगी की पोलियो ड्राप पिलाना है। दो बूंद हर वार, पोलियो पर जीत रहे वरकरार। एक ही नारा गूंजे आज, पोलियो मुक्त करो समाज। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय उरई डा. अवनीश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय उरई डा. सुनीता बनौधा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसडी चौधरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अरविन्द भूषण, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया, एसएमओ डा. अनविता मिश्रा, सहयोगी संस्थाएं यूनीसेफ, यूएनडीपी, डब्लूएचओ के जनपद प्रतिनिधि जिला समन्वयक शिक्षा विभाग, समाज सेवी रामशरण जाटव, अपर शोध अधिकारी आरपी विश्वकर्मा, एचईओ अरविन्द्र कुमार, वायोलॉजिस्ट भावना वर्मा, इसके अतिरिक्त, पुलिस विभाग के अधिकारियो कर्मचारियो द्वारा यतायात व्यवस्था वनाये रखी।

# एमजे एक्टिविटी स्कूल में मेला का आयोजन

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज





**शनिवार को** उतरौला के एम जे एक्टिविटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में डायरेक्टर सैयद समीर रिजवी की देखरेख में भव्य बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले में सोडा ड्रिंक, भेलपुरी, पॉपकॉर्न, कॉटन कैंडी, समोसा, मटर, चाय, वेज रोल, फीड द क्लाउन , पजल, व बजर गेम, फ्राइड राइस, चाउमीन, सैंडविच, कॉफी, छोला भटूरा, रबड़ी जलेबी, शाही टुकड़ा, गाजर हलवा, मोमोज, गुलाब जामुन, पानी पुरी, दही पुरी, चाट पापड़ी, पकोड़ा, मूर्ति पेंटिंग, यूटेंसिल्स, फ्रेंच फ्राई, ड्राई फ्रूट, मैगी, हिट एंड विन, बैलून शूटिंग, ग्लास पिरामिड थ्रो, मिकी माउस, ट्राई योर लक, समेत लगभग 30 काउंटर लगाए गए थे। सभी काउंटर पर छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए पकवान, व्यंजन व फास्ट फूड का विक्रय किया जा रहा था। बाल मेले में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। टोकन काउंटर से टोकन खरीद कर अभिभावक एवं बच्चे स्वादिष्ट पकवान व अन्य व्यंजनों का आनंद ले रहे थे। डायरेक्टर समीर रिज़वी ने बताया कि भव्य बाल मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन, छुपी प्रतिभा, कला व आत्मनिर्भर के तहत स्वरोजगार करने के अवसर तलाश करना। भव्य बाल मेला आयोजन में प्रधानाचार्य हिमांशुधर द्विवेदी, सिज्जू रिज़वी, फसीहुद्दीन खान, कायम मेहंदी, मीसम अब्बास, अवधेश श्रीवास्तव, हर्षिता, प्रिंस कुमार मिश्रा, आशुतोष, रविंद्र कुमार का सराहनीय सहयोग रहा। पूर्व चेयरमैन अनूप चंद गुप्त, प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे, साजिदा इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ एहसान खान, स्कॉलर एकेडमी के प्रबंधक असलम शेर खान, एच आरए इंटर कॉलेज के प्रबंधक अंसार खान, इमानुएल चर्च स्कूल के प्रधानाचार्य आशीष विक्टर, एडवोकेट सुधीर श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में लोगों ने भव्य बाल मेले का आनंद लिया।

## खबरें एक नजर में

### महाविद्यालय में 12 दिसंबर को बांटे जाएंगे स्मार्टफोन

**दुद्धी, सोनभद्र।** स्थानीय भाऊ राव देवरस राजकीय डिग्री कॉलेज में स्मार्ट फोन का वितरण 12 दिसम्बर को किया जायेगा। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ अजय कुमार ने बताया कि 12 दिसम्बर 2023 को स्नातक अंतिम वर्ष पूर्ण कर चुके छात्रों को स्मार्ट फोन वितरण किया जायेगा।कॉलेज प्रशासन छात्रों को स्मार्ट फोन वितरण की तैयारी शुरु कर दी हैं।स्मार्ट फोन वितरण के लिए विश्वविद्यालय से प्राप्त सूची सूचना बोर्ड पर चस्पा कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि करीब 452 छात्र /छात्राएं सूची के अनुसार पात्र हैं। उन्होंने बताया कि पात्र छात्रों को अपने साथ प्रवेश पत्र तथा आधार कार्ड लेकर आना हैं।

### सावधान- लौंआ नदी पुल के पास व विंढगंज सड़क गड्ढे में तब्दील कभी भी हो सकता है बड़ी दुर्घटना

**दुद्धी सोनभद्र ।** दुद्धी से हाथी नाला जाने वाली एन एच - 39 रीवा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीड़र स्थित पुलिया के पास सड़क व विंढमगंज पेट्रोल पंप घिवही रेलवे गेट,झारोकला रेलवे गेट आदि गड्ढे में तब्दील हो गई हैं जिस पर कई दुपहिया वाहन चालक जख्मी भी हो चुके हैं आसपास दो मंदिर हैं जहाँ दर्शनार्थियों की भीड़ रहती है द्य और उक्त देवस्थान से सटे सड़क गड्ढे में तब्दील होना जनहित के लिए खतरे का सबब बन रहा है द्य साथ हीं माननीय मुख्यमंत्री का आदेश कार्यदायी संस्था पर बेअसर दिख रहा द्य रविंद्र जायसवाल नें जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहाँ की सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सरकार के निर्देश का शीघ्र अनुपालन करते हुए सड़क गड्ढा मुक्त पूर्ण रूप से कराया जाए द्य और जनधन की हानि होने से बचाया जाए।

### मुस्कान के तहत दिल्ली से गुमशुदा बालक परिजनों को सौंपा पुलिस ने

**कुठौंद(जालौन)।** थाना कुठौंद क्षेत्र दो दिन से लापता सात वर्ष के बालक को कड़ी मशक्कत के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश प्रजापति ने परिजनों को सौंप। मां के डांटने से नाराज सात वर्षीय मासूम बालक घर से भाग कर कुठौंद थाना क्षेत्र के हरसिंगपुर गांव में आ गया था वहां पर पूर्व प्रधान सचिन पाठक ने मासूम देशराज सिंह को खाना खिलाया व थाने ले जाकर कुठौंद पुलिस को जानकारी दी। मामले में थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए दिल्ली पंजाब वा अन्य प्रदेशों की पुलिस से संपर्क करते हुए परिजनों को खोजने का प्रयास किया जिसमें उनको सफलता मिली। थाना तिलक नगर दिल्ली में बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज थी आज गुमशुदा बालक देशराज को पुलिस ने उसके पिता बलवंत सिंह को शकुशल सुपुर्द कर दिया। बच्चों को पाकर परिजनों द्वारा पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया एवं थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति की सराहना की।

### समाधान दिवस में समस्याएं सुनी कोतवाल ने

**जालौन।** कोतवाली में आयोजित हुए समाधान दिवस में आठ फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें से चार पुलिस विभाग की चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कोतवाली में कोतवाल विमलेश कुमार की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में मात्र आठ फरियादी ही पहुंचे। जिनमें से चार फरियादियों ने पुलिस विभाग से संबंधित एवं चार फरियादियों ने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें से पुलिस विभाग से संबंधित चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों को सौंपा गया है। इस मौके पर इस्पेक्टर क्राइम जगदम्बा प्रसाद, एसआई केपी यादव, ओंकार सिंह, वैभव त्रिपाठी, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### ई रिक्शा की टक्कर से युवक घायल

**जालौन।** पैदल जा रहे युवक को ई रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। पीड़ित की मां ने कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी रजिया बेगम ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र रहीश मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। बीती छह दिसंबर को वह किसी काम के चलते अकोढ़ी दुबे के पास कामांक्षा देवी मंदिर के पास गया था।

# अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस सम्पन्न




बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**अपर पुलिस** अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार द्वारा 9 दिसम्बर को थाना हरैय्या में आयोजित थाना समाधान दिवस पर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इसी क्रम मे क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय द्वारा थाना गौरा चौराहा में व क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योतिश्री द्वारा थाना को0 उतरौला* में तथा समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थानों में जन सुनवाई के दौरान आम-जन की शिकायतों/समस्याओं की सुनवाई कर किया गया निस्तारण।

### थाना समाधान दिवस में 12 मामले प्रस्तुत, दो प्रकरण मौके पर निपटे

**कालपी(जालौन)।** शनिवार को कोतवाली के मीटिंग हाल में अतिरिक्त निरीक्षक की मौजूदगी में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 12 मामले प्रस्तुत किए गए। जिसमें से दो प्रकरणों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद तथा राजस्व कर्मचारियों के द्वारा कालपी नगर के एक भूखंड तथा कुरहना गांव की जमीन विवाद का मामला मौके पर निस्तारण कर दिया गया। महमूदपुर चौकी इंचार्ज संतोष कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह उप निरीक्षक वसीम अहमद,सब इंस्पेक्टर अभिलाख सिंह, राजेश कुमार, सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह, प्रमोद दुवे राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह के अलावा राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने बताया अन्य मामलों को निपटाने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है।

# मां विंध्यवासिनी एवं काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित होगा देवीपाटन मन्दिर

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

- जिलाधिकारी अरविन्द सिंह सोमवार को बड़े मन्दिरों के लिए कार्य कर चुकी आर्कीटेक्ट्स की टीम के साथ करेगें बैठक
- बैठक के बाद डीएम, आर्कीटेक्ट्स की टीम और अधिकारियों के साथ मन्दिर का करेगें स्थलीय निरीक्षण, तय होगी रूपरेखा

**51 शक्तिपीठों** में शामिल मां पाटेश्वरी मन्दिर देवीपाटन को काशी विश्वनाथ वनारस एवं मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर मिर्जापुर के तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने शासन स्तर से इसके लिए सैद्धान्तिक सहमति मिलने के बाद आगामी सोमवार 11 दिसम्बर को बड़ी बैठक बुलाई है जिसमें बड़े मन्दिरों पर कार्य कर चुके हाइटेक आर्कीटेक्ट्स एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेगें। बैठक में आर्कीटेक्ट्स की टीम द्वारा मन्दिर के उच्चीकरण एवं सुन्दरीकरण का प्रजेन्टेशन किया जाएगा। मीटिंग के बाद जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों के साथ देवीपाटन मन्दिर का निरीक्षण कर आगे की रूप रेखा तय की जाएगी।

देपीपाटन मन्दिर के मुख्य मन्दिर, आउटर एरिया एवं पूरे परिक्षेत्र का विकास मन्दिरों के निर्माण की पौराणिक नागर शैली(उत्तर भारतीय शैली), द्रविड़ शैली(दक्षिण भारतीय शैली) तथा वेसर शैली (मध्य भारतीय शैली) एवं स्थापत्य वास्तुकला का गहन अध्ययन करने के उपरान्त किया जाएगा। मन्दिर के उच्चीकरण एवं सुन्दरीकरण में उपयुक्त वास्तुकला का पूरा ध्यान रखा जाएगा और उसी के अनुसार प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मन्दिर के विकास के लिए बड़े मन्दिरों के लिए काम कर चुकी आर्कीटेक्ट्स की टीम बुलाई गई है जिसके साथ बैठक कर शीघ्र ही प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रस्तावित यूनीवर्सिटी के लिए भूमि की खरीद का कार्य पूरा होने के तुरन्त बाद मन्दिर के विकास के लिए बड़े पैमाने पर जमीन खरीदने का काम शुरू होगा। गौरतलब है कि शक्तिपीठ देवीपाटन 51 शक्तिपीठों में से एक है और अपना विशेष महत्व रखता है। मन्दिर को धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की सैद्धान्तिक सहमति शासन से प्राप्त हो चुकी है। आगामी वित्तीय वित्तीय वर्ष में मन्दिर के कायाकल्प का कार्य शुरू हो जाएगा। मन्दिर के विकास के साथ ही मन्दिर के आस-पास सम्पर्क एवं मुख्य मार्गो का बेतहरीन सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही पर्यटन सुविधाओं के हर बिन्दु को ध्यान में रखकर कार्य कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा विगत कुछ माह से मन्दिर के विकास की रणनीति पर कार्य किया जा रहा था जिस पर शासन से सैद्धान्तिक मुहर लग गई है। इसके अलावा देवीपाटन मन्दिर पर आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्रि के मेले की महत्ता एवं राजकीय मेला होने के दृष्टिगत भारी भीड़ एवं वीवीआईपी आगमन को ध्यान में रखते हुए निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग तुलसीपुर परिसर में चार अदद वीआईपी सूट के निर्माण के लिए 159 लाख रूपए की लागत का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद वीआईपी सूट के निर्माण का कार्य शुरू कराया जाएगा।

# दुद्धी को जिला बनाएं जाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति और अधिवक्ताओं ने निकाला जुलूस प्रदर्शन नारेबाजी

दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज




**दुद्धी को** जिला बनाओ संघर्ष समिति ने दुद्धी को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर आज शनिवार को संघर्ष समिति और अधिवक्ताओं ने कचहरी गेट पर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि दुद्धी तहसील का बॉर्डर सोनभद्र जनपद मुख्यालय से 150 किलोमीटर की दूरी पर है। तीन प्रांत से घिरा हुआ है यह क्षेत्र आदिवासी पिछड़ा, बाहुल्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। दुद्धी को जिला बनाने की मांग बीते तीन दशकों से चल रहा है। पिछली बार विधानसभा के चुनाव में भाजपा के कई नेताओं ने दुद्धी को जिला बनाने का वादा किया था लेकिन वादा आज भी कोरा साबित हो रहा है। दुद्धी जिला बनने के सभी मानक को भी पूरा कर रहा है। इसके साथ ही सरकार को भारी मात्रा में रेवेन्यू दुद्धी तहसील से मिलता है वही विधान सभा चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष के प्रदेश व केंद्र के मंत्रियों व नेताओं ने दुद्धी को जिला बनाने का वादा किया था। इसलिए जनहित में दुद्धी को जिला बनाया जाऐ। दुद्धी बार संघ अध्यक्ष रामपाल जौहरी जिला बनाओ संघर्ष समिति के महासचिव प्रभु सिंह एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव कुलभूषण पांडे अरुणोदय जौहरी, सुरेंद्र दत्त उपाध्याय सत्यनारायण यादव संतोष कुमार रमेश कुशवाहा अधिवक्ता प्रेमचंद, जवाहरलाल अग्रहरि जीवन राम चंद्रवंशी राकेश कुमार अग्रहरी, प्रेम चन्द्र गुप्ता राकेश कुमार तिवारी आशीष गुप्ता रेनू गुप्ता अमरावती देवी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण मौके पर मौजूद रहे।

# सड़कों पर यातायात सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर लायसेंस होंगे निरस्त: एआरटीओ

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**सड़को पर** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की अनदेखी करके वाहन चलाने वालों वाहन चालकों के खिलाफ परिवहन मंत्रालय ने सख्त रुख अपनाते हुए तीन बार से अधिक चालान वाले चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त व तीन बार से अधिक लाइसेंस पर चालान होने पर वहां का पंजीयन निरस्त करने का निर्देश जारी किया है।

परिवहन मंत्रालय द्वारा पूर्व में जारी निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा यातायात एवं यातायात नियमों को बार बार तोड़कर सड़कों पर फर्राटा भरने वाले वाहन चालक को अब चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर सिर्फ चालान करके नही छोड़ा जाएगा यदि एक ही चालक के ड्राइविंग लाइसेंस पर पूर्व में ही नियम तोड़ने के आरोप में तीन बार चालान करने की कार्यवाही की जा चुकी है और वही चालक फिर से ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में रेड लाइट जम्पिंग, ओवररपीडिंग, ओवरलोडिंग, मालवाहक गड़ियों में व्यक्तियों को ले जाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्रंकन ड्राइविंग जैसे विभिन्न अपराधों में पकड़ा जाता है तो अब ड्राइविंग लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही करने के साथ साथ वाहन के पंजीयन निलम्बन / निरस्तीकरण की भी कार्यवाही की जायगी

### अब तक 80 चालकों के लाइसेंस हो चुके है निरस्त

सुरक्षा एवं यातायात नियमों की अनदेखी करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है पूर्व में जिले के अलग अलग तहसीलों में चेकिंग करते समय तीन बार से ज्यादा नियम तोड़ने वाले 80 कई जिलों के वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त कराया जा चुका है

एआरटीओ
अरविंद कुमार यादव

**लोक अदालत** — वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किए गए कुल 26755 वाद, वसूली गई 246078393 रुपए की कुल समझौता राशि

# सुलह और समझौते में सभी का रहे मान और सभी को मिले न्याय: जिला जज

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



**लोक** अदालत की मूल भावना में लोक कल्याण की भावना समाहित है।सुलह और समझौता के दौरान सभी का मान तथा सम्मान बना रहे और सभी को न्याय मिले,इसका ध्यान रखा जाता है। शनिवार को यह बातें जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव ने कही।वे जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत के शुभारंभ अवसर पर मौजूद न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और आम जनमानस को संबोधित कर रहे थे। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है। इतिहास में दर्ज है कि सदियों पहले जब अदालतें नहीं हुआ करती थी, तब दो पक्षों के आपसी मतभेद को सुलह समझौता के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्ति एक निर्धारित स्थल पर बैठकर दोनों पक्षों की बातें सुनकर यह निर्णय लेते थे कि दोनों पक्षों का हित किसमें हैं? और इसी को देखते हुए सुलह समझौता कराते थे तथा समाज में इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई पड़ते थे। उन्होंने कहा कि सुलह समझौते में दोनों पक्षों के मध्य आपसी क्लेश, मतभेद व दुर्भावना समाप्त हो जाती थी। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि लोक कल्याण की भावना से ओत-प्रोत उसी स्वरूप को माननीय उच्चतम न्यायालय और माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विस्तार रूप देते हुए एक स्थल तथा एक मंच पर बहुत सारे वादों को सुलह समझौता के आधार पर समाप्त कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराने का निर्देश दिया जाता हैं, जिसमें दोनों पक्षों के हित के साथ सामाजिक प्रेम भावना भी समाहित है। उन्होंने कहा कि लोग मिल-जुल कर प्रेम भावना से रहे,जो समाज व राष्ट्र के हित में है।यदि आपसी मतभेद पनपते भी हैं,तो उसे शांति तथा सदभाव के साथ समाप्त करने का प्रथम प्रयास दोनों पक्षों द्वारा किया जाना चाहिए।यदि प्रथम प्रयास में दोनों पक्ष सफल नहीं होते है तभी उन्हें न्यायालय के शरण जाना चाहिए। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद न्यायालय परिसर के अतिरिक्त कलेक्ट्रेट और सभी तहसीलों में आपसी सुलह समझौता के आधार पर वादों का निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि लोक अदालत के आयोजन में आने वाले दोनों पक्षों के बैठने, शुद्ध पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था करायी गई है।लोक अदालत में आने वाले सभी व्यक्ति के सुविधा का ख्याल रखा गया है और यह प्रयास किया जा रहा है कि आज इस वृहद लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौता के माध्यम से समाप्त कराकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य का लाभ दिलाया जा सके।उन्होंने बताया की धारा 138 पराकाम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.ऐक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद बाद,विद्युत एवं जलवाद बिल, (अशमनीय वादों को छोड़कर) अन्य आपराधिक शमनीय वाद,पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबन्धित वेतन,भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले,राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय में लम्बित हो, अन्य सिविल वाद आदि निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ श्री श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों का निरीक्षण किया और मौजूद कर्मियों से जानकारी ली।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर घर में घुसते घुसते बच्चा बाल बाल बचे लोग

**दुद्धी, सोनभद्र।** दुद्धी कस्बे के अमवार रोड में शनिवार की अल सुबह एक अनियंत्रित ट्रैक्टर घर में घुसते घुसते से बच गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बड़ा हादसा टलने से मकान मालिक सहित अन्य लोगों ने राहत की सांस ली।संयोग अच्छा रहा कि अनियंत्रित ट्रैक्टर पोल को तोड़ते ही रुक गई वरना घर मे भी घुस जाती तो मकान क्षति के साथ साथ बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जाता हैं कि खजुरी निवासी एक व्यक्ति की ट्रैक्टर दुद्धी की तरफ से खजुरी जा रही थी कि अमवार रोड स्थित शिवा हॉस्पिटल के पास अनियंत्रित हो गई और अनियंत्रित ट्रैक्टर नाली को क्षतिग्रस्त करते हुए बिजली के पोल को तोड़ते हुए लड्डू राम के घर में घुसते घुसते बच गई।प्रत्यक्षदर्शियो की मानें तो अगर लड्डू राम के घर के पास बिजली का पोल नहीं होता तो बड़ी घटना घट सकती थी, वो तो संयोग अच्छा था कि बिजली की पोल ने हादसे से बचा लिया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत छिबरौली,विकास खण्ड चकरनगर इटावा

पत्रांकः- ...../ग्रा.पं./निविदा/कुटेशन विज्ञाप्ति/2023-24 दिनांकः 07.12.2023

कार्यालय ज्ञापन
अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत छिबरौली विकास खण्ड चकरनगर इटावा में निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु जनपद-इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कान्टेक्टर से निविदायें/कुटेशन दिनांक 8.12.2023 से 13.12.2023 तक समय 02.00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 13.12.2023 को ग्राम पंचायत समिति द्वारा उपस्थित कुटेशन/निविदादाताओं के समक्ष अपरानह 03.00 बजे खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बंधित नियमों की जानकारी ग्राम पंचायत सचिव से कार्यालय कार्य दिवस में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा/कुटेशन की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/प्रधान में निहित है। निविदा/कुटेशन संबंधी जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. स. | योजना/ विभाग | कार्य विवरण | प्राक्कलन लागत | राज्य/केन्द्रीय वित्त आयोग | मनरेगा | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय में टाइल्स निर्माण कार्य कायक्षी | 5.89 लाख | राज्य/केन्द्रीय वित्त | Nil | 11780 |

प्रधान
ग्राम पंचायत छिबरौली
विकास खण्ड चकरनगर, इटावा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत छिबरौली
विकास खण्ड चकरनगर, इटावा

# जनपद में कोई भी दिव्यांग कृत्रिम उपकरणों से वंचित नहीं रहेगा: सुब्रत पाठक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में एडिप योजना अंतर्गत केके इण्टर कालेज के खेल मैदान मे आयोजित हुआ दिव्यांगजन नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण समारोह
- सांसद सुब्रत पाठक ने दिव्यागजनों को वितरित किए कृत्रिम उपकरण



**शनिवार को** केके इण्टर कालेज के खेल मैदान में भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में एडिप योजना अंतर्गत नि:शुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सांसद सुब्रत पाठक ने दिव्यांगजनों को कृतिम उपकरण वितरण करते हुए कहा कि जनपद में कोई भी दिव्यांग कृत्रिम उपकरणों से वंचित नही रहेगा। सरकार और पूरा समाज सब मिल कर दिव्यांगजनों के हित के लिये अच्छा प्रयास कर उनकी दिनचर्या को और अधिक बेहतर बनाने का कार्य करेगें।'

सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री का संकल्प है कि आप सभी दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाने के लिये प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, ब्हील चेयर, बैशाखी, कान की मशीन वितरण की गई है जिन दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, ब्हील चेयर, बैशाखी, कान की मशीन से वंचित रह गये है उनको भी ट्राई साइकिल प्रदान की जायेगी।सांसद ने कहा कि 2019 का साल हम अपने जीवन में कभी भूल नहीं सकते, 2 फरवरी की रात में जब हम दिल्ली से वापस कन्नौज आ रहे थे एक दुर्घटना में हमारे पिता, हमारे फूफा और हमारी बुआ दुनिया से विदा हो गए। कुछ समय बाद चुनाव हुआ लोकसभा के चुनाव में आप सब के आशीर्वाद से कन्नौज की महान जनता के प्यार से कन्नौज ने हमें संसद भेजने का काम किया। जब हम संसद पहुंचे उस समय 3 फरवरी 2020 जब हमारे पूजनीय पिता जी की पहली पुण्यतिथि थी। कहा कि हम लोग राजनीति में धन कमाने के लिए नहीं आए हैं, हमें ईश्वर ने जितना दिया है उसमें हम संतुष्ट हैं राजनीति कोई धन कमाने का साधन नहीं हैराजनीति तो मोदी जी जैसे तपस्वी की सेवा करने का माध्यम है। यही सोच के साथ हमें भारत सरकार के द्वारा जो वेतन मिल रहा है उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं है हम कोई सरकार की नौकरी नहीं कर रहे हैं जो पैसा मिल रहा है, हमने निर्णय किया है वह पैसा अपने क्षेत्र के भले तथा जरूरतमंद के काम में लगाएंगे पहले साल यह बात तय हुई कि इस पैसे का क्या किया जाए तब एक हमारी पार्टी का कार्यकर्ता दिव्यांग था वह पार्टी के लिए काम करता था लाठी से चलता था हमने तय किया कि ऐसे लोगों का यदि हम जीवन परिवर्तित कर सकते हैं,जो सेवा कर सकते थे पहले साल में करी। उसके बाद अगली साल हमारे जिले के दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी तनुज त्रिपाठी हमारे कार्यालय के अवनीश बेरिया इन दोनों की मेहनत रंग लाई इन दोनों के मेहनत और कन्नौज की जनता का आशीर्वाद का माध्यम बने हम और मोदी जी का आशीर्वाद फिर सरकार ने भी सहयोग करना शुरू कर दिया और एक बड़ी संख्या में हम लोगों ने रजिस्ट्रेशन खोल दिए और दिव्यांगजनों का रजिस्ट्रेशन कराकर उपकरण वितरण किये। कहा कि हर साल रजिस्ट्रेशन होता है और सभी को उपकरण मिलते हैं लेकिन फिर भी कुछ लोग वंचित रह जाते हैं। एक व्यवस्था के तहत रजिस्ट्रेशन होता है उसके बाद परीक्षण होता है,परीक्षण के आधार पर नियम है जो 80 प्रतिशत में आते हैं उनको बैटरी वाली ट्राई साइकिल मिलती है,जो 80 प्रतिशत से कम वाले हैं उनको हाथ वाली ट्राई साईकिल उसके बाद जो दिव्यांग है किसी को ट्राई साइकिल किसी को व्हीलचेयर व किसी को बैसाखी आदि वितरित की गई। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी तनुज त्रिपाठी ने बताया कि आज 403 मोटर चालित तिपहिया साईकिल,507 सामान्य तिपहिया साईकिल,70 ब्हील चेयर, 24 कान की मशीन कुल 1004 दिव्यांगजनों वितरित की गई। इस अवसर पर विधायक रसूलाबाद पूनम शंखवार, भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल, जिला महामंत्री सौरभ कटियार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारीगण तथा लाभार्थी मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना का मुकदमा हुआ दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तेजी एवं लापरवाही से चले आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कर क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद कार के मालिक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दलापुरवा निवासी अरविंद सिंह ने पुलिस को बताया है कि 25 नवंबर 2023 की शाम 7.30 बजे कुडरीपुरवा प्राइमरी स्कूल के पास कार को खड़ी करके निजी कार्य से गांव में गया हुआ था। तभी तेरारब्बू निवासी रामलखन अपनी ट्रैक्टर को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद ट्रैक्टर चालक घटना करके फरार हो गया। पड़ोस के लोगों ने घटना की जानकारी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खंडित मूर्तियों का तालाब में किया भू विसर्जन

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज




**सनातन** शुद्धि अभियान ग्रुप की पहल पर खंडित मूर्तियों को एकत्र करके ककरारी तालाब में भू विसर्जन किया गया। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने भगवा झंडा दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। सनातन शुद्धि अभियान ग्रुप की प्रणेता साध्वी हरिप्रिया बाई ने कहा दीपावली पर लोग अपने घर की पुरानी मूर्तियां मंदिरों के बाहर रख आते हैं और नई मूर्ति खरीद कर पूजन करते हैं।

नगर के कई मंदिरों के बाहर देवी देवताओं की ऐसी मूर्तियों का ढेर लगा है जो सनातन धर्म का अपमान है। शनिवार को साध्वी हरिप्रिया बाई अपनी टीम के साथ नगर में सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ कालिका देवी मंदिर पहुंची। यहां पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने भगवा झंडा दिखाकर खंडित मूर्तियां एकत्र करने के अभियान का शुभारंभ किया और सनातनी लोगों से अपील करते हुए कहा अपने घर की पुरानी व खंडित मूर्तियां मंदिरों के बाहर फेंकने की बजाय विधिविधान पूर्वक ककरारी तालाब में उनका भू विसर्जन करें। साध्वी ने माल्यार्पण के बाद शाल ओढ़ाकर पालिकाध्यक्ष एवं मां अन्नपूर्णा जन सेवा समिति के विपिन गुप्ता को भी सम्मानित किया। यहां से बड़ी संख्या में एकत्र खंडित मूर्तियां नगरपालिका के लोडर में भरकर ककरारी तालाब पहुंचाई गई। वहां जेसीबी से गड्ढा खुदवा कर साध्वी हरिप्रिया बाई ने अपनी देखरेख में सभी मूर्तियों का भू विसर्जन करा दिया। मालूम हो कि पश्चिमी बाईपास स्थित कैलाश मार्केट में सतीश दुबे के आवास पर हर गुरुवार को साध्वी हरिप्रिया बाई सतसंग के लिए पहुंचती है।

## हत्या आरोपियों को अभयोग दर्ज होते ही अभियुक्त को दबोचा गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर बैजू में दहेज के लिए नव विवाहिता को पीटकर मार डाला घटना का प्रार्थना पत्र मृतक्षा के मामा ने कोतवाली में दिया। महेश कमल पुत्र श्री राम निवासी शिवराजपुर में कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया कि अपनी भांजी सोने की शादी बैज्जूरामपुर निवासी ऋषि पुत्र याद राम के साथ की थी ससुराल जान लगातार अतिरिक्त देश की मांग के लिए लगातार दबाव बनाते रहे कल ग्रामीणों द्वारा फोन से सूचना मिली कि भांजी सोनी की मारपीट कर हत्या कर दी गई है सूचना मिलते ही मामा नरेश कमल छिबरामऊ घर पर पहुंचकर घटना सही पाते ही ससुराली जनों के खिलाफ लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने अभियोग दर्ज कर आरोपियों को धर दबोचा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में लाखों रुपए का जुर्माना वसूल किया गया



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जिसका शुभारंभ अपर मुख्य दंडाधिकारी सिविल जज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अपार मुख दंडाधिकारी कोर्ट मे फौजदारी के 560 मामलो मे 30केसो मे एचआर स्वीकार की गई व 95150 जुर्माना वसूला गया। वही सिविल जज जूनियर डिवीजन अनूप उपाध्याय की कोर्ट मे कुल 94केसो मे 123350 रुपया वसूली हुई व उत्तराधिकारी के 6केसो मे 1306872 उत्तराधिकारी के प्रमाण पत्र स्वीकार किये गये। इस दौरान श्रीमती सलोनी रस्तोगी व अपार मुख दंडकारी व सिविल जज जूनियर डिवीजन अनूप उपाध्याय ने इस मौके सजीव गौतम, राजीव उपाध्याय, सुभाष शुक्ला, अमित भारद्वाज मनोज गोयल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, महिला की मौत

**सौरिख, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** दवा लेकर वापस आते समय अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार महिला सहित एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलो को एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल पहुचाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वही घायल युवक का उपचार जारी है। औरैया जनपद के थाना बिधूना के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी तबस्सुम बेगमउम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी मोहम्मद आजाद अहमद शुक्रवार को छिबरामऊ निवासी अपनी भांजी परवीन के यहां अपना इलाज कराने गई हुई थी। दवा लेने के बाद शनिवार सुबह अपने भांजे इकबाल के साथ बाइक पर बैठकर अपने घर बिधूना के मोहल्ला जवाहर नगर वापस जा रही थीं, जैसे ही इनकी बाइक थाना विशुनगढ़ के गांव कैरदा मोड़ के पास पहुंची थी कि तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख लाया गया। यहां चिकित्सकों ने महिला तबस्सुम बेगम को मृत घोषित कर दिया। वहीं युवक का उपचार जारी हे। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतका अपने पीछे तीन पुत्र एक पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गई वही अज्ञात वाहन के खिलाफ परिजनों ने थाना बिशुनगढ़ में तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बुखार की चपेट में आकर महिला की हुई मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** बुखार की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई समधन नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी इमरान हुसैन (उर्फ मन्नी)की पत्नी राविया बेगम 40 वर्ष बीता शुक्रवार को बुखार आ जानें से तबियत काफी बिगड़ गई परिवारजनों ने नगर स्थित एक निजी डॉक्टर को दिखाया सुधार न होने पर गुरसहायगंज दिखाया गया डाक्टरों ने हालत नाजुक देख फर्रुखाबाद के लिए रिफर कर दिया शनिवार सुबह करीब 5:00 बजे फर्रुखाबाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया मौत की खबर सुनते ही मृतक के घर सैकड़ो की संख्या में लोगों का जमाबड़ा लग गया समधन चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, मो0आमीन, इमान बंटा,पूर्व चेयरमैन मोहम्मद नकीम खान पूर्व सभासद शाहवाज हुसैन,सभासद जावेद अख्तर, सभासद कादिर उर्फ छोटे, शिवा यादव,मो0 आज़म आदि ने शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया।

### मामूली विवाद में दुकानदार से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद को लेकर आरोपितों ने दुकानदार के साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित दुकानदार के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी दीपू ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि मोहल्ला अफसरी निवासी कृष्ण, पिंकू, प्रेम ने उसके भाई प्रशांत की दुकान पर जाकर 08 दिसंबर की शाम 7.40 बजे गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके भाई प्रशांत के साथ मामूली विवाद को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

### शोक सभा कर सुखदेव सिंह गोगामेडी को दी श्रद्धांजलि

**सौरिख, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** कस्बा खड़नी के चौराहे स्थित भदौरिया मार्केट परिसर में सुबह 10 बजे सर्व समाज के द्वारा एक शोक सभा आहुति की गई जिसमें हाल ही जयपुर गोली कांड में मारे गए सुखदेव सिंह गोगामेडी के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुस्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गईइस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य बजरंग सिंह चौहान ने कहा की एक सोची समझी साजिश के तहत सुखदेव सिंह की हत्या की गई है किसी राजधानी के अंतर्गत इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया हम सभी यह मांग करते है अपराधियों को अति शीघ्र पकड़ कर सक्त कारवाही की जाए इस मौके पर प्रमुख रूप से हरीशचंद्र सिंह, अंशू तोमर,प्रमोद सिंह,प्रवेंद्र सिंह,कुलदीप कठेरिया विवेक सिंह, नील कमल सिंह, छोटू भदौरिया अतुल गुप्ता ,सैलू सिंह, लल्ले मिश्रा,उपेंद्र चौबे,प्रमोद शाक्य,सुरेंद्र शाक्य,संजू ,अनुज सिंह,गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस पर कोतवाल ने सुनी समस्याएं



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाधान दिवस पर कोतवाल ने पीड़ितों की समस्याएं सुनी और निस्तारण का भरोसा दिलाया। जिसमें पुलिस संबंधी दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि राजस्व संबंधी तीन शिकायतों को जाच के लिए राजस्व कर्मियों को सौंप दिया गया।

शनिवार को कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कोतवाल ने पीड़ितों की समस्याएं सुनी। इस दौरान पीड़ितों ने भूमि पर कब्जा, नाली के विवाद, भूमि विवाद, अवैध कब्जा आदि को लेकर शिकायतों को रखा। जिसमें कोतवाल ने पुलिस संबंधी दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। जबकि राजस्व संबंधी 03 शिकायतों को जांच के लिए राजस्व कर्मियों को सौंप दिया। इस दौरान उपनिरीक्षक अजब सिंह, नीलम सिंह, आनंद कुमार मिश्रा, विनय शर्मा सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## खाद एवं बीज की दुकानों पर चला छापामार अभियान

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**शनिवार को** जिले में बीज की दुकानों पर छापामार अभियान चलाया गया। सदर तहसील में उपकृषि निदेशक प्रमोद सिरोही तहसील तिर्वा में भूमि संरक्षण अधिकारी राम किशोर वर्मा और तहसील छिबरामऊ में जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह एवं अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में टीम ने 30 बीज की दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने 10 नमूने संगृहित किए। बिना सूचना के दुकान बंद करने के चलते चौहान खाद एवं बीज भंडार नादेमऊ, ज्योति ट्रेडर्स हसेरन, बालाजी बीज भंडार हसेरन तथा राहुल बीज भंडार हसेरन को नोटिस जारी किया गया।

छापेमारी के दौरान इंदरगढ़ में जिला कृषि अधिकारी ने कुछ लोगो को ट्रैक्टर में लादे हुए यूरिया की लगभग 125 बोरी ले जाते हुए पकड़ा। पूछताछ में बताया गया कि वह लोग किसान खाद भंडार इंदरगढ़ से यूरिया खरीद कर जनपद औरया क्षेत्र के मऊ लेकर जा रहे हैं। उक्त लोगों से पूछताछ के बाद संबंधित फर्म के विक्रेता को मौके पर बुलवाया गया और उससे जानकारी प्राप्त की गई उसके द्वारा बताया गया कि यह खाद उसने मऊ जनपद औरैया के परिचित किसानों के अनुरोध पर बिक्री की है। जिस पर संबंधित विक्रेता को चेतावनी दी गई कि किसी भी दशा में गैर जनपद को यूरिया डीएपी एवं एवं अन्य उर्वरकों की बिक्री नही की जाए। यदि भविष्य में दोबारा ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफप्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ट्रैक्टर को वापस दुकान पर लाकर यूरिया दुकान पर उतरवा दी गई। कृषि अधिकारी ने जनपद के समस्त थोक एवं खुदरा विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि किसी भी दशा में गैर जनपद में उर्वरकों का प्रेषण ना करें। गैर जनपद में उर्वरकों का प्रेषण करने पर जनपद मे खपत अधिक दिखती है, जबकि जनपद के किसानों द्वारा उसका उपयोग नहीं किया जाता है। प्रत्येक जनपद के लिए शासन द्वारा पूर्व में ही आवंटन कर दिया जाता है। कोई भी विक्रेता इस प्रकार का कृत्य बिलकुल न करें। टीमों की छापामार कार्यवाही से बीज दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा।

## डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

**सौरिख, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने थाना सौरिख में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुना और सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को थाना सौरिख में आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएस और एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों-कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने राजस्व की शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

## मृतक शिक्षक के परिवार को मिलेगी आर्थिक मदद: अंकित कटियार

- टीचर्स सेल्फकेअर टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण
- शिक्षक के परिजनों को ढांढस बंधाकर दी सांत्वना

गुरससहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



शिक्षक के परिवार को ढांढस बंधाते पदाधिकारी

**दिवंगत शिक्षक** के परिवारों की आर्थिक मदद करने वाली टीचर्स सेल्फ केयर टीम की स्थापना 26 जुलाई 2020 को विवेकानंद और उनके सहयोगियों ने की थी। कन्नौज की टीचर्स सेल्फ केअर टीम द्वारा स्व. व्यास नारायण पाण्डेय कम्पोजिट विद्यालय सिरमौरा तराई विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रूखाबाद में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु 21 अगस्त 2023 को हो गयी थी। जिसका स्थलीय निरीक्षण किया गया। शनिवार को यह जानकारी टीचर्स सेल्फकेअर टीम के जिला संयोजक अंकिम कटियार ने दी। बताया कि शिक्षक व्यास नारायण पांडे 03 जून 2021 से संगठन से जुड़े हुए थे और तब से निरंतर सहयोग कर रहे थे। इसलिए टीम द्वारा व्यास जी को 50 से 55 लाख की मदद की जाएगी। यदि कोई भी शिक्षक जेबज टीम से जुड़ा होता है और सहयोग करता है।यदि वह दिवंगत हो जाता है तो सबसे पहले उसका स्थलीय निरीक्षण किया जाता है। जांच आख्या संस्थापक को प्रेषित की जाती और इसके बाद उसका सहयोग 15 से 25 तारीख के बीच कराया जाता है। स्थलीय निरीक्षण में जनपद कन्नौज से अंकित कटियार जिला संयोजक, जिला सहसंयोजक सोनपाल, दिनेश चंद्र, पूजा शिवहरे, सुजीत कुमार, संजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**लोक अदालत** जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में वादकारियों की लगी भारी भीड़

## राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हुए मामले

कन्नौज,समृद्धि न्यूज






**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार को जिले जनपद न्यायालय समेत अन्य न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक का आयोजन हुआ। इस दौरान 46,030 वाद संदर्भित हुए, जिसमें सुलह समझौते के आधार पर कुल 38,563 वादों का निस्तारण किया गया तथा 14,81,88,033 रूपये आदेशित किये गये।

शनिवार को जनपद न्यायालय में आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विनोद कुमार जायसवाल, पीठसीन अधिकारी एम0ए0सी0टी0 शाहिद रजा, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत अशोक कुमार प्रेमी, अपर जनपद न्यायाधीश-प्रथम एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी लोकेश वरूण, तथा अपर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल, ने नवीन न्यायालय परिसर में मॉ सरस्वती की प्रतीमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में 'एम0ए0सी0टी0 न्यायालय में कुल 96 वाद संदर्भित किये गये जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 77 वाद निस्तारित किये गये। वहीं परिवार न्यायालय में कुल 67 वाद संदर्भित किये गये जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 61 वादों को निस्तारित किया गया। इसी तरह स्थायी लोक अदालत में कुल 18 वाद संदर्भित किये गये जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 07 वाद निस्तारित किये गये तथा सत्र न्यायालय स्तर पर कुल 509 वाद संदर्भित हुए, जिसमें से 319 वाद निस्तारित हुए। मजिस्ट्रेट न्यायालय स्तर पर कुल 4931 वाद संदर्भित हुए ,जिसमें से कुल 2,502 वाद निस्तारित हुए एवं दीवानी मामलों में कुल 43 वाद संदर्भित हुए और 29 मामलों का निस्तारण किया गया,। इस प्रकार जनपद न्यायालय में निस्तारण हेतु कुल 5664 वाद संदर्भित किए गए थे, जिनमें सुलह समझौते के आधार पर कुल वाद 2995 निस्तारित कर 32,861867 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित कर वसूल किया गया तथा 7143183 रूपये के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये गये। इसके 'अतिरिक्त प्रशासन स्तर पर कुल-40366 वाद संदर्भित किये गये थे, जिनमें 35568 वाद निस्तारित किये गये,' 'जिनमें कुल सुलह समझौते के आधार पर 10,81,82,983 रूपये लोन अकाउंट निस्तारित किए गये। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त न्यायिक अधिकारी बाह्म न्यायालय के छिबरामऊ ग्राम न्यायालय तिर्वा द्वारा भाग लिया गया। इसके अतिरिक्त बार के अध्यक्ष एवं सचिव, बैंक एवं बीमा कम्पनियों के अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्तागण, लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्तागण, पराविधिक स्वंय सेवक, न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। कलेक्ट्रेट एवं तहसील स्तर पर भी लोक अदालत का आयोजन किया गया।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, रविवार, 10 दिसम्बर, 2023










# ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट हुआ होल्ड: विकास राजपूत

- जनप्रतिनिधियों को नहीं है इसकी जानकारी, सिर्फ वाह-वाही लूटने में लगे
- जनता के हाथ फिर लगी निराशा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**युवा** नेता व समाजसेवी विकास राजपूत ने बताया कि जिले से गुजरने वाला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट अब होल्ड हो चुका है। अब वह नहीं बन सकेगा। उन्होंने बताया की एक बार फिर कहीं ना कहीं फर्रुखाबाद की जनता को मायूसी हाथ लगी है, कई सालो के इंतजार के बाद एक ऐसा एक्सप्रेस-वे जो की फर्रुखाबाद को विकास की धारा से जोड़ने का एक मात्र चारा था। जिसको भी जनप्रतिनिधियों ने अपनी अविकसित सोच से जिले से वंचित कराने का कार्य किया है। विकास राजपूत ने बताया कि इस जिले की राजनीति में अब बदलाव की आवश्यकता है। जिले को एक नई सोच की आवश्यकता है। तब कही जाकर जिले का सही विकास हो सकता है, वरना लोग बस एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहेंगे और अपनी राजनीति की रोटी सेंकते रहेंगे। बस इन सबके के बीच जनता पिसती रहेंगी। फर्रुखाबाद विकास कार्यों के लिए वर्ष व वर्ष तरसता रहेगा। इसी बीच जब विकास राजपूत से आगामी 2024 लोकसभा चुनाव की बात की तो उन्होंने बताया की वह भारतीय जनता पार्टी से फर्रुखाबाद सीट से ही चुनाव लडेंगे और यहां की जनता की हर वो समस्या सदन में उठाएंगे, जो पूर्व में यहां के जनप्रतिनिधि उठाने में अपनी शर्म समझते रहे है। जिन्होंने कभी भी सदन में फर्रुखाबाद के विकास कार्यों के लिए शीर्ष नेतृत्व को कभी अवगत नहीं कराया। आज जब 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी फर्रुखाबाद विकास कार्यों से वंचित हो चुका है। हमारी डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी जिले में गड्ढो के अलावा कुछ देखने को नहीं मिलता है न ही यहां के लोगों के लिए रोजगार है और ना ही यहां के लोगों के लिए बुनियादी सुविधाएं। इस बार वर्ष 2024 में आने वाले लोकसभा चुनाव में फर्रुखाबाद की जनता अपना विकास स्वयं तय करेगी।


समाजसेवी विकास राजपूत

## छात्रा से छेड़छाड़ करने वाल मंजनू को पीटकर पुलिस को सौंपा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** स्कूल पढ़ने जा रही छात्रा से युवक ने छेड़छाड़ कर दी। परिजनों ने मंजनू की जूतों से पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के लालपुर निवासी छात्रा जो की एक विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा है। रोज की भांति वह स्कूल पढ़ने जा रही थी। रास्ते में आये दिन छात्रा के साथ एक मनचला युवक छेड़छाड़ करता था। जिससे परेशान होकर छात्रा ने इसकी शिकायत अपने घर जाकर परिजनों से की। आज परिजनों के साथ वह स्कूल पढ़ने आर ही थी। जैसे ही वह विद्यालय के गेट के निकट पहुँची। उसी दौरान मंजनू बकरी चराता हुआ आया और आते ही छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसी दौरान छात्रा के पिता जसवीर व विद्यालय के गार्डो ने उसकी जूतों चप्पलो से पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वही आसपास के लोगों ने बताया कि छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला मंजनू विवेक पुत्र नन्हकू चिक निवासी चिलाँका बताया गया है।

## देवर सहित आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

- पीड़िता ने लगाया जबरियन संबंध बनाने के प्रयास का लगाया आरोप
- सास ने बहू व उसके परिजनों के खिलाफ दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अश्लील हरकते** करने व बुरी नियत का विरोध करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी देने व घर से निकाल देने के मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने देवर सहित आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम सराय निवासी नीतू शुक्ला पत्नी स्वर्गीय चंदन ने पुलिस को दिए गए पत्र में दर्शाया कि उसका देवर विशाल अश्लील हरकतें कई बार कर चुका है। इस संदर्भ में माधुरी शुक्ला को अवगत कराया तो सास ने भी देवर के साथ संबंध बनाने का दबाव डाला। इसका विरोध करने पर देवर विशाल, जेठ गोविंद, त्रिपुरारी, त्रिभुवन पुत्रगण बृजनंदन भी आए दिन मारपीट कर घर से निकलने की धमकी देते हैं। 6 दिसंबर को शाम के समय उपरोक्त सभी लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

वहीं सास माधुरी शुक्ला ने भी बहू व उसके परिजनों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें दर्शाया कि 9 दिसंबर को सुबह के समय सुधीर मिश्रा, नन्हे मिश्रा, कुन्नू मिश्रा, योगेश मिश्रा पुत्रगण संतराम मिश्रा, संतराम मिश्रा पुत्र गेंदनलाल मिश्रा, नीतू देवी पत्नी स्वर्गीय चंदन निवासी कुबेरपुर कुडरा थाना अमृतपुर घर में घुस आए और मुझे सुधीर व नन्हे ने पड़कर मारा पीटा। योगेश मिश्रा, कुन्नू मिश्रा ने डंडे से पीटा। नीतू देवी ने जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। संतराम मिश्रा व उनके सभी पुत्रों ने बलपूर्वक धमकी दी कि अपने बेटे विशाल की शादी नीतू से नहीं की तो वह आत्महत्या कर लेगी और तुम्हें फिर 20 लख रुपए देने होंगे, जबकि मेरा पुत्र नाबालिक है और वह हाईकूल में पढ़ रहा है, इसलिए अभी शादी का दबाव नहीं मुझ पर बनाया जाए।

## खबरें चलते-चलते

### परीक्षा केंद्र बनाये जाने हेतु 79 विद्यालयों की सूची यू.पी. बोर्ड को भेजी गई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यू.पी. बोर्ड 2024 की परीक्षा के लिए जनपद में 79 परीक्षा केंद्र बनो जाने की सूची माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज को भेज दी गयी है। जिला केंद्र निर्धारण समिति के अनुमोदन के पश्चात 79 स्कूलों के नाम यू.पी.बोर्ड की बेबसाइड पर परीक्षा केंद्र बनाये जाने के लिए डाउनलोड कर दिये गये हैं। अगले सप्ताह यू.पी. बोर्ड से जनपद में बनाये जाने वाले परक्षा केंद्रों की फाइनल सूची जारी होने की सम्भावना है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बोर्ड परीक्षा हेतु जिले में विगत सप्ताह परीक्षा केंद्रों की अनंतिक सूची जारी की थी। जिस पर आपत्तियां आने के पश्चात जिला केंद्र निर्धारण समिति के आदेश पर कालेजों का सत्यापन कराया गया। करीब 79 परीक्षा केंद्र बनाये जाने के लिए कमेटी से अनुमोदन मिलने के बाद शिक्षा विभाग में परिषद की बेबसाइड पर स्कूलों का डाटा डाउनलोड कर दिया है। बेबसाइड पर स्कूलों का डाटा डाउनलोड कर दिया है। अगले सप्ताह बोर्ड से परीक्षा केंद्रों के बनाये जाने की फाइनल सूची जारी होने की सम्भावना है।

### यू.पी.बोर्ड परीक्षा 12 कार्य दिवसों में होगी सम्पन्न

**फर्रुखाबाद।** यू.पी. बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से शुरु होगी। जो 9 मार्च तक चलेगी। परीक्षा मात्र 12 कार्य दिवसों में सम्पन्न होगी। परीक्षा कार्यक्रम में इस तरह का समय अन्तराल रखा गया है कि प्रमुख विषयों में छात्र-छात्राओ को तैयारी करने में तीन-चार दिन का समय मिल सके। सुबह की पाली में परीक्षार्थियों के समय से पहुंचने को ध्यान में रखते हुए आधा घंटे समय बढ़ाकर साढ़े आठ से परीक्षा कराई जायेगी। बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला का मानना है कि एक प्रमुख विषय की परीक्षा के बाद दूसरी परीक्षा में तीन-चार दिन का अन्तराल मिलने से परीक्षार्थी पेपर की अच्छी तैयारी कर सकेंगे।

### महिला शाखा दुर्गा की सह जिला संयोजक की प्रसव के बाद मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला शाखा दुर्गा वाहिनी की सह जिला संयोजक की प्रसव के बाद मौत हो गयी। सूचना पर पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पड़ोसी जनपद कन्नौज के सौरिख मीरपुर निवासी 37 वर्षीय नीतू शर्मा दुर्गा वाहिनी की सह संयोजक थीं। बीते दिन प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें सौरिख के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहाँ उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया। प्रसव के बाद नीतू की हालत बिगड़ गयी थी। जिस पर चिकित्सक परिजनों के साथ प्रसूता नीतू को लेकर शनिवार सुबह लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतका के पिता दिनेश कुमार ने बताया कि नीतू की मौत के बाद उसका पति मौके से फरार हो गया। चिकित्सक भी मौका देखकर खिसक गया। सूचना पर आवास विकास चौकी इंचार्ज दीपक कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### बीते दिन चोरी गयी गोलक खेतों में पड़ी मिली


खेत में पड़ी गोलक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिवस गल्ले की आढ़त से गायब हुई गोलक पहाड़पुर गांव में खेतों में पड़ी मिली। व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी। कस्बा नवाबगंज के व्यापारी जुगल किशोर गुप्ता की वैभव लक्ष्मी ट्रेडर्स के नाम से गल्ला की आढ़त है। बीते दिवस दोपहर जुगल किशोर गुप्ता धान की गाड़ी लोड कर रहे थे। उसी समय खाली दुकान देखकर अज्ञात लोग उनकी दुकान से 200000 भरी गोलक उठा ले गए थे। आज गोलक कन्हैया गंगवार के खेत में पड़ी मिली। फिलहाल पुलिस किसी भी जानकारी को देने से इनकार कर रही है।

## 42 बीज की दुकानों पर छापेमारी, चार के लाइसेंस निलंबित


छापेमारी करते कृषि अधिकारी — समृद्धि न्यूज

- चार को कारण बताओ नोटिस जारी, व्यापारियों में मचा हड़कंप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अपर मुख्य** सचिव कृषि द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त गठित कर सभी तहसीलों में छापा मारने के निर्देश दिये। जिस पर सदर तहसील में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर एवं अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, कायमगंज तहसील में जिला कृषि अधिकारी एवं जिला आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, अमृतपुर में भूमि संरक्षण अधिकारी एवं अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा छापा मारने की कार्यवाही की गयी। छापे के दौरान बीज के 24 नमूने ग्रहित किये गये एवं 42 प्रतिष्ठानों पर छापा/निरीक्षण की कार्यवाही की गयी। नमूनों की जांच हेतु प्रदेश की प्रयोगशालाओं में भेजा जायेगा। परीक्षण परिणाम अमानक पाये जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण के साथ ही विधिक कार्यवाही की सुनिश्चित की जायेगी। जिला कृषि अधिकारी बी.के. सिंह ने अवगत कराया कि जांच के समय समुचित अभिलेख न दिखाने एवं बिना किसी कारण प्रतिष्ठान बंद कर गायब होने के कारण तत्काल प्रभाव से चार विक्रेताओं अमन बीज भंडार सिवारा, श्रीराम खाद भंडार संतोषापुर, सत्यवती बीज भंडार भिड़ौर, एग्री जक्शन वन स्टाप सेंटर एवं कृषक परामर्श केंद्र राजेपुर के लाइसेंस निलंबित कर दिये गये हैं। इसी के साथ ही विशाल खाद बीज भंडार रमापुर, कृष्णा किसान केंद्र शमशाबाद, श्रीजी सीड्स शमशाबाद, बालाजी किसान केंद्र अमृतपुर आदि के अभिलेख अपूर्ण पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।


## कोतवाली प्रभारी ने एक शिकायत का किया निस्तारण


समस्यायें सुनते कोतवाली प्रभारी — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**थाना दिवस** में नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक ने जनता की समस्यायें सुनीं। तीन शिकायतों में से एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को कायमगंज कोतवाली में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने की। जिसमें दूरदराज से आये फरियादियों की समस्यायों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। वही कोतवाली क्षेत्र के पैथान निवासी सोनकली ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी पैतृक जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जावे। इस दौरान एसआई सुनील यादव, एसआई नीरज, एसआई उपदेश कुमार, कानून गो विमल कुमार सहित राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो दुकानों का जंगला काटकर हजारों की चोरी


चोरों द्वारा काटा गया जंगला — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**बीती रात** चोरों ने दो दुकानों में पीछे से जंगला काटकर हजारों की नकदी व समान चोरी कर लिया। चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में भय का वातावरण देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार बीती रात चोरों ने मंझना कस्बे में डॉक्टर तरुण बंगाली की दुकान में पीछे से जंगला काटकर पूजा की अलमारी में रखें लगभग 1000 चोरी कर ले गए। वहीं पड़ोसी नरेंद्र गंगवार की दुकान में मंझना निवासी आकाश मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता है। चोरों ने उसके तीन टच मोबाइल पुराने और तीन कीपैड मोबाइल चोरी कर लिये तथा डाटा केबल एवं 600 नगदी जो गोलक में रखे थे, अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दिये गये। सुबह दोनों दुकानदार जब अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने अपने जंगले कटे देखें। उन्होंने थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घटना की जानकारी की। दुकानों के पीछे आम का बाग होने की वजह से चोरों को चोरी करने में आसानी रही। थाना अध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में मोदी की गारंटी वाहन के जरिए फिल्म का हुआ प्रदर्शन

- आम लोगों को 2024 तक भारत देश विकसित देश बनाने की दिलाई शपथ



महिलाओं की गोद भराई करते ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम किशोर राजपूत — समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**देश प्रदेश** में भाजपा की डबल इंजन सरकार जिसमें विकास कार्यों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक वाहन के जरिए सरकार की विकास संबंधी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के जरिए लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी तथा सरकार की विभिन्न महत्वकांक्षी उपलब्धियों पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। फिल्म प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर लोगों को वर्ष 2024 तक भारत को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। इसी संदर्भ में विकास खंड शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र अमृतपुर के गांव कलुआपुर सानी में प्रधान संगीता देवी एवं कायमगंज विधान सभा के गांव ललौर राजपूतान के ग्राम प्रधान रवेंद्र सिंह के नेतृत्व में सरकार की विकास संबंधी कल्याणकारी योजनाओं का फिल्म के जरिए प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सरकार की महत्वाकांक्षी एवं कल्याणकारी योजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही लोगों को 2024 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में लोगों को सरकार द्वारा जनहित में जारी कल्याणकारी योजनाएं संचालित कीं। उन योजनाओं के संबंध में फिल्म के जरिए जानकारी दी गई। इसका आयोजन कलुआपुर सानी एवं ललौर राजपूतान ग्राम में किया गया। कार्यक्रम में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में फिल्म प्रदर्शित कर आवश्यक जानकारी दी गई। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पति राजवीर राजपूत, ब्लॉक प्रमुख ससुर रामकिशोर राजपूत व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पंकज राजपूत सहित तमाम कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## लगातार जारी कटाव से ग्रामीणों की उड़ी नींद

- किसी का मकान, तो किसी की झोपड़ियां काटन की जद में

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज**


कटान से चिंतित ग्रामीण — समृद्धि न्यूज


**ढाईघाट शमशाबाद** की गंगा नदी जहां आधा दर्जन से अधिक गांव गंगा की परिधि में आते हैं। विगत महीने पूर्व यहां बाढ़ की तबाही का तांडव देखा गया था। विनाशकारी बाढ़ ने तबाही मचाकर आधा दर्जन गांव के सैकड़ों लोगों को बर्बाद कर दिया था। यहां तक कि यहां कि आसपास उपजाऊ जमीनें जलभराव के कारण बर्बाद हो गई थीं। तमाम किसानों की फसलें दफन हो गई थीं। यहां बाढ़ का तांडव महीना तक चला जब। धीरे-धीरे बाढ़ का सैलाब समाप्त हुआ, तो लोगों को उज्जवल भविष्य की उम्मीद जागी। शायद अब उनकी कृषि योग्य जमीने एक बार फिर उपजाऊ जमीनों में शामिल होंगी। बताते है अभी लोग उस खतरनाक मंजर को भुला भी न पाए थे यहां बढ़ते घटते जल स्तर तथा लगातार जारी कटान ने लोगों की नींदे फिर उड़ा दीं। गांव समोचीपुर चितार के पास लगातार कटान जारी है। जिससे यहां के ग्रामीण किसानो में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। ग्राम प्रधान पुत्र सिजबान ने बताया एक लंबे समय से कटान के हालात देखे जा रहे हैं। कटान की प्रक्रिया लगातार गांव की ओर बढ़ रही है। जिससे आधा दर्जन ग्रामीणों के घर व झोपड़ियां कटाव की जद में आते जा रहे हैं। लगातार जारी कटान तथा भविष्य के खतरे को देखते हुए ग्राम प्रधान पुत्र द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई। सूचना के आधार पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर जांच पड़ताल की। कटान लगातार जारी था। ग्राम प्रधान पुत्र ने बताया ग्रामीण जिमरुआ का मकान कटाव की ओर बढ़ता जा रहा है। साथ ही मेहराज, इश्ताक, बसरुद्दीन, नदीम, मनिया, इरफान तथा गुलशेर की झोपड़ियां लगातार कटान की और बढ़ रही हैं। उन्होंने भविष्य के खतरे की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों से एतिहात बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जब तक कटान थम ना जाए तब तक कोई भी वाशिंदा झोपड़ियों की तरफ ना जाए। तहसील अधिकारियों के निर्देश पर गांव पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने कहा मौके की स्थिति से अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। बताते हैं विगत दिनों पूर्व गंगा में जल स्तर काफी बढ़ गया था। जिससे गंगा कटरी क्षेत्र के आसपास जलभराव हो गया था। धीरे-धीरे पानी जब कम हुआ, तो यही कटान का कारण बन गया। गांव समोचीपुर चितार उदाहरण है यहां लगातार कटान जारी है। बड़ी-बड़ी पहाड़ियां कटान के कारण गंगा गंगा में समा रही हैं। लगातार जारी कटान को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

**लोक अदालत** — जिला जज ने डीएम व न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में किया शुभारंभ

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 278118 मामलों का हुआ निस्तारण

- 8,36,57,207.25 रुपये की धनराशि करायी गयी जमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज व मौजूद डीएम व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदि

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने न्यायिक अधिकारीगण व जिलाधिकारी के साथ किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद एवं अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर संबंधित पक्षकारों के समक्ष उनकी सहमति के आधार पर सुलह सन्धि कराते हुए मामलों का निस्तारण किया गया। 295 बैंक वसूली से संबंधित मामलों को निस्तारित कर 4,37,77,445/-रुपये की वसूली धनराशि बैकों द्वारा प्राप्त की गयी। 83036 विद्युत बिल संबंधी मामलों का निस्तारण किया गया। अशोक कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एवं अन्जू कम्बोज, अपर प्रधान न्यायाधीश द्वारा कुल 72 पारिवारिक/वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। इसमें से सुलह समझौते के आधार पर 12 पति पत्नी को एक साथ रहने के लिए विदा किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम संतोष कुमार तिवारी द्वारा 117 वादों का निस्तारण कर 25382000/- धनराशि प्राप्त करायी गयी। जिला उपभोक्ता अध्यक्ष नरेश कुमार द्वारा 52 मामले निस्तारित कर 1394261/- रुपयेकी धनराशि वसूल करायी गयी। उक्त वादों में से एक वाद सन 1998 का भी निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न न्यायालयों, विभागों, कार्यालयों द्वारा अलग-अलग मामले चिंहितकर निस्तारित किये गये। कुल लम्बित 4533 मामलों में से 3999 तथा प्रीलिटिगेशन के 276463 मामलों में से 274119 मामले निस्तारित किये गये। कुल 280996 मामलों में से 278118 मामलों का निस्तारण कर कुल 8,36,57,207.25 रुपये की धनराशि जमा करायी गयी। सभी विभागों/अधिकारियोंके सहयोग से लक्ष्य से अधिक मामलों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारी अशोक कुमार, विष्णूचंद्र वैश्य, महेंद्र सिंह, शैली राय, राकेश कुमार, अंकित कुमार मित्तल, नरेंद्र प्रकाश, सुमित प्रेमी, अंजू कम्बोज, संदीप तिवारी, घनश्याम शुक्ला, प्रीतिमाला चतुर्वेदी, शाम्भवी, साक्षी मिश्रा, यशार्थ विक्रम, विजय रत्न गौतम, माला कुमारी, राम सिंह मौर्य के अलावा मो0 आरिफ खां, मो0 हफीज अहमद सैफी एवं विभिन्न न्यायालयों के अधिकारी, बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश व अपर जिला जज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भाजपाईयों ने कांग्रेस सांसद का फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शनिवार को** कांग्रेस राज्यसभा सांसद के ठिकाने से 200 करोड़ से ज्यादा रुपए कैश मिलने पर कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ता त्रिपोलिया चौक पर एकत्रित होकर कांग्रेस सांसद का पुतला फूंका। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पुतला फूंका और कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारे लगाये। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के आवाह्न पर प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां 200 करोड़ से अधिक का कैश मिलना यह बताता है की पूरी कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त है। उनके शीर्ष नेतृत्व भी इसमें साझेदार है। कांग्रेस पार्टी का मतलब करप्शन पार्टी है। जहां कांग्रेस है वही करप्शन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करने के लिए संकल्प लिया है। देश में कानूनी तरीके से कार्यवाही की जा रही है और इसी कार्रवाई के तहत कांग्रेस के भ्रष्टाचारी सांसद के यहां इतनी बड़ी नगदी मिलना कांग्रेस के भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है। हिमांशु गुप्ता ने कहा जहां कांग्रेस का जनप्रतिनिधि होगा वहां इस बात की गारंटी है कि वह भ्रष्टाचार अवश्य ही करेगा। इस दौरान भास्कर दत्त द्विवेदी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक, प्रबल त्रिपाठी, शिवांग रस्तोगी, अभिषेक बाथम, ममता सक्सेना, मीरा सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत, अजीत पांडे, मयंक सिंह बुंदेला, पियूष त्रिपाठी, धर्मेंद्र राजपूत, विकास पांडे, राजकुमार वर्मा, संजय सिंह, नरेंद्र आर्य, वीर बहादुर पाल आदि लोग मौजूद रहे।




कांग्रेस सांसद का पुतला फूंकते भाजपाई समृद्धि न्यूज

# जल शक्ति मंत्री के द्वारा निहारिका पटेल को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मां गंगा** को स्वच्छ व संरक्षण करने में अपना अहम भूमिका निभाने के लिए जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के द्वारा लखनऊ में जनपद की निहारिका पटेल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के द्वारा जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल के प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। निहारिका पटेल ने विगत कई वर्षों से मां गंगा की सेवा करते हुए अपना विशेष योगदान दिया। उनके द्वारा जनपद स्तर पर गांव-गांव में जाकर विशेष अभियान चलाकर वहां के नागरिकों को मां गंगा के संरक्षण के लिए जागरूक किया। इससे पूर्व भी निहारिका पटेल को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मां गंगा हमारी संस्कृति हमारी पहचान है। नदियां प्राकृतिक संसाधन है। इन नदियों को सुरक्षित रखना हम सबका कर्तव्य है। सभी नदियां हमारे दिए जीवनदायिनी है। प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी अपने-अपने जनपद में नदियों एवं जल को सुरक्षित करने के लिए प्रयास करना चाहिए। जल निगम के प्रबंध निदेशक बलकार सिंह ने सभी के कार्यों की सराहा एवं उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए एक महिला का विशेष योगदान होता है।



निहारिका पटेल को सम्मानित करते जल शक्तिमंत्री स्वतंत्र देव सिंह

# मतदाता जागरुकता पंजीकरण के तहत निकाली गई रैली

▸ छात्र-छात्राओं को दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**डॉ0 वंश** गोपाल तिवारी एजुकेशन सेंटर में स्काउटिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ साथ ही मतदाता जागरूकता पंजीकरण अभियान जागरुकता रैली को निकाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि स्वतंत्रता सेनानी वंशज बॉबी दुबे तथा कार्यक्रम संयोजक अनुराग तिवारी उपस्थित रहे। संचालन स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी ने किया। जिला स्काउट मास्टर स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा द्वारा मतदाता जागरूकता पंजीकरण अभियान रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्काउट गाइड के छात्राओं ने प्रतिभा करते हुए विधानसभा 194 फर्रुखाबाद के नागरिकों को पंजीकरण अभियान के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने कई छात्र-छात्राओं से विभिन्न प्रश्नों का सही उत्तर पाए जाने पर सम्मानित किया। बॉबी दुबे ने कहा कि आज के बच्चों को इतिहास के विषय पर बारीकियां बताना बहुत ही जरूरी है। बच्चों ने रैली निकालकर जागरुक किया। स्वीप कोआर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। इस मौके पर कविता मिश्रा, व्रंदा वर्मा, तय्यबा खान, सोनम, प्रियंका, नैना, विजय मोहन, आदेश, मोहित, त्रिभुवेंद्र आदि मौजूद रहे।



मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते स्वीप कोआर्डिनेटर समृद्धि न्यूज

# लोक अदालत में 12 जोड़ों को सुलह कराकर किया गया विदा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक अदालत में 12 जोड़ो के बीच सुलह करवाकर परिवार न्यायालय से साथ-साथ विदा किया गया। अपर प्रधान न्यायधीश अंजू कंबोज ने वंदना-मोहित को विशेष प्रयास कर साथ-साथ विदा किया। परिवार न्यायालय में वर्षो से मुकदमे लड़ कर परेशान जोड़ो ने परामर्शदाताओं के सहयोग से अपने जीवन को सुचारू रूप से साथ-साथ चलने के लिए समझौते कर जीवन यापन करना उचित समझा। 12 जोड़ों ने एक दूसरे को माला पहनाकर लड्डू खिलाए और साथ साथ विदा हुए। इस अवसर पर जिला जज विनय कुमार तृतीय, अपर जिला जज महेंद्र सिंह चतुर्थ, प्रधान न्यायधीश अशोक कुमार, अपर प्रधान न्यायाधीश अंजू कंबोज परिवार न्यायालय, दीपक कुमार, मनीष कुमार कश्यप, हेमू आदि उपस्थित रहे।



न्यायिक अधिकारियों के समक्ष मौजूद जोड़े

## खबरें एक नजर में

### मण्डल स्तर पर मॉडल कानोडिया बा0इं0का0 की छात्रायें रही विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद स्तर पर एमआईसी फतेहगढ़ में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज की छात्रा आशा बाथम व चेतना कुशवाहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा उन्नति गुप्ता ने सीनियर वर्ग में तृतीय स्थान पाया। दोनों छात्राओं के मॉडल विज्ञान शिक्षिका पारुल जैन के मार्गदर्शन में छात्राओं ने मॉडल बनाये थे। इन छात्राओं ने मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में कानपुर में प्रतिभाग किया। जहां आशा बाथम व चेतना कुशवाहा ने जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल फसल सुरक्षा, सिंचाई, जल संरक्षण पर आधारित था। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे ही छात्रायें प्रतियोगिता में भाग लें और विद्यालय और जनपद का नाम रोशन करें। जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में भी विद्यालय की छात्राओं ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। कुल 120 मॉडलों में विद्यालय के चार मॉडल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। जिसमें ईशिका गुप्ता मशीन लर्निंग, उन्नति गुप्ता सोलर एनर्जी, आशा बाथम, चेतना कुशवाहा का आर्गेनिक फार्मिंग तथा आयुषी पाठक व अंशिका कुशवाहा का रोबोटिक्स पर आधारित था। इन छात्राओं के मॉडल विज्ञान शिक्षिका पारुल जैन, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला के मार्गदर्शन में तैयार किये गये थे। इस मौके पर शिक्षिका जया सिंह ने छात्राओं को बधाई दी।

### विधान परिषद ने तदर्थ शिक्षकों को नियमित करने की कार्यवाही करने के शासन को दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विधान परिषद के अनुसचिव धनंजय सिंह ने उ0प्र0 शासन के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर तदर्थ शिक्षकों के खिलाफ जारी शासनदेश 9 नवंबर 2023 को निरस्त कराकर तदर्थ शिक्षकों को नियमित करने हेतु कार्यवाही करने को कहा है। अनुसचिव ने शिक्षा निदेशक को भी पत्र की प्रति भेजकर तदर्थ शिक्षकों को नियमित किये जाने के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही किये जाने को कहा है। अपर मुख्य सचिव ने 9 नवंबर 2023 को जारी आदेश में 7 अगस्त 1993 से 30 दिसंबर 2000 तक नियुक्त ऐसे तदर्थ शिक्षकों की सेवायें समाप्त करने के निर्देश दिये थे। जिनका विनियमितीकरण नहीं है जिसकी कार्यवाही शिक्षा विभाग द्वारा शुरु कर दी गयी है, परन्तु विधान परिषद के अनुसचि के विनियमितीकरण किये जाने के सम्बन्ध में जारी पत्र से तदर्थ शिक्षकों को सेवा समाप्ति की कार्यवाही से राहतच मिलने की उम्मीद है। दरअसल विधान परिषद के शिक्षक विधायक ने विनियमितीकरण से वंचित तदर्थ शिक्षकोंको नियमित किये जाने का मुद्दा उठाया था। जिसे विधान परिषद के सभापति ने 1 दिसंबर को स्वीकार करते हुये संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति विधान परिषद को भेज दिया है। इस संदर्भ में विधान परिषद के अनुसचिव धनंजय सिंह ने अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर 9 नवंबर 2023 को जारी शासनादेश को निरस्त कर तदर्थ शिक्षको के हित में उनको नियमित कियेजाने की कार्यवाही किये जाने को कहा है। पत्र मेंकहा गया कि विनियमितीकरण हेतु विभागीय आख्या विधान परिषद की समिति को विचारार्थ दो सप्ताह में विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध करायी जाये।

### बोरवेल में गिरे सांड को नगर पंचायत कर्मियों ने सकुशल निकाला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गहरे बोरवेल में गिरे सांड को नगर पंचायत अध्यक्ष ने कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी से निकलवाया तथा सुरक्षित इलाज हेतु सरकारी मवेशी अस्पताल भेजा। कस्बा नवाबगंज मंझना रोड पर शनिवार दोपहर एक बोरवेल में एक सांड गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने तत्काल प्रभाव से नगर पंचायत के कर्मचारियों की टीम को बुलाया और जेसीबी बुलवाई। लगभग करीब 3 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सकुशल सांड को बाहर निकलवाया गया। नगर पंचायत के सभी कर्मचारी कड़ी मशक्कत करते देखे माही। ग्रामीणों ने भी काफी मदद की और जैसे तैसे सांड को निकलवाकर एक ट्रैक्टर में लदवाकर नवाबगंज के मवेशी अस्पताल भिजवाया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने उसका प्राथमिक उपचार शुरू कराया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, बाबू विकास गंगवार, अंबुज भारद्वाज, राजेंद्र सिंह, नगर पंचायत प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह, इरफान खान तथा वहां मौजूद आसपास के निवासी अरविंद राठौड़, दुष्यंत कश्यप, गुड्डू सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष ने सुनीं समस्यायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनकर राजस्व कर्मियों के साथ मिलकर फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। नवाबगंज थाना समाधान दिवस के मौके पर थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने राजस्व कर्मियों के साथ मिलकर जनता की समस्याएं सुनी। जिसमें थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने बताया की विभिन्न गांव से जमीनी विवाद के लगभग 21 मामले आए थे। जिसमें नौ मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों में राजस्व कर्मियों तथा पुलिस की टीम को मौके पर भेजकर कार्रवाई करने के लिए कहा गया। इस मौके पर थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, हल्का के दरोगा कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम, दरोगा गिरीश चंद्र, संतोष कुमार तथा राजस्व लेखपाल सचिन मिश्रा समेत सभी क्षेत्र के लेखपाल मौके पर मौजूद रहे।

## सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दिल्ली ख्याली कूंचा निवासी काजी जफर शाह रिजवी ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है। पत्र में दर्शाया कि वार्ड 41 खारबंदी शहर गाटा संख्या 1487, 1488,1489, 1495, 1496 सरकारी भूमि पर नगर पालिका के रुप में भूमि अंकित है। पिछले एक माह से लगातार मांग करने के बाद भी अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। 5 अप्रैल 2022 को अधिशासी अधिकारी ने तत्काल अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। 23 जुलाई 2022 को नगर मजिस्ट्रेट ने स्वयं अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। 25 नवम्बर 2022 को दूसरी बार ईओ ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिये। 6 दिसम्बर को भी ईओ ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। घटना स्थल पर पहुंचे भू-माफियाओं ने झगड़ा करके वापस लौटा दिया। लेखपाल, नायब तहसीलदार भी मौके पर गये थे। उसके बाद भी भूमि की बिक्री की जा रही है। सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने का पुनः मांग की है।

# तृतीय सोपान के समापन पर बच्चों में दिखा जोश

▸ बच्चों ने बिना बर्तन के बनाया भोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**तृतीय सोपान** डीपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय बच्चों के साथ अच्छी तरह से संपन्न हुआ। भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुख्य आयुक्त स्काउट दिनेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य इंदु मिश्रा, चमन शुक्ला, आदेश गंगवार, इंदिरा राठौर, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव, गजेंद्र सिंह, योगेश कुमार आदि सभी शिक्षक उपस्थित होकर स्काउट को बच्चों में सम्बोधित किया। समापन अवसर पर मुख्य आयुक्त ने बच्चों को अपने संबोधन में लगन के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि स्काउट की प्रार्थना जो पूरे भारतवर्ष में अच्छी तरह से बच्चों के द्वारा गाई जाती है तो मेरा यह आवाह्न है कि जनपद के सभी विद्यालय सप्ताह में एक दिन स्काउट की प्रार्थना स्कूली बच्चों के द्वारा प्रार्थना के समय अवश्य कराया जाए। इंदु मिश्रा ने सभी प्रशिक्षकों एवं स्काउट गाइड का अभिवादन किया। जनपद की स्काउट की एक मजबूत स्तंभ चमन शुक्ला लगातार 5 दिन तक अपने अथक प्रयास से स्काउट एवं गाइड में स्काउट के प्रति संचार भर दिया। इंदिरा राठौर अपनी प्रेरक गीतों के द्वारा एवं ओजस्वी कार्यो के द्वारा स्काउट को प्रतिदिन नवीन आचरण के साथ-साथ विचारों को भी मजबूत करने की प्रेरणा दी। सहायक सचिव डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव प्रतिदिन उपस्थित होकर बच्चों को स्काउट से संबंधित जानकारियां जो मूल रूप से बच्चों को जानी चाहिए देने का प्रयास किया। स्काउट के सचिव डा0 महेश चंद्र राजपूत सभी प्रशिक्षकों एवं आगंतुकों के लिए एक मोमेंटम मुख्य आयुक्त के माध्यम से सभी लोगों को सम्मानित कराया। बच्चे बड़े उच्च के साथ फूड प्लाजा का आयोजन किया। अपने-अपने तंबू का निरीक्षण कराया। सभी बच्चे पूर्ण गणवेश में निष्ठा के साथ अनुशासन में सभी कार्यो को संपन्न किया तथा बिना बर्तन के भोजन बनाकर सभी निरीक्षक लोगों को उपलब्ध कराया। शिविर के अंतिम दिन कनोडिया इंटर कॉलेज एवं सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा अपने गीतों के माध्यम से किस प्रकार व्यायाम करते हैं। इस अवसर पर निहारिका, विवाह सिंह, कुसुमलता, तरुण शुक्ला आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के समापन पर मौजूद प्रशिक्षक व बच्चे समृद्धि न्यूज

# गायत्री प्राण प्रतिष्ठा के साथ वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गायत्री** परिवार ट्रस्ट द्वारा गायत्री शक्तिपीठ फूस बंगला फतेहगढ़ में प्राण प्रतिष्ठा के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में प्रातः कालीन यज्ञ और आरती अध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शाम को दीप यज्ञ व कीर्तन सम्पन्न हुआ। गायत्री चिकित्सा एवं परामर्श केंद्र का उद्घाटन डा0 एसपी सिंह द्वारा किया गया। शक्तिपीठ पर डा0 सरोज सिंह, डा0 राजा वत्सल, डा0 विनीत मिश्रा, योगाचार्य अमित सक्सेना, डा0 अतुल गुप्ता आदि चिकित्सकों ने सेवायें प्रदान की। शांति कुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार शक्ति निर्माण चरित्र बच्चों व युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण व राष्ट्र निर्माण हेतु शक्तिपीठ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी राकेश शर्मा ने बताया कि परिवार के निर्माण, समाज निर्माण, देश निर्माण हेतु जनपद के विभिन्न स्थानों पर पंचकुंडीय यज्ञ साहित्य वितरण, संस्कार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस मौके पर शिव शंकर मिश्रा, कृष्ण कुमार वर्मा, शिववक्श सिंह, शीतला प्रसाद यादव, रामबहादुर, संजय अग्रवाल, सरिता दुबे, प्रतिमा राजपूत, सुषमा राठौर, रजनी वर्मा, इंद्रा चतुर्वेदी, अमित सक्सेना, योगाचार्य आदि मौजूद रहे।



प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मौजूद गायत्री परिवार के लोग

# इग्नू एवं केन्या मुक्त विश्व विद्यालय के बीच समझौता एक सराहनीय: डा. विनोद तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**इंदिरा** गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय नई दिल्ली इग्नू और केन्या मुक्त विश्व विद्यालय ओ0यू0के0 ने अधिकारिक तौर पर एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किये। केन्या के राष्ट्रपति बिलियम समोई रुतो और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्या के शिक्षामंत्री, अनुसंधान के प्रधानसचिव और इग्नू के कुलपति नागेश्वर राव द्वारा समझौता ज्ञापन आदान प्रदान किया गया। इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डा0 मनोरमा सिंह ने बताया कि इग्नू शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ने के लिए तैयार है। छात्र और संकाय की गतिशीलता को सुविधा जनक बनाना, शिक्षक और सीखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक को शामिल करना केन्या विश्व विद्यालय के अत्याधुनिक तकनीक को शामिल करना। केन्या इग्नू से शैक्षिक एवं वित्तीय सहायता मांग सकता है। इग्नू के केन्याई प्रतिनिधियों ने इग्नू के इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रोडेक्शन सेंटर का भी दौरा किया। इस पहल पर डीएन डिग्री कालेज फतेहगढ़ इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा0 विनोद कुमार तिवारी ने इसे छात्र हित में बताते हुए दोनों संस्थाओं के अधिकारियों की सराहना की। इग्नू अध्ययन केंद्र फतेहगढ़ में दिसम्बर सत्र की परीक्षायें नकलविहीन शांति पूर्ण चल रही है। 1 दिसम्बर से 9 जनवरी 2024 तक परीक्षायें चलेगी। स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा परास्नातक द्वितीय वर्ष के प्रवेश प्रारम्भ हो गये है।



डीएन कालेज में इग्नू की परीक्षा देते विद्यार्थी

# सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई धूमधाम से सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

▸ बच्चों ने प्रतियोगिता में पसीना बहाकर जीते मैडल

▸ डायरेक्टर रोजीशन विश्वासी ने छात्र-छात्राओं का किया उत्सावर्धन

**सेण्ट पॉल्स** ब्राइटन एकेडमी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल बंधौआ फतेहगढ़ में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ पादरी जयपाल मैसी व पादरी स्टीफन ने प्रार्थना कर किया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह ने दीप प्रज्वलन कर गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। एएसपी संजय सिंह ने बच्चों की प्रशंसा की एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए उपने अनुभव को साझा किया। कक्षा 7 एवं कक्षा 8 की छात्राओं द्वारा प्रभु वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा 10 कक्षा 11 कक्षा 12 की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिओं का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने स्कूल ध्वज का आरोहण कर कार्यक्रम का विधिवत् आरम्भ किया गया। मशाल प्रज्जवलन कर स्कूल हैड ब्वॉय मास्टर प्रान्शु ने सेण्ट लूक, सेण्ट मैथ्यू, सेण्ट जॉन और सेण्ट पीटर हाउस के सभी कैप्टन द्वारा मशाल दौड़ को पूरा कर अन्त में मशाल पी0टी0आई0 संजीव कुमार सिंह को सुपुर्द की गई एवं प्रतीकात्मक रूप से खेलकूद का शुभारम्भ किया गया। खेलकूद एवं रंगारंग कार्यक्रम का मिला जुला रूप देखने को मिला। खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस (बालक) जूनियर में प्रथम स्थान पर ग्रीन हाउस के छात्र आयुष पाल कक्षा 4, द्वितीय स्थान पर ग्रीन हाउस के छात्र रौनक कुशवाह कक्षा 6 तथा तृतीय स्थान पर येलो हाउस के छात्र नवीन यादव कक्षा 4 रहे। 100 मीटर रेस (बालक) सीनियर में प्रथम स्थान पर येलो हाउस के छात्र यश प्रताप कक्षा 9, द्वितीय स्थान पर रेड हाउस के छात्र सनी शर्मा कक्षा 12 तथा तृतीय स्थान पर येलो हाउस के छात्र कार्तिके सिंह कक्षा 12 रहे। 400 मीटर (बालक) रिले रेस में प्रथम स्थान पर ग्रीन हाउस, द्वितीय स्थान पर ब्लू हाउस तथा तृतीय स्थान पर रेड हाउस रहा। 400 मीटर (बालिका) रिले रेस में प्रथम स्थान पर रेड हाउस द्वितीय स्थान पर येलो हाउस तथा तृतीय स्थान पर ग्रीन हाउस रहा। कल्चरल प्रोग्राम में यैलो हाउस, मार्च पास्ट में ग्रीन हाउस और ड्रिल में कक्षा 4 और कक्षा 5 के छात्र-छात्राएं प्रथम रहे। सभी खेल प्रतियोगितओं में रेड हाउस प्रथम रहा। द्वितीय स्थान पर ब्लू हाउस तथा तृतीय स्थान पर ग्रीन हाउस रहा। सभी प्रतियोगिताओं में अपना दबदबा बनाते हुए सर्वाधिक पदक जीतकर सनी शर्मा ने स्पोंटस व्वॉय की ट्राफी अपने नाम की एवं सर्वाधिक पदक जीत कर गर्ल में अंशिका ने स्पोंटस गर्ल की ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। विद्यालय के डायरेक्टर रोजीशन विश्वासी ने बच्चों को स्पोंटस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया एवं खेलो इण्डिया के जिक्र करते हुए उससे प्ररित होकर खेल में करियर बनाने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नानक दास मैसी ने वार्षिक रिपोंट प्रस्तुत कर अभिभावको को विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं कार्यो के विषय में पूर्ण जानकारी दी। विद्यालय की प्रबन्धिका रोहतानी विश्वासी ने सभी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर रेव्ह जयपाल मैसी, रेव्ह स्टीफन मसीह, प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल आदि लोगों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में सहयोग किया।





गुब्बारा उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते एएसपी



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र समृद्धि न्यूज

# कांग्रेस की खाली होने वाली राज्यसभा की 2 सीटों पर होगा भाजपा का कब्जा





## अप्रैल में गुजरात से राज्यसभा की 4 सीटें होंगी खाली, दो-दो पर कांग्रेस-भाजपा है काबिज

**अहमदाबाद।** कांग्रेस गुजरात से राज्यसभा की अपनी 2 सीटें खो देगी। जबकि भाजपा को इसका फायदा होगा। आगामी अप्रैल में गुजरात से राज्यसभा की 4 सीटें खाली होने वाली है। उम्मीद है कि गुजरात विधानसभा के बजट सत्र में ही इसका चुनाव हो जाए, यानी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को गुजरात से राज्यसभा की 2 और सीटों का तोहफा मिल सकता है। अभी गुजरात में कुल 11 राज्यसभा सीटों में भाजपा के पास 8 और कांग्रेस के पास 3 सदस्य हैं।

गुजरात विधानसभा के सचिवालय सूत्रों के अनुसार अगले साल 2024 के अप्रैल में भाजपा के राज्यसभा सांसद और केन्द्रीय मंत्री परसोत्तम रूपाला और केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया का राज्यसभा में टर्म पूरा हो जाएगा। इसके अलावा कांग्रेस से अमी याग्निक और नारणभाई राठवा का टर्म पूरा होगा। रूपाला का यह तीसरा, जबकि मांडविया का यह दूसरा टर्म चल रहा है। दोनों सदस्यों को भाजपा रिपीट करे यह फिलहाल मुमकिन नहीं लग रहा है। इस तरह संभावना है कि भाजपा गुजरात से 4 नए सदस्यों को राज्यसभा में मौका दे सकती है। कांग्रेस की इस चुनाव में जीतने की संभावना क्षीण है, क्योंकि 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में उसके पास महज 17 सदस्य हैं, जबकि भाजपा के बाद 156 विधायक हैं। इसलिए पूरी संभावना है कि भाजपा के 4 में से 4 सदस्य राज्यसभा की दहलीज तक पहुंचेंगे। इस चुनाव के बाद कांग्रेस के एकमात्र सदस्य शक्तिसिंह गोहिल बचेंगे।

# एमपी और छत्तीसगढ़ के आदिवासी मंत्र के सहारे झारखंड को जीतने का प्रयास

**रांची।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ को फतह करने के बाद भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व का फोकस अब बिहार, झारखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे हिन्दी पट्टी वाले राज्य पर है, जहां भाजपा सत्ता में नहीं है। 2024 में लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री का तीन राज्यों को भेदने के बाद अगल लक्ष्य झारखंड है। यही कारण है कि यहां पर पार्टी आदिवासी नेताओं को आगे बढ़ा रही है। तीन राज्यों में भारी बहुमत पाने के बाद दो राज्यों मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री चुनने के लिए इन राज्यों के दो नेताओं अर्जुन मुंडा और आशा लकड़ा को अहम जिम्मेवारी मिली है। उन्हें पर्यवेक्षक बनाया गया है। तीन राज्यों में कुल नौ पर्यवेक्षक बनाए गए हैं, जिसमें दो आदिवासी चेहरा झारखंड से ही हैं। भाजपा के इसी फैसले से झारखंड की अहमियत समझी जा सकती है। इतना






## आदिवासी नेताओं को आगे बढ़ाने का हो रहा प्रयास

ही नहीं केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के इस्तीफे के बाद कृषि मंत्रालय का कार्यभार भी केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा को दिया गया है। झारखंड और छत्तीसगढ़ दोनों राज्य एक साथ 2000 में अस्तित्व में आए। दोनों राज्यों में काफी हद तक समानताएं हैं। आदिवासी बहुल और खनिज संपदा से संपन्न दोनों राज्यों में समस्याएं भी कमोबेश एक ही नक्सलवाद है। छत्तीसगढ़ में 33 प्रतिशत आदिवासी हैं तो झारखंड में 27 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है।छत्तीसगढ़ में एसटी के लिए 29 सीट आरक्षित हैं तो झारखंड में 28 सीटें। दोनों ही राज्यों के बीच बेटी-रोटी का रिश्ता है। इसलिए माना जाता है छत्तीसगढ़ में राजनीति का असर झारखंड में भी पड़ता है। अब जब छत्तीसगढ़ में भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता छीन ली है, तो प्रधानमंत्री मोदी का अगला निशाना झारखंड होगा। झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री झारखंड दौरे पर आए थे। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू भी गए थे, जहां उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ यहां से कई योजनाओं की शुरूआत हुई। झारखंड दौरे के दौरान प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा संग्रहालय भी गए, जहां भगवान बिरसा ने अंतिम सांस ली थी। झारखंड को प्रधानमंत्री मोदी का लॉन्चिंग पैड भी कहा जाता है। यहीं से प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना को भी लॉन्च किया था। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप मनाने की घोषणा मोदी पहले की कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ चुनाव में एक दर्जन से अधिक भाजपा नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेवारी दी गई थी, जिसमें कई विधायक भी शामिल हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 10 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार की कमान संभाली थी, जिसमें से आठ पर जीत मिली। राजमहल से विधायक अनंत ओझा ने 14 सीटों पर काम किया था, जिसमें सभी सीटों पर जीत हासिल हुई है।

## खबरें एक नजर में

### लोहरदगा मंडल कारागार में छापेमारी

**लोहरदगा।** लोहरदगा मंडल कारागार में प्रशासन की टीम ने शनिवार की सुबह छापेमारी की। इस दौरान जेल के कैदी वार्डों की तलाशी ली गई। प्रशासन की टीम ने गहनता से जेल की जांच की। करीब एक घंटे तक जेल में छापेमारी चली। इस दौरान डीसी ने जेलर और जेल कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने सुरक्षा के बिंदुओं पर जेल कर्मियों से जानकारी ली। लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक घंटे से ज्यादा समय तक पूरे जेल परिसर की जांच की। इस दौरान कैदियों के सामान की भी जांच की गई। इसके अलावा पूरे जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। हालांकि, जेल की जांच के दौरान पैसा, खैनी सहित छोटे-मोटे समान ही बरामद हुए हैं। किसी प्रकार का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया है। छापेमारी के दौरान जेल में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात नजर आए।

### कांग्रेस पूर्व विधायक को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार पर पार्टी में अंतर्कलह शुरू हो गई है। एक दूसरे के खिलाफ बागी बनकर उतर गये हैं। पहले अमरजीत भगत, बृहस्पत सिंह और अब विनय जायसवाल ने टीएस सिंहदेव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं कुमारी सैलजा और चंदन यादव भी कांग्रेस नेताओं के निशाने पर हैं। शुक्रवार को मीडिया से बातें करते हुए बृहस्पत सिंह ने टीएस सिंहदेव के साथ-साथ प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा पर निशाना साधा है। पार्टी नेताओं के खिलाफ आरोप लगाने वाले बृहस्पत सिंह के खिलाफ पीसीसी ने शनिवार को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह को जारी नोटिस में तीन दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। पीसीसी ने कहा है कि प्रदेश प्रभारी व वरिष्ठ नेताओं पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाये गये हैं। इस तरह के आरोप से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। लिहाजा पीसीसी ने इसे गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### कांग्रेस भ्रष्टाचार में लिप्त : हरीश द्विवेदी

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद हरीश द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त है। इसका उदाहरण झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू हैं। शनिवार को शास्त्री चौक पर कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरीश द्विवेदी ने कहा कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के पास से करोड़ों रुपये मिले हैं। आयकर विभाग का छापा निरंतर चल रहा है। आयकर विभाग ने देश में इसे सबसे बड़ी जपती बताई है। यह बहुत ही निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। जनता की गाढ़ी कमाई को कांग्रेस नेताओं द्वारा डंप करके इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मिटाओ अभियान में कांग्रेस का पर्दा उठ रहा है। कांग्रेस पार्टी अपने आप को जनता की हितैषी बता रही है लेकिन पीछे का मकसद कुछ और ही है।


### मोहन सिंह रावत गांववासी पंचतत्व में विलीन

हरिद्वार। उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह रावत गांववासी आज पंचतत्व में विलीन हो गए। कनखल स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार वैदिक रीति के साथ किया गया। बीते दिन पूर्व कैबिनेट मंत्री गांववासी का निधन हो गया था। उनकी पार्थिव देह आज कनखल स्थित श्मशान घाट लाई गई, जहां उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान स्व. गांववासी को जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों व अपार जन समूह ने उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बड़ी संख्या में राजनेता, संत, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी व बड़ी संख्या में उनके चाहने वाले मौजूद रहे।

# अहमदाबाद की पिच को आईसीसी ने दी औसत रेटिंग

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच, जिसने 19 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकदिवसीय विश्व कप 2023 के फाइनल मैच की मेजबानी की थी, को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा औसत रेटिंग दी गई है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, आईसीसी ने आठ वनडे विश्व कप 2023 मैचों के लिए पिच और आउटफील्ड रेटिंग की अपनी सूची जारी की और पांच भारतीय स्थानों को मिलाकर औसत रेटिंग दी गई।

प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल मैच की मेजबानी के अलावा, भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप 2023 का सबसे प्रतीक्षित मैच भी नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया था,जिसे आईसीसी के पिच सलाहकार एंडी एटकिंसन की सिफारिश पर औसत रेटिंग मिली। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे सेमीफाइनल मैच की मेजबानी करने वाले कोलकाता के ईडन गार्डन्स की पिच को भी औसत रेटिंग दी गई थी। इस बीच, ईडन गार्डन्स को भारत में विश्व कप 2023 के सभी आयोजन स्थलों में कुल मिलाकर सबसे अधिक पांच औसत रेटिंग प्राप्त हुई। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम को अच्छी रेटिंग दी गई।



## वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर सोलोमन का निधन

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जो सोलोमन का शनिवार को 93 साल की उम्र में निधन हो गया। विंडीज क्रिकेट ने एक्स पर लिखा, ÷अत्यधिक दुखद समाचार। गुयाना और वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज जो सोलोमन का आज निधन हो गया। वह उस रन आउट के लिए प्रसिद्ध थे जिसके कारण 1960 में गाबा में प्रसिद्ध टेस्ट टाई हुआ था। हम उनके परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले। अपने करियर में उन्होंने 1958 से 1965 के बीच कैरेबियाई टीम के लिए 27 टेस्ट खेले और 34 की औसत से 1326 रन बनाए। हालांकि उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से शुरुआत की और 26 साल की उम्र में डेब्यू किया।

# 14वें एशियाई कप वेटेरन टेबल टेनिस में भारत की तरफ से खेलेंगी गीता टंडन कपूर, जाएँगी थाईलैंड

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी, स्वर्ण पदक विजेता एवं आयकर अधिकारी गीता टंडन कपूर 14वें एशियाई कप वेटेरन टेबल टेनिस में भाग लेने के लिए बैंकाक, थाईलैंड जाएँगी। यह प्रतियोगिता बैंकाक, थाईलैंड में 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित की गयी है। इस प्रतियोगिता में गीता टंडन कपूर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए खेलेंगी ।

थाईलैंड टेबल टेनिस वेटेरन क्लब द्वारा भारत की तरफ से गीता टंडन कपूर खेलने एवं प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य है कि गीता टंडन कपूर ने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में भाग लिया है तथा देश के लिए कई स्वर्ण पदक जीतें हैं। इसके अतिरिक्त गीता टंडन कपूर कॉमन वेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन में सदस्य के रूप में नामित होने वाली पहली भारतीय महिला हैं।



गीता टंडन कपूर ने बताया हमारे आयकर विभाग के अधिकारीयों तथा सहकर्मियों ने हमेशा हमें प्रोत्शाहित किया है और उन सभी की शुभकामनाओं एवं आशीर्वाद से आज मैं इस मुकाम तक पहुंची हूँ

गीता टंडन कपूर की जीत की कामना करते हुए उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस के प्रेजिडेंट संजीव पाठक एवं आशीष कपूर, संजय टंडन, अरुण सत्यम, सुनील सिंह, आशुतोष झा, विवेक कोहली तथा समस्त कानपुरवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

टाइम्स बिज़नेस अवार्ड 2023 में डायनामिक वीमेन ऑफ़ दि ईयर से सम्मानित किया गया। उन्हें उत्तराखंड में पंडित एन डी तिवारी स्मृति सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह एक ऐसी प्रतिभाशाली महिला हैं जिन्होंने आयकर विभाग के दायित्वों को पूरा करने के साथ साथ समाज के उत्थान, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# शुगर मरीजों के लिए वरदान है शकरकंद

शकरकंद को स्वीट पोटैटो के नाम से भी जाना जाता है। ये एनर्जी का बहुत अच्छा सोर्स है। इसमें मौजूद विटामिन ए, मिनरल्स, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम और थायमिन जैसे एलिमेंट्स हैं। इसके नियमित सेवन से व्यक्ति का पेट भरा रहता है, जिससे भूख कम लगती है और वेट लॉस में मदद मिलती है। बता दें इसमें आलू से ज्यादा स्टर्च होता है। इसे खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं और इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। आइए आपको बताते हैं शकरकंद खाने के 5 लाजवाब फायदे....

### ब्लड शुगर रही है कंट्रोल में

डायबिटीज के मरीजों के लिए भी शकरकंद बहुत फायदेमंद है। इसमें मौजूद यौगिक रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मददगार है। ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए शकरकंद को उबालकर खा सकते हैं। लेकिन अगर आपका ब्लड शुगल लेवल पहले ही बढ़ा हुआ है तो इसे खाने से पहले डॉक्टर से सलाह ले लें।

### शरीर रहता है अंदर से गर्म

सर्दियों में मिलने वाली शकरकंद का असर गर्म होता है, इसलिए इन दिनों में इसे खाने फायदेमंद होता है। शकरकंद की गहरे रंग की प्रजाति में कैरोटिनॉयड जैसे बीटा- कैरोटीन और विटामिन ए ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। 100 ग्राम शकरकंद में 400 फीसदी से ज्यादा विटामिन ए पाया जाता है।



### इम्यूनिटी होती है स्ट्रांग

शकरकंद में मौजूद आयरन, फोलेट, कॉपर, मैगनीशियम, विटामिन्स आदि होते हैं, जिससे इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है। इसको खाने से स्किन में चमक भी आती है और चेहरे पर झुर्रियां नहीं पड़ती हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी त्वचा में कोलाजिन का निर्माण करता है, जिससे आप सदाबहार जवां और खूबसूरत रहते हैं।




### ब्लड प्रेशर रहता है कंट्रोल में

शकरकंद में अच्छी मात्रा में पोटैशियम होता है। इसे खाने से ब्लड प्रेशर की समस्या काफी हद तक कम होती है। इससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को कंट्रोल किया जा सकता है।

### आयरन की कमी होती है पूरी

शकरकंद में भरपूर मात्रा में आयरन होता है। इसकी कमी होने पर शरीर में एनर्जी नहीं रहती है, ब्लड सेल्स का निर्माण कम होता है और इम्यूनिटी भी कमजोर होती है। शकरकंद खाकर आप शरीर में आयरन को पूरा कर सकते हैं।

# बढ़ता जल संकट और गंभीर चुनौतियां

*संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जल संकट लगातार गहरा रहा है। कई राज्य भू-जल की कमी के चरम बिंदु को पार कर चुके हैं। रिपोर्ट में ऐसा अनुमान लगाया गया है कि पूरे उर-पश्चिमी क्षेत्र में 2025 तक गंभीर रूप से भू-जल संकट गहरा सकता है। यह काफी हद तक सच है। जलवायु परिवर्तन के दौर में मानसून और उस पर निर्भर जल संसाधनों पर खराब असर पड़ा है। इसका बड़ा उदाहरण हैदराबाद में 30 झीलों का सूख जाना है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार अगस्त में हैदराबाद की 185 झीलों में से 30 के सूखने की सूचना मिली थी। कुछ झीलों पर अति मण किया जा चुका है। शेखपेट, कुकटपल्ली, मेडचल-मल्काजगिरी और कुतुबुल्लापुर की झीलें सूखे से सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं, लेकिन यह संकट इससे भी कहीं ज्यादा गंभीर है।*



संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जल संकट लगातार गहरा रहा है। कई राज्य भू-जल की कमी के चरम बिंदु को पार कर चुके हैं। रिपोर्ट में ऐसा अनुमान लगाया गया है कि पूरे उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में 2025 तक गंभीर रूप से भू-जल संकट गहरा सकता है। यह काफी हद तक सच है। जलवायु परिवर्तन के दौर में मानसून और उस पर निर्भर जल संसाधनों पर खराब असर पड़ा है। इसका बड़ा उदाहरण हैदराबाद में 30 झीलों का सूख जाना है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार अगस्त में हैदराबाद की 185 झीलों में से 30 के सूखने की सूचना मिली थी। कुछ झीलों पर अतिक्रमण किया जा चुका है। शेखपेट, कुकटपल्ली, मेडचल-मल्काजगिरी और कुतुबुल्लापुर की झीलें सूखे से सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं, लेकिन यह संकट इससे भी कहीं ज्यादा गंभीर है। देश के कई हिस्सों को कई बड़ी नदियों के सूखने के साथ जल संकट का सामना करना पड़ता है। भारत में दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि देश के पास सिर्फ चार प्रतिशत जल संसाधन हैं। यह आंकड़ा भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा पानी की कमी वाले देशों में से एक बनाता है। यही वजह है कि पिछले कुछ साल से गर्मी आते ही पानी भारत में सोने की तरह कीमती चीज बनती जा रही है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार बड़ी संख्या में लोग जल संकट का सामना करते हैं। पानी की जरूरत के लिए भारत की अनियमित मानसून पर निर्भरता इस चुनौती को और बढ़ा रही है। इससे लाखों लोगों का जीवन और आजीविका खतरे में हैं। फिलहाल 60 करोड़ भारतीयों पर गंभीर जल संकट मंडरा रहा है और पानी की कमी और उस तक पहुंचने में आने वाली मुश्किलों की वजह से हर साल लगभग दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। 2030 तक देश की पानी की मांग, उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने का अनुमान है। इससे लाखों लोगों के लिए पानी की गंभीर कमी और देश के सकल घरेलू उत्पाद में करीब छह प्रतिशत का नुकसान होने का अनुमान है। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से पानी की चुनौतियां और बढ़ी हैं। लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन ने पानी के स्रोतों में बाढ़ या सूखे जैसी स्थिति पैदा कर दी है। नीति आयोग की भू-जल संरक्षण समिति के सदस्य उमाशंकर पाण्डेय का कहना है कि स्थिति तो सचमुच गंभीर है। मगर हार मानने से इसका हल नहीं होगा। इसके लिए सरकार के साथ सामुदायिक और स्वैच्छिक प्रयास बहुत जरूरी हैं। जल संरक्षण भी जरूरी है। साथ में पानी की बरबादी को भी रोकना होगा। वह कहते हैं कि बांदा जिले में उनके गांव जखनी में एक समय पानी की घोर कमी थी। हाल यह था कि डेढ़ सौ फीट पर भी पानी नहीं आता था। इसके लिए उन्होंने करीब साढ़े तीन दशक तक %खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ अभियान चलाया। पुरखों की इस विधि से गांव में शुरू किए गए सामुदायिक अभियान ने सूखे को मात दे दिया। पद्म श्री से सम्मानित उमाशंकर पाण्डेय का कहना है कि इस विधि की वजह से कुछ साल में ही बरसात का पानी खेतों में ठहरने लगा। खेतों में पानी की ठहराव होने की वजह से मिट्टी के क्षारीय स्वभाव में भी बदलाव आया। मिट्टी की उर्वरा शक्ति बेहतर हुई। दो साल की बारिश में मेड़ पर लगे अरहर और करौंदा जैसे छोटे पेड़ बड़े होकर मेड़ को मजबूती प्रदान कर फल भी देने लगे। 2018 में बांदा के तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. हीरालाल ने तो जखनी मॉडल को बुंदेलखंड के जलसंकट का स्थाई समाधान मानते हुए इसे प्रशासनिक प्रोत्साहन दिया। उन्होंने जखनी मॉडल को जिले की सभी 470 ग्राम पंचायतों में लागू किया। इसकी भनक नीति आयोग को लगी तो उसकी टीम ने इस मॉडल का निरीक्षण किया। टीम ने यह माना कि बुंदेलखंड जैसे सूखाग्रस्त इलाकों के लिए किसान समुदाय %खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़% के सूत्र का पालन कर जलसंकट से उबारने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।


# जब कोर्ट ने दिया जन्मभूमि का ताला खोलने का आदेश

राजीव गांधी केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री थे और एक फरवरी 1986 को नई दिल्ली के पालम हवाई अड्डा (इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) पर कैथोलिक इसाइयों के पोप जॉन पाल उतर रहे थे। हिंदू संगठन विरोध कर रहे थे क्योंकि सरकार ने उनको राजकीय अतिथि बनाया था। धर्मनिरपेक्ष देश में पोप को राजकीय अतिथि बनाए जाने पर हिंदू संगठन आपत्ति कर रहे थे।

'कारसेवा से कारसेवा' तक पुस्तक में गोपाल शर्मा लिखते हैं कि आंदोलन, विरोध, काला झंडा, मुर्दाबाद के बीच लाठी चार्ज और गिरफ्तारी का दौर भी जारी था। वहीं दूसरी तरफ फैजाबाद में इतिहास नया अध्याय लिख रहा था। ठीक इसी दिन 10 बजकर दो मिनट पर न्यायालय श्रीराम जन्म भूमि पर ताला खोलने का आदेश सुना रहा था। हिंदूओं ने न्यायालय में साफ कह दिया था कि विवादित स्थल के एक भाग में दीवार बनाकर राम चबूतरा और रामलला विराजमान को अलग इसलिए किया गया है ताकि अंग्रेजों की फूट डालो राज करो की नीति जारी रहे। यह अंग्रेजों की चाल थी कि पीछे के भाग को मस्जिद बताकर मुसलमानों को नमाज अदा करने के लिए प्रेरित किया जाए। जबकि यह संभव नहीं है, क्यों कि बाहर की तरफ हम हिंदुओं का कब्जा है।

हिंदू पक्ष ने तर्क यह भी दिया गया कि यदि उक्त स्थल पर मस्जिद कभी रही होती तो उसकी देखभाल और प्रबंधन के लिए मुतबल्ली रहता। जब मुतबल्ली रहता तो क्षतिग्रस्त भाग को ठीक कराने के लिए सरकार को कष्ट क्यों उठाना पड़ता। हिंदूओं के अकाट्य तर्कों के आगे न्यायालय में प्रतिवादी पक्ष की बोलती बंद हो गई। आखिरकार फैसला हिंदूओं के पक्ष में आया।

'कारसेवा से कारसेवा' तक पुस्तक के लेखक गोपाल शर्मा लिखते हैं कि 1966 से 1976 तक मामला लगभग ठंढा पड़ा रहा। लेकिन इस दौरान देश तीन प्रमुख घटनाओं से गुजर रहा थ। पहला तो देश में आपात काल लगा दिया गया। विपक्ष जेल में और अखबारों पर ताला लटका दिया गया। श्रीराम जन्मभूमि पर रिसीवर कौन बने यह बड़ा मुद्दा बना हुआ था। तीसरा निचली अदालत ने नया रिसीवर बना दिया और मामला हाईकोर्ट में चला गया। राम की अयोध्या पुस्तक में सुदर्शन भाटिया लिखते हैं कि 25 जनवरी 1986 का दिन। फैजाबाद कोर्ट में अधिवक्ता उमेश चंद्र पाण्डेय ने एक प्रार्थना पत्र मुंसिफ सदर कोर्ट में प्रस्तुत किया कि श्रीराम जन्मभूमि में ताला बंद है। जबकि अंदर पूजा-पाठ पिछले तीन दशकों से हो रहा है। ताला बंद होने से बाहरी श्रद्धालु अंदर नहीं जा पा रहे हैं और उनको उनकी आस्था और पूजा के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। इसके लिए विद्वान अधिवक्ता ने गोपाल सिंह विशारद मामले का हवाला देते हुए न्यायालय को बताया कि उक्त मामले में न्यायालय ने निषेधाज्ञा दे रखी है। यह हिंदुओं के पक्ष में हैं कि उनको पूजा-पाठ के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। लेकिन न्यायालय ने यह कहा कि चार प्रकार के मुकदमों को संयुक्त किया गया है और उससे संबंधित समस्त कागजात हाईकोर्ट में है, इसलिए कोई आदेश पारित करना संभव नहीं है। उमेश चंद्र पाण्डेय ने इसके बाद मामला फैजाबाद के ही जिला जज एम. के. पाण्डेय की अदालत में दायर कर दिया था। जिसके बाद न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि पर 35 सालों से बंद ताला खोलने का आदेश दिया। अयोध्या में 35 साल से बंद श्रीराम जन्मभूमि का ताला शनिवार की शाम को खुल गया। ताला खुलते ही समूचा वातावरण भगवान राम के जयकारों से गूंज उठा। पूरे अयोध्या कस्बे में धार्मिक स्थल का मुक्ति दिवस मनाया गया। जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर अयोध्या और आसपास सशस्त्र पुलिस बल तैनात कर दिया है। फैसले के समय भी



अदालत के बाहर भारी भीड़ जमा थी। जिला व सत्र न्यायाधीश कृष्ण मोहन पाण्डेय ने शनिवार को वकील उमेश चंद्र पाण्डेय की याचिका पर ताला खोलने का आदेश दिया। ताला खोलने की मांग को लेकर पिछले साल बिहार के सीतामढ़ी से लेकर दिल्ली तक रथयात्रा शुरू की गई थी। अनेक धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने आंदोलन शुरू कर दिया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक भी अदालत में हाजिर हुए थे। जिला मजिस्ट्रेट ने अदालत को कहीं भी ताला लगाने का उल्लेख नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने कोर्ट से कहा कि बिना ताला लगाए भी उक्त स्थान की सुरक्षा हो सकती है।